e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 303
शनिवार
09.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सुनना सिख लो तो सहना सिख जाओगे और सहना सिख लिया तो रहना सिख जाओगे!




## क्विक न्यूज

### एफएसएसएआई ने राज्यों से पर्यटन स्थलों पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली** : आने वाले चार-पांच महीने टूरिज्म के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहने वाले हैं। इसको देखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इसके साथ राज्यो एवं केंद्र शासित प्रदेशों से ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के गोदामों पर निगरानी बढ़ाने और डिलीवरी कर्मियों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अपनी केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) की 45वीं बैठक आयोजित की। इस बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नवंबर से मार्च तक पर्यटन के मौसम के मद्देनजर उच्च खाद्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर निगरानी बढ़ाने का आग्रह किया गया। एफएसएसएआई ने आगामी पर्यटन सीजन के दौरान लोकप्रिय पर्यटक स्थलों पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए, राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को इन स्थलों पर सचल खाद्य प्रयोगशाला (फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल लैब) का उपयोग करने की सलाह दी।

### दिल्ली के कई क्षेत्रों में एक्यूआई 400 के पार, लोगों का सांस लेना दूभर

**नई दिल्ली** : दीपावली और छठ पर्व के बाद राजधानी के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 383 दर्ज किया गया। लोगों का सांस लेना भी दूभर होता जा रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दिल्ली को फिलहाल प्रदूषण से कोई राहत मिलने वाली नहीं है, क्योंकि दिल्ली में कोई बारिश के आसार नहीं है। शुक्रवार को दिल्ली में सबसे अधिक एक्यूआई बवाना में रिकॉर्ड किया गया, जहां प्रदूषण का स्तर 440 के पार चला गया। इसके साथ करीब 16 स्थानों में एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शुक्रवार को मंदिर मार्ग पर एक्यूआई 374, चांदनी चौक में 280, आईटीओ में 361, इंडिया गेट में 388, पूसा दिल्ली में 347, शादीपुर 377, न्यू मोतीबाग 415, अशोक विहार में 401, पटपड़गंज में 402, आरके पुरम में 394, नेहरू नगर में 404, वजीरपुर में 412, पंजाबी बाग में 409, सोनिया विहार में 402, आनंद विहार में 412, विवेक विहार में 410 एक्यूआई दर्ज किया गया।

### सोपोर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादी मार गिराए

**बारामुला** : जम्मू-कश्मीर में बारामुला जिले के सोपोर के सागीपोरा इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार देरशाम विशेष सूचना पर पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने सोपोर के सागीपोरा इलाके की घेराबंदी कर आतंकवादियों की तलाश शुरू की। इस दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई। कुछ देर बाद आतंकियों ने गोलीबारी बंद कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर अभियान रोक दिया गया। आज सुबह दोबारा अभियान शुरू किया गया। आतंकियों ने एक बार फिर से गोलीबारी की। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान जारी है।

### किश्तवाड़ में दो विलेज डिफेंस गार्ड की हत्या

**किश्तवाड़** : जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों ने विलेज डिफेंस गार्ड के दो सदस्यों की गोली मार कर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि ओहिल कुंतवाड़ा निवासी विलेज डिफेंस गार्ड कुलदीप कुमार पुत्र अमर चंद और नजीर अहमद पुत्र मोहम्मद खालिद का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया। इसके बाद दोनों की गोलियों से भून दिया। आतंकवादी समूह कश्मीर टाइगर्स ने घटना की जिम्मेदारी लेते हुए सोशल मीडिया पर दोनों की कथित तस्वीरें साझा की हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

# आदिवासियों और दलितों का विकास नहीं देखना चाहती भाजपा : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार** : हेमंत सोरेन ने कुंदरी में झामुमो प्रत्याशी बैद्यनाथ राम के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और वोट मांगा।
मौके पर मुख्यमंत्री ने महगठबंधन प्रत्याशी बैद्यनाथ राम के पक्ष में मतदान करने की बात कही। कहा कि 3 नंबर के बटन को इतना दबायें की इसकी टीटी की आवाज दिल्ली की कान फाड़ दे। आपके लिए फिर से बैद्यनाथ राम को हमलोगों ने प्रत्याशी के रूप में खड़ा किया है। आप लोगों को फिर से इन्हें जिताना है। इसी के लिए मैं आपके पास वोट मांगने आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग गिद्ध और कौवा की तरफ मंडरा रहे हैं, यहां के खनिज संपदा लूटने के लिए। इससे सावधान रहें। उन्होंने कहा कि आपको मालूम है कि हमारी सरकार को पांच साल का कार्यकाल भी पूरा नहीं होने दिया गया। एक महीना पहले चुनाव की घंटी बजा दी गई। क्योंकि ये नहीं चाहते कि यहां के मूलवासी, आदिवासी यहां पूरे पांच साल पूरा कर सकें। दो ढाई साल तो कोरोना ही खा गया, और दो ढाई साल हमलोग विपक्ष से लड़ते रहें। झारखंड अलग होने के बाद कोई इतिहास नहीं है कि समय से पहले कभी चुनाव हुआ है। कौन सा विपत्ति है कौन सा आपदा आ गया, समय से पहले आप चुनाव करा रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि चुनाव आयोग के पास अधिकार है।

### महिला सशक्तिकरण के बीच एक लंबी लकीर खींची है

सीएम ने कहा कि हमलोगों ने महिला सशक्तिकरण के बीच एक लंबी लकीर खींची है। आने वाला समय में आप अपने पैरों में खड़ा हो इसलिए मुख्यमंत्री मईयां योजना हमलोगों ने चलाया है । आगे कहा कि मईयां सम्मान योजना की राशि दिसंबर से ढाई हजार रुपया होने जा रहा है। हमलोगों ने जितनी बिजली का बिल बकाया था। सबको माफ कर दिया चाहे वह एक लाख, दो लाख, डेढ़ लाख पच्चास हजार या पांच हजार हो। पहले बिजली बिल तो हर महीना आता था, लेकिन बिजली नहीं आती थी। लेकिन अब बिजली आपके घर में 24 घंटा रहेगा।

### लातेहार जिले में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं

जनसभा में जेएमएम प्रत्याशी बैद्यनाथ राम ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में झारखंड के हर एक निवासी के लिए सरकार योजनाएं चलाई है।लातेहार जिले में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। आने वाले 5 वर्षों में कई ऐतिहासिक कार्य होंगे ।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव अरुण कुमार दुबे समेत समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।




### केंद्रीय एजेंसिया भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बनकर रह गई है

सीएम ने कहा कि केंद्रीय एजेंसिया भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बनकर रह गई है। पूरे देश के विपक्ष को निरस्तनाबूत करने में लगा हुआ है। जो इसके विरूद्ध आवाज उठाता है। उसे जेल में डाल दिया जाता है। कहा कि हमको भी बिना सबूत में जेल में डाल दिया गया। आज हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट हमें बरी कर दिया। हमारा सरकार गिराने में हमारे विधायक व सांसद को खरीदने में ये षड्यंत्र रचते रहते हैं।

### विपक्ष के लोग तरह-तरह के षड्यंत्र रचते हैं

सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग तरह-तरह के षड्यंत्र रचते हैं। उनके पास विकास को लेकर कुछ नहीं है। सिर्फ हिंदू मुस्लिम घुसपैठी है। इसी तरह लड़वा-कटवा कर वोट छीनने का प्रयास करते हैं। फूट डालो राज करो कि राजनीति चलता है। हमलोगों का जो राज्य का खनिज संपदा है। इस पर उनकी पूरी नजर है।इसलिए अभी यह पूरे राज्य में गिद्ध की तरह मंडरा रहे हैं। पूरे देश के एक दर्जन मुख्यमंत्री बीजेपी पार्टी का डेरा डाले हुए हैं। झारखंड में गृहमंत्री और प्रधानमंत्री चक्कर काट रहे हैं।

# शनिवार को चलेगा वोट देने चलो अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि इस बार विधानसभा चुनाव के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु कुल 2,60,814 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है। पोस्टल बैलेट के ये आवेदन पूर्व के किसी भी आम चुनाव से अधिक हैं। इससे संभावना है कि पहले के चुनाव की अपेक्षा इस बार पोस्टल बैलेट से मतदान में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सुबह 5.30 बजे से मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू होगी। सभी पोलिंग एजेंट से अपेक्षा की जाती है कि वे मॉक पोल के समय निश्चित रूप से अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहें। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रही थीं। इस अवसर पर उनके द्वारा स्वीप से संबंधित प्रचार सामग्रियों को भी जारी किया गया।उन्होंने कहा कि वोट देने चलो सोशल मीडिया अभियान निर्वाचन आयोग की ओर से एक साथ पूरे राज्य में शनिवार को चलाया जाएगा। समय रहेगा शाम 5 से 7 बजे का। इसमें बीएलओ और बैग सुबह से मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम करेंगे। कार्यक्रम के फोटो, वीडियो, आडियो आदि को वे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वोट देने चलोके साथ पोस्ट एवं शेयर करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में आमजन के साथ मीडिया के लोग भी अपने सोशल मीडिया एकाउंट से निर्वाचन संबंधी जागरूकता के कंटेंट इस हैशटैग के साथ पोस्ट एवं शेयर जरूर करें।उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में अभी तक कुल 47 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है।

# आदिवासियों को 26 की जगह 28 प्रतिशत रिजर्वेशन देंगे : राहुल




**प्रभाात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के लोहरदगा व सिमडेगा में राहुल गांधी ने एक चुनावी सभा को संबोधित किया. यहां राहुल गांधी ने आदिवासियों को वनवासी कहे जाने पर आपत्ति जताई. उन्होंने कहा कि आप वनवासी नहीं बल्कि आदिवासी हैं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वे सत्ता में आते हैं तो 50 प्रतिशत रिजर्वेशन की दीवार को गिरा देंगे. इसके साथ ही आदिवासियों को 26 प्रतिशत की जगह 28 प्रतिशत रिजर्वेशन देंगे. राहुल गांधी ने कहा कि देश में आज दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है. उन्होंने कहा कि देश में आदिवासियों, दलित और पिछड़ा वर्ग की भागीदारी ना के बराबर है.
उन्होंने कहा कि आज को जो भी अधिकारी चलाते हैं उनमें एक भी अधिकारी आदिवासी नहीं है. उन्होंने कहा कि आज कहीं भी आदिवासी, पिछड़ा और दलित वर्ग दिखाई नहीं देता है. ना कॉरपोरेट में, ना मीडिया में और ना ही अन्य बड़ी जगहों पर. राहुल ने कहा कि जब वे जातीय जनगणना की बात करते हैं तो उन्हें कहा जाता है कि वे बांटने वाली राजनीति कर रहे हैं, लेकिन इससे देश बंटेगा नहीं बल्कि मजबूत होगा.अपनी सभा सभा में राहुल गांधी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है बल्कि इसमें बिरसा मुंडा, बाबा साहेब अंबेडकर और महात्मा गांधी जैसे लोगों की सोच है. ये संविधान देश के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और गरीबों की रक्षा करता है. राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के लोग आदिवासियों को वनवासी कहते हैं.
अग्रेज भी आपको वनवासी कहते थे. तब बिरसा मुंडा ने आपके जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी. आज हम भी आपके लिए लड़ रहे हैं. राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी आपके जल जंगल और जमीन छीनना चाहती है.

# महाराष्ट्र को अगले 5 साल में प्रगति को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**मुंबई** : महाराष्ट के विधानसभा चुनाव की हलचल तेज होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महाराष्ट के धुले में चुनावी रैली को संबोधित कर चुनाव प्रचार का आगाज किया। उन्होंने सभा में आई जनता का आभार जताया और महाविकास अघाड़ी (एमवीए) पर जमकर बरसे। पीएम ने कहा, महाराष्ट से मैंने जब भी कुछ मांगा है, महाराष्ट के लोगों ने दिल खोलकर मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं आपके बीच यहां धुले आया था। मैंने आपसे महाराष्ट में भाजपा सरकार के लिए आग्रह किया था। आपने महाराष्ट में 15 साल के सियासी कुचक्र को तोड़कर भाजपा को अभूतपूर्व जीत दिलाई थी। आज मैं एक बार फिर यहां धुले की धरती पर आया हूं। धुले से ही मैं महाराष्ट में चुनाव अभियान की शुरुआत कर रहा हूं।



**आज मैं एक बार फिर यहां धुले की धरती पर आया हूं। धुले से ही मैं महाराष्ट्र में चुनाव अभियान की शुरुआत कर रहा हूं।**

पीएम मोदी ने कहा,महाराष्ट की जनता-जनार्दन ने विधानसभा चुनाव में भाजपा नित एनडीए की विजय का शंखनाद कर दिया है। विकसित महाराष्ट-विकसित भारत के लिए हमारी बहनों-बेटियों का जीवन आसान बनाना, उन्हें सशक्त करना बहुत जरूरी है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा समाज तेजी से प्रगति करता है। इसलिए, पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने महिलाओं को केंद्र में रखकर बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा,भाजपा ने हमेशा सबका साथ-सबका विकास की नीयत से काम किया है। इस संकल्प का प्रमुख हिस्सा हमारा आदिवासी समाज भी है। ये वो समाज है, जिनका देश की आजादी में, देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन कांग्रेस और उसके साथियों ने कभी आदिवासी गौरव, आदिवासी स्वाभिमान पर ध्यान नहीं दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पिछले ढाई साल में महाराष्ट के विकास की जो गति मिली है, उसे रुकने नहीं दिया जाएगा। अगले 5 साल महाराष्ट की प्रगति को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

## उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य के साथ महापर्व छठ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के चौथे दिन शुक्रवार को छठव्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर इस महापर्व का समापन किया. बड़ी संख्या में छठ व्रती उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए छठ घाटों पर पहुंचे और तालाबों और पोखरों के पानी में डुबकी लगाने के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया. सभी ने अपने और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की.छठ घाटों पर अर्घ्य देने के लिए छठव्रतियों के लिए छठ पूजा समिति की ओर से दूध का वितरण किया गया. साथ ही भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देकर घर लौट रहे छठव्रतियों के लिए शर्बत और पानी की व्यवस्था की गई.नहाय-खाय के दूसरे दिन चावल और गुड़ से बने प्रसाद को भगवान को अर्पित करने के बाद छठ व्रती उस प्रसाद को ग्रहण करती हैं. जिसके बाद छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाता है. पर्व के तीसरे दिन तालाबों, पोखरों और नदियों में खड़े होकर छठ व्रती अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद अपने घर लौटती हैं. पर्व के अंतिम दिन छठव्रती सुबह-सुबह छठ घाट पर पहुंचती हैं और उगते हुए भगवान भास्कर को दूसरा अर्घ्य देने के बाद अपना 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त करती हैं. बिहार-झारखंड में छठ पर्व का विशेष महत्व है.बिहार-झारखंड के लगभग हर घर में छठ पर्व पूरी आस्था और भक्ति के साथ मनाया जाता है. साथ ही छठ में शुद्धता का भी पूरा ख्याल रखा जाता है. चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है.



## अगर मैंने किसी का दिल दुखाया हो तो माफी चाहूंगा : सीजेआई चंद्रचूड़

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ रविवार को पद से मुक्त हो जाएंगे। लेकिन 9 और 10 तारीख को शनिवार व रविवार को कोर्ट की छुट्टी रहेगी। इसलिए, उनके सम्मान में विदाई समारोह आज ही आयोजित किया गया। सुप्रीम कोर्ट में आज उनका अंतिम कार्य दिवस है। 10 नवंबर को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे। वह देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे।न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर 2022 को भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी।
13 मई 2016 को उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय से पदोन्नत किया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने विदाई समारोह के मौके पर भावुक होते हुए कहा, रात को मैं सोच रहा था कि दोपहर दो बजे कोर्ट खाली होगा और मैं स्क्रीन पर खुद को देख रहा होउंगा। आप सभी की मौजूदगी से मैं अभिभूत हूं। सीजेआई ने कहा, जब मैं छोटा था, तो सुप्रीम कोर्ट में आकर यहां की कार्यवाही और कोर्ट में लगी दो तस्वीरों को देखता था।



# उदीयमान सूर्य को अर्घ देकर छठ मइया से मांगी मन्नतें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। सूरज की पहली किरण के साथ ही छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर मन्नतें मांगी। अहले सुबह से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।

**सूर्य की आराधना से गूंज उठे घाट**

व्रती महिलाएं और श्रद्धालु सूर्योदय से काफी पहले ही जलाशयों और नदियों के किनारे स्थित छठ घाटों पर जुट गए थे। छठ माई के गीतों की गूंज और भक्तिमय माहौल ने घाटों पर अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। व्रती अपने घरों से मौसमी फलों, पूजन सामग्री, और दऊरा-सूपा लेकर निकल पड़े। घाटों पर पहुंचने के बाद, व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर सूर्य के उदय की प्रतीक्षा की और सूर्यदेव के दर्शन होते ही उन्हें कच्चे दूध और जल का अर्घ्य दिया।

**सदियों पुरानी आस्था और एकता की मिसाल**

पूजा, हवन, और आरती के बाद छठ माई का प्रसाद बांटा गया, जिसे पाने के लिए श्रद्धालु घाटों पर घंटों इंतजार करते रहे। भगवान भास्कर की पूजा के बाद व्रती महिलाओं ने अपने अखंड सौभाग्य की कामना के प्रतीक के रूप में सिंदूर विवाहित महिलाओं की मांग में लगाया। इस महापर्व में हर वर्ग और धर्म के लोगों ने सहभागिता की, जिससे गढ़वा में आस्था और एकता का अद्भुत संदेश दिया गया।

**विभिन्न घाटों पर भक्तों का उमड़ा सैलाब**

जिला मुख्यालय स्थित दानरो नदी के स्टूडेंट क्लब घाट, टी ग्रुप घाट, फ्रेंड्स घाट, जय देवी संघ घाट, छठ सेवा समिति, सहीजना और अन्य प्रमुख घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अ?र्घ्य अर्पित कर उनकी कृपा और मंगलमय आशीर्वाद की कामना की। इसके अलावा, सहिजना सूर्य क्लब, देवी धाम घाट, और जागृति क्लब के घाट पर भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

**प्रशासन की सजगता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

गढ़वा जिला प्रशासन ने महापर्व छठ के अवसर पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई थीं। हर घाट पर पुलिस के अधिकारी और जवान तैनात थे। रंका मोड़ से छठ घाट तक जाने वाली सड़कों पर बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध किया गया था। साथ ही, सुरक्षा की दृष्टि से दोपहिया वाहनों का भी घाट पर प्रवेश प्रतिबंधित था। पुलिसकर्मियों को वर्दी के साथ-साथ सादे कपड़ों में भी तैनात किया गया था ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके।

**साफ-सफाई और सजावट की चमक**

छठ पर्व की भव्यता को बढ़ाने के लिए विभिन्न क्लब और समितियों ने घाटों की सजावट पर विशेष ध्यान दिया। छठ घाट जाने वाले सभी रास्तों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया, जिससे पूरा शहर रोशनी में नहा उठा। घाटों की व्यवस्था के लिए स्थानीय पूजा समितियों द्वारा लाइटिंग, साउंड सिस्टम, टेंट, और बैठने की व्यवस्था की गई थी। नगर परिषद ने घाटों की ओर जाने वाले रास्तों की सफाई की थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु**

गढ़वा का छठ पर्व न केवल झारखंड बल्कि अन्य राज्यों में भी प्रसिद्ध है। छठ व्रत करने के लिए झारखंड के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से भी श्रद्धालु गढ़वा पहुंचे। दानरो नदी का मुख्य छठ घाट श्रद्धालुओं का प्रमुख केंद्र बना, जहां स्थानीय समितियों ने व्रतियों की हर जरूरत का ध्यान रखा।

**क्लबों द्वारा भव्य मेले का आयोजन**

गढ़वा के विभिन्न क्लबों जैसे फ्रेंड्स क्लब, स्टूडेंट्स क्लब, जय देवी संघ, टी ग्रुप, जागृति क्लब, सूर्य क्लब, छठ सेवा समिति सहिजना, ओम क्लब और अन्य संगठनों ने छठ मेले का आयोजन किया। मेले की भव्यता और आकर्षक सजावट को देखने के लिए दूर-दराज से लोग गढ़वा पहुंचे।

**श्रद्धालुओं की सेवा में जुटी स्थानीय समितियां**

स्थानीय पूजा समितियों के सदस्य छठ व्रतियों को हर संभव सुविधा प्रदान करने के लिए दिन-रात तत्पर दिखे। उनके प्रयासों से गढ़वा के घाटों पर साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था बेजोड़ रही। समिति के सदस्यों ने प्रसाद, लाइटिंग, टेंट, और अन्य आवश्यकताओं की पूरी तैयारी की थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## धर्म रक्षा वाहिनी ने छठ व्रतियों के बीच किया फल वितरण



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छठ महापर्व पर इस वर्ष भी धर्म रक्षा वाहिनी द्वारा गढ़वा स्थित श्री कृष्ण गौशाला परिसर के नजदीक मदरसा रोड के सामने छठव्रतीयों के बिच प्रसाद सामग्री के रूप में फल वितरित किया गया। प्रसाद सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद प्रकाश दूबे उर्फ अनु दुबे, उपेन्द्र सिंह, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अनिल पाण्डेय, अवधेश कुशवाहा, सुरेश मेहता, भोला गुप्ता, नितेश सिंह, राजकुमार कुशवाहा, विशाल श्रीवास्तव सहित धर्म रक्षा वाहिनी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल थे।

## छठ पर्व को लेकर पुलिस रही मुस्तैद



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुरक्षा व्यस्था को लेकर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव व हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने हुसैनाबाद शहर के जेपी चौक के समीप बाबा विश्वनाथ भास्कर छठ पोखरा घाट, नहर मोड़ नहर किनारे स्थित छठ घाट सहित अन्य छठ घाटों का भ्रमण किया। वही जेपी चौक स्थित बाबा विश्वनाथ भास्कर सूर्य मंदिर में तैनात आईआरबी के जवानों को दिशा निर्देश दिया। जिसमे कहा कि ज्यादा भीड़ की स्थिति होने पर कड़ी नजर बनाये रखे। थाना प्रभारी ने छठ व्रतियों से अपील किया है कि किसी प्रकार की समस्या होने पर छठ घाट पर तैनात पुलिस के जवानो को बताये। उधर हैदरनगर थाना प्रभारी ने भाई बिगहा, संतोषडीह, कन्नौद, मुख्य छठ घाट हैदरनगर शिवालय, कुकही स्थित सूर्य मंदिर, कोइरी मोहल्ला समेत विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिया। घाटों पर तैनात पुलिस अधिकारियों व जवानों को कई दिशा निर्देश दिया।

# छठ व्रत कर खुशहाली की किया गया कामना : प्रदेश अध्यक्ष कुंदन ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत मुकुंदपुर में स्थित सूर्य नारायण वन मंदिर में आयोजित छठ महापर्व पर झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह ओबीसी कर्मचारी पदाधिकारी महासंघ झारखंड प्रदेश के संस्थापक कुंदन कुमार ठाकुर ने पहली बार व्रत धारण कर विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान श्री ठाकुर के साथ भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा, महिला समाज सेविका अनीता शर्मा, पूजा शर्मा, निरंत शर्मा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से छठ महा पर्व का व्रत धारण किया। उन्होंने छठी मईयां से झारखंड प्रदेश के सभी आउटसोर्सिंग कर्मी एवं अनुबंध कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना भी की। साथ ही उन्होंने भवनाथपुर क्षेत्र सहित संपूर्ण देशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर, कुंदन कुमार ठाकुर ने सभी लोगों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक करता है और हमें एकता और सद्भावना के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। छठी मईयां की कृपा से हमारा जीवन सुखी और समृद्ध हो और हमारा समाज एकता और सद्भावना के साथ आगे बढ़ने का कामना किया गया।

# पर्यावरणविद डॉ. कौशल ने क्षेत्र के लोगों की सुख शांति के लिए भगवान भास्कर को दिया अर्घ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उत्तरप्रदेश के कोन थाना के पांडव नदी के पावन छठ घाट पर उपस्थित विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ. कौशल किशोर जायसवाल और डाली बाजार पंचायत के मुखिया सह बीपीएसए प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने छठव्रतियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरणविद डॉ कैशल ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के कोन थाना अंतर्गत संस्था के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल और छठ व्रततीयों के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ आम का पौधा लगाकर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रो की शपथ भी दिलाई।



पर्यावरण धर्म गुरु डॉ.कौशल ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हुए छठ पूजा में आम की लकड़ी की विशेषता के बारे में बताते हुए कहा कि अगर अभी से ही लोग आम के पौधे पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाएंगे तो एक दिन ऐसा वक्त आयेगा कि लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए घी से भी अधिक कीमत पर आम की लकड़ी खरीदना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पहले के राजा महाराजा आम के बगीचा लगते थे। परंतु प्रकृति के नियम परिवर्तन के अनुसार पुराने वृक्ष आम का समाप्त होते जा रहे हैं। इसलिए नए पौधे लगाना अत्यंत जरूरी है। मौके पर संस्था के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, अंजली देवी, डॉ नंद गोपाल, चंद्रगोपाल, वर्षा रानी, रिया रानी, डॉ पदम जायसवाल, डॉ अभिषेख, पुष्पा देवी, विद्यासागर जायसवाल, आशा देवी, अरविंद, आशिश, संतोष प्रजापति उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की की हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर पुलिस नें गुरुवार को नाबालिक लड़की लाडली खातुन का हत्यारा तलेया बभंडी निवसी अमित सिंह पिता देवनारायण सिंह उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तलेया बभंडी निवासी स्व मुर्तजा अंसारी के पुत्री लाडली खातुन की हत्या कर एक कुआं में डाल दिया गया था जिसे सोमवार को कुएं से शव बरामद किया गया था। मृतका की मां तैबुन बीबी नें शनिवार को चैनपुर थाना में आवेदन देकर कहा था कि उसकी पुत्री लाडली खातून शुक्रवार की शाम से गायब है। चैनपुर थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा नें बताया कि अमित सिंह को शक के आधार पर गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो अमित सिंह नें नाबालिग के हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि अमित सिंह गांव के ही किसी लड़की से प्यार करता था जिसकी जानकारी लाडली खातून को हो गई थी भेद खुलने के डर से वह उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि वह शुक्रवार की शाम लाडली खातून जब कपड़ा देकर वापस लौट रही थी तो सुनसान जगह देखकर वह लड़की का मुँह बंद कर कुएं से कुछ दूर एक पुराने अर्ध निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र में लेजाकर गला दबाकर हत्या कर दिया था तथा रात्री में मौका देखकर बृजेश दूबे के कुआं में डाल दिया था। थाना प्रभारी नें बताया कि अमित सिंह अकेला ही घटना को अंजाम दिया था।

## तालाब में डूबने से नाबालिग लड़के की मौत, नहाने के दौरान हुआ हादसा

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के कोशियारा निवासी अमरेश चौरसिया के नाबालिक पुत्र प्रद्युम्न चौरसिया की मौत तालाब में डूबने से हो गई। मृतक के पिता अमरेश चौरसिया ने बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र प्रद्युम्न अपने मामा अजय चौरसिया के घर छठ पूजा में नगवां गया था। उपस्थित लोगों के अनुसार गुरुवार के सुबह में करीब 10 बजे छठ घाट लीपने अपने ममेरा भाईयो के साथ नगवा गांव के तालाब पर गया था। इसी क्रम में कुछ बच्चे नहा रहे थे उसी को देखकर प्रदुमन भी नहाने लगा पर प्रद्युमन को तैरने नहीं आता था जिस कारण गहरे पानी में जाने से वह डूब गया। कुछ देर बाद ममेरे भाई उसे खोजने लगे तो वह नहीं मिला बाद में डुबने के आशंका व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों के सहयोग से तालाब में खोजने लगे जहां से उसे बाहर निकाल कर शहर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर इस संदर्भ में चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि इस संबंध में अब तक थाना में लिखित आवेदन नहीं मिला हैं।

# पुष्पा देवी ने किया पाटन के विभिन्न गांवो का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी पुष्पा देवी ने पाटन थाना क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया. इस दौरान उन्हें आम जनों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त हुआ. पुष्पा देवी का काफिला किशनपुर में पहुंचा. यहां सैकड़ो लोगों ने इनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद पुष्पा देवी दर्जनों गांव का सघन दौरा किया। इस दौरान उनके साथ उपस्थित किशनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उमेश सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी के पक्ष में जबरदस्त जन सैलाब उमड़ पड़ा है। पूरे क्षेत्र में मोदी लहर दिख रहा है। लव कुमार मेहता ने कहा कि पुष्पा देवी सबसे योग प्रत्याशी हैं। इन्हें क्षेत्र में लोगों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त हो रहा है। सभी लोगों का रुझान भारतीय जनता पार्टी की तरफ है। इस दौरान मुकेश सिंह, राजीव रंजन उपाध्याय सहित कई लोग उनके साथ थे।

# सोनू यादव ने किया मिथिलेश ठाकुर का समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी सह झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का जनाधार चुनाव प्रचार में लगातार बढ़ता दिख रहा है। नित्य प्रतिदिन उनसे जुड़ने वालों का तांता लगा हुआ है। उनकी यह कड़ी छठ के दिन और मजबूत हो गई। जब उनके खिलाफ चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी सोनू कुमार यादव सहित कई अन्य नेताओं ने झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को समर्थन का ऐलान कर दिया। सोनू यादव ने कहा कि अब वह और उनकी टीम मिथिलेश ठाकुर को जिताने में अपनी पूरी ऊर्जा को लगा देगी। गुरुवार को मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर जेएलकेएम प्रत्याशी श्री यादव सहित राष्ट्रीय समानता पार्टी के पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी ब्रजेश तुरी, वीआईपी पार्टी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी आदि ने मंत्री श्री ठाकुर को अपना समर्थन दे दिया। सभी लोग अपने समर्थकों के साथ मंत्री श्री ठाकुर की जीत सुनिश्चित करने में लग गए हैं। मिथिलेश ठाकुर



के खिलाफ चुनावी समर में कूदने वाले प्रत्याशियों के समर्पण से गढ़वा विधान सभा चुनाव का माहौल दिलचस्प दिखने लगा है। सोनू यादव की मानें तो मिथिलेश कुमार ठाकुर पूरे झारखंड के एकलौते ऐसे विधायक हैं जिन्होंने सर्वाधिक विकास का कार्य किया है। सही मायने में गढ़वा का विकास इन्हीं के हाथों पूर्ण हो सकता है। यह उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों की प्रतिक्रिया से ज्ञात हुआ। वह चुनाव लड़कर गढ़वा के विकास में अवरोधक बनने का कलंक नहीं लेना चाहते हैं। यही कारण है कि वह झामुमो प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि युवाओं की सोचने समझने की क्षमता काफी विकसित होती है। इनके निर्णय का मैं आभारी हूं। जिन्होंने काफी सोच समझकर समर्थन देकर गढ़वा के विकास में अपना सहयोग प्रदान किया है। इनका निर्णय बहुत ही काबिले तारीफ है। इन्होंने पूरे राज्य में ही नहीं बल्कि पूरे देश में यह संदेश दिया है कि युवाओं के पास मुद्दा विकास और अपने हक अधिकार का है। इसके लिए वे हर बेहतर कार्य करने को तत्पर हैं। इन युवाओं का निर्णय अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। वीआईपी पार्टी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी ने भी अपनी पूरी टीम के साथ इंडिया गठबंधन का समर्थन दिया है। मैं इनका भी आभारी हूं। इन सबों ने समाज को हिंदू, मुस्लिम एवं जात-पात में बांटने वाली ताकतों को करारा जवाब दिया है। ये सभी मिलकर समाज को नई दिशा देने के लिए संकल्पित है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष औबेदुल्ला हक अंसारी, जवाहर पासवान, परेश तिवारी, अनिता दत्त, नवीन तिवारी, जितेंद्र सिंहा, कंचन साहू, नीरज तिवारी, आशीष अग्रवाल, आशुतोष पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## छठ मईया से मन की मांगी मुरादे, उदीयमान सूर्य को अर्घ देकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ उगते सूर्य को अ?र्घ्य अर्पण के साथ शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। सूरज की पहली किरण के साथ ही छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अ?र्घ्य देकर मन की मुरादे पूरा करने की मन्नतें मांगी। गुरुवार को अहले सुबह से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।व्रती महिलाएं और श्रद्धालु सूर्यास्त से काफी पहले ही जलाशयों और नदियों के किनारे स्थित छठ घाटों पर जुट गये थे। छठ माई के गीतों की गूंज और भक्तिमय माहौल ने घाटों पर अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। व्रती अपने घरों से मौसमी फलों, पूजन सामग्री, और दऊरा-सूपा लेकर निकल पड़े। घाटों पर पहुंचने के बाद, व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर सूर्य के डूबने की प्रतीक्षा किया और अस्त होते सूर्यदेव अर्घ दिया।इससे पूर्व बुधवार को सूर्य मंदिर स्थित बांकी नदी के घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिये श्रद्धालुओ की बड़ी भीड़ जुटी थी।पूजा और आरती के बाद सभी व्रतियों ने अपने अपने थाला जगाते हुये रात बिताई।रात भर छठ मइया के गीतों से घाट गूँजते रहे। सुबह सूर्योदय के साथ अर्घ देने का सिलसिला चल पड़ा,जो काफी देर तक चला। उसके बाद छठ माई का प्रसाद बांटा गया। जिसे पाने के लिए श्रद्धालु घाटों पर घंटों इंतजार करते रहे। भगवान भास्कर की पूजा के बाद व्रती महिलाओं ने अपने अखंड सौभाग्य की कामना के प्रतीक के रूप विवाहित महिलाओ ने सिंदूर मांग में लगाया। इस महापर्व में हर वर्ग और धर्म के लोगों ने सहभागिता किया। जिससे बंशीधर नगर से आस्था और एकता का अद्भुत संदेश दिया गया।अनुमंडल मुख्यालय में बंशीधर नगर स्थित सूर्य मंदिर के बगल बांकी नदी के तट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। इस बांकी नदी के तट पर अनुमंडल के ही नही अन्य प्रदेशों के श्रद्धालुओं का जमावड़ा भी देखा गया।

# डाल्टनगंज-चैनपुर व भंडारिया की जनता सिर्फ एक बार विश्वास करके देखे : दिलीप नामधारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंडन्तार्गत भुसड़िया, सरजा, पोखराहा, नेभी, बरेवा, नावाडीह, पोलपोल, पूर्णाडीह, सालो, घोरही, बकोईया, सोनपुरवा, चामा, करमा, लहलहे इत्यादि विभिन्न गांवों में निर्दलीय प्रत्याशी युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने जनसंपर्क किया। वहां के समर्थकों ने 100 मोटरसाइल से दिलीप जी का स्वागत किया और उनके साथ साथ जनसंपर्क में भाग लिया। दिलीप जी को उपस्थित जनसमूह ने भरोसा दिलाया कि जनता उनके साथ है और उन्हें विधान सभा में भेजने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। दिलीप जी जनता के उत्साह को देख कर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि आपकी जो भी मूलभूत समस्याएं हैं, उन्हें पूरा करने में कोई कोताही नहीं बरतूंगा। अगर आपकी मांगों को पूरा नहीं कर सका तो अपनी सदस्यता से त्याग पत्र दे दूंगा। उन्होंने उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास का जो कार्य अभी तक नहीं किया गया होगा, वह कार्य वह जरूर करेंगे। कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। सभी समस्याओं को धीरे-धीरे दूर करने का उनके द्वारा प्रयास किया जाएगा। पूर्व के सभी जनप्रतिनिधियों ने इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों को चलने का काम किया है। किसी ने भी अभी तक पूर्ण विकास नहीं किया है। उन्होंने कहा कि एक बार यहां की जनता उन्हें मौका देकर देखे। सभी विकास का कार्य उनके द्वारा किया जाएगा। दिलीप जी ने 13 नवम्बर 2024 को क्रमांक संख्या 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाने का आग्रह किया।

### इंदर सिंह नामधारी ने चैनपुर के कई गांव का किया तूफानी दौरा

रामगढ़ प्रखंड के हुटार, मायापुर इत्यादि विभिन्न गांवों में झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के लिए तूफानी दौरा किया। नामधारी जी ने भ्रष्टाचार और क्षेत्र को बदहाली का मुद्दा उठाते हुए ग्रामीणों से आग्रह किया कि 15 वर्षों में जो भी जनप्रतिनिधि बने सिर्फ और सिर्फ अपने स्वार्थ को साधने में रहे उन्होंने अगर क्षेत्र के लिए अगर कुछ काम किया होता होता तो धरातल पर नजर आता। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यहां सिर्फ कागजों पर लीपा पोती हुई है जमीनी स्तर पर कुछ काम नहीं हुआ है। नामधारी जी ने कहा अपने क्षेत्र के विकास और उज्जवल भविष्य के लिए 13 नवम्बर 2024 को क्रमांक संख्या 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप को भारी मतों से विजयी बनाएं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

## अजयनाथ शाह देव ने छठ घाटों पर पहुंचकर छठ व्रतियों से किया भेंट



**रांची:** लोकआस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा के चौथे दिन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इस मौके पर हटिया विधानसभा के महागठबंधन से कांग्रेस के भावी उम्मीदवार कद्दावर नेता अजय नाथ शाहदेव ने अपने विस क्षेत्र के बटम तालाब डोरंडा, जगन्नाथपुर तालाब,सेक्टर 2 तालाब आदि में बनाये गये छठ घाटों पर पहुंच कर उदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया और पूजा की। साथ ही साथ छठ व्रतियों से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि भगवान भास्कर हम सभी के जीवन में आनंद, स्वास्थ्य और समृद्धि का संचार करें,छठी मैया हम सबकी मनोकामना को पूरा करें।

## 8 से 10 नवंबर तक पोस्टल बैलट से करें मतदान

**रांची।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए राँची जिला के मीडिया कर्मियों द्वारा पोस्टल बैलट से मतदान किया जा रहा है। आवश्यक सेवा में लगे जिन मीडियाकर्मियों द्वारा पोस्टल बैलट से मतदान के लिए आवेदन दिया गया था, वो प्रथम चरण के लिए 8-10 नवंबर 2024 तक समाहरणालय स्थित पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान कर सकते हैं। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 204 (द्वितीय तल) में पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है।



# आजसू के संकल्प पत्र में सरना धर्म कोड और स्थानीय नीति भी है शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आजसू भले भाजपा के साथ गठबंधन में हैं,लेकिन आजसू के संकल्प पत्र को पढ़कर देखा और समझा जा सकता है कि आजसू का दिल झारखंड मुक्ति मोर्चा से मिले य न मिले पर आजसू का संकल्प झामुमो के गारंटी से जरुर मिल रहे हैं। आजसू ने हेमंत सोरेन के दो सौ युनिट मुफ्त बिजली,2500 मंईया सम्मान योजना,सरना धर्म कोड को मान्यता और थोड़ा सा बदलाव करते हुए अंतिम सर्वे खतियान आधारित स्थानीयता नीति बनाई जाएगी । इसको अपने संकल्प पत्र में जगह दी है,जो हेमंत सोरेन के गारंटी से मिलता जुलता है।

**क्या है संकल्प में :** झारखंड विधानसभा चुनिए 2024 में अबकी बार रोजगार देने वाली सरकार के साथ संकल्प पत्र जारी करते हुए भाजपा के सहयोगी पार्टी



आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारा जो संकल्प है वह पूरे होंगे। हमारे पास सब तय है कि फंड कैसे आयेगा और खर्च कैसे किया जाएगा। उन्होंने कहा झारखंड से जो अवैध खनन जारी है, उस पर हम रोक लगायेंगे और उसी बचे खर्च से राज्य के विकास में काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस संकल्प पत्र का मुख्य उद्देश्य राज्य में रोजगार, सामाजिक न्याय और समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। खासतौर पर महिलाओं, किसानों, बेरोजगार युवाओं, झारखंड आंदोलनकारियों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं।

**हमारा संकल्प:** आजसू के नौ प्रमुख बिंदुओं कुछ इस तरह है । जिसमें युवा सरकार, सबको रोजगार, स्वराज से सुशासन जैसी कई घोषणाएं शामिल हैं। पार्टी ने महिला अधिकार, खुशहाल परिवार, किसानों की आय में सुधार, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, पर्यटन एवं खेलकूद के विकास, झारखंडी भाषा, संस्कृति और विरासत की रक्षा का वादा किया है । झारखंडी भाषाओं- हो, मुंडारी और कुड़माली को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की बात भी उन्होंने की। महतो ने यह भी कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को 10 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी और झारखंडी कला एवं संस्कृति कर्मियों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

### आजसू संकल्प पत्र में

बीपीएल परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली।नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह। सरना धर्म कोड की मान्यता।
अंतिम सर्वे खतियान आधारित स्थानीय नीति बनाई जाएगी।
हर परिवार को सालाना 1 लाख 21 हजार रुपये की न्यूनतम आमदनी सुनिश्चित।
निर्मल महतो युवा निर्माण योजना के तहत बेरोजगार स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को सालाना 30 हजार रुपये। इंटर्नशिप राशि 6 हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक।
किसानों को हर खेत तक मुफ्त पानी और बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।
वृद्ध, विधवा और दिव्यांग व्यक्तियों को 2500 रुपये पेंशन। झारखंड आंदोलन के शहीदों के परिवारों को 10 हजार रुपये प्रति माह सम्मान राशि।भूमिहीन खेतिहर परिवारों को 25 हजार रुपये।कमजोर किसान परिवारों को 12 हजार रुपये प्रति वर्ष। पेसा कानून को सख्ती से लागू किया जाएगा।आबादी के आधार पर पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिलेगा। सभी भूमिहीनों को जमीन प्रदान की जाएगी। हर विधानसभा क्षेत्र में उद्योग की स्थापना की जाएगी। हर रैयत को लैंड पासबुक मिलेगा।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा को रांची के छठ घाट पर दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन से रांची वासियों ने भी शोक व्यक्त किया और बड़ा तालाब स्थित छठ घाट के पास शारदा सिन्हा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । इस मौके पर झामुमो नेता जितेंद्र ने कहा कि छठ महापर्व में शारदा जी के गाने धूम मचा देती थी। बता दें कि लोक गायिका शारदा सिन्हा पांच नवंबर एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान पांच नवंबर 2024 को निधन हो गई थी। छठ के तीसरे दिन ही पंचतत्व में विलीन हो गई। पटना के गुलबी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेटे अंशुमान ने मुखाग्नि दी।इस मौके पर काफी संख्या में लोग जुटे थे। 1 अक्टूबर 1952 में सुपौल जिले के हुलास में हुआ था। 1991 में पद्मश्री, 2000 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2006 में राष्ट्रीय अहिल्या देवी अवार्ड, 2015 में बिहार सरकार पुरस्कार, और 2018 में पद्मभूषण शामिल हैं।

## एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस हर्षोउल्लास से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड मुख्यालय, रांची ने एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, अनिमेष जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एनएमएल और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने एनटीपीसी ध्वज फहराया । इस अवसर पर,जैन ने कर्मचारियों को विद्युत उत्पादन में एनटीपीसी की 50 वर्ष की यात्रा शुरू करने के लिए बधाई दी।इस अवसर पर बोलते हुए, जैन ने कहा, एनटीपीसी के कर्मचारियों के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का दिन है। पचास साल की यात्रा - कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। 7 नवंबर, 1975 को, एनटीपीसी ने ऊर्जा क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा और तब से यह




एक लंबा सफर तय कर चुका है। पिछले 50 साल समर्पण, कड़ी मेहनत और कर्मचारियों और सहयोगियों के योगदान की कहानी रहे हैं। संगठन ने कठिनाइयों का सामना किया, नए अवसरों का स्वागत किया और हर बार मजबूत होकर उभरा। सिंगरौली में स्थापित 200 मेगावाट की अपनी पहली थर्मल पावर यूनिट से लेकर , एनटीपीसी अब 76+ गीगावाट ऊर्जा कंपनी बन गई है, जो देश में हर चौथा बल्ब जला रही है और बिजली की विश्वसनीय, सस्ती आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। पिछले कुछ दशकों में एनटीपीसी ने अपनी क्षमता और पोर्टफोलियो का काफी विस्तार किया है, जिसमें खनन और सौर और पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को शामिल करना शामिल है। कंपनी दक्षता बढ़ाने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए अभिनव तकनीकों को अपनाने में भी सबसे आगे रही है,भारत की सबसे बड़ी बिजली उपयोगिता कंपनी एनटीपीसी ने 6त्न की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2024 में 76,475.68 मेगावाट की स्थापित क्षमता और 422 बीयू का रिकॉर्ड उत्पादन के साथ प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। कंपनी अपने कोयला स्टेशनों के लिए 77.3 प्रतिशत पीएलएफ में अग्रणी है। एनटीपीसी स्वच्छ ऊर्जा पर केंद्रित है, जिसका लक्ष्य 2032 तक 60 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय क्षमता हासिल करना और कुल क्षमता को 130 गीगावाट+ तक बढ़ाना है. जैन ने कहाएनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) पर बोलते हुए श्री जैन ने कहा कि आत्मनिर्भरता के लिए खनन के आदर्श के साथ, एनटीपीसी ने अपनी बिजली परियोजनाओं को ईंधन देने के लिए कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## झारखंड सरकार में हिंदू होना मानो अपराध हो गया है : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की योजना किसी से छुपी नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल के माध्यम से झारखंड में बसाकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। अब इस सच्चाई से पूरा झारखंड अवगत है, लेकिन यह समस्या का केवल एक पहलू है। अनगिनत शिकायत पत्रों और अन्य स्रोतों के माध्यम से यह पता चला है कि पिछले पांच सालों में हेमंत सोरेन की सरकार, विशेष रूप से उनके तीन-चार मंत्रियों ने राज्य में हिंदू आबादी के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपना रखा है।कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे हजारों वीडियो हैं, जिनमें हिंदू समाज के वृद्धजनों और माताओं-बहनों का कहना है कि जब वे किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेमंत सोरेन के मंत्रियों के पास जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि तुम हिंदू हो, तुम्हें सहायता नहीं मिलेगी। कहा कि पूरे राज्य में ऐसी समस्याएं फैली हुई हैं, चाहे वह अस्पताल में इलाज की बात हो या फिर आवास की। पहले तो प्रधानमंत्री आवास योजना को राज्य में लागू नहीं होने दिया और उनकी मंशा ये थी कि राज्य ने नई आवास नीति बना कर



सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांटे जाएंगे जो कि प्रधानमंत्री आवास में संभव नहीं था और उसके कारण लाखों लोगों को उनके सपने के घर से वंचित रखा, और बाद में अपनी आवास नीति को लाकर बहुत ही कम संख्या में दिए गए और इन आवासों को चुनिंदा समुदाय के लोगों को ही दिया गया, जिसमें काफी बड़ी संख्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की है।

## रांची चौपाल पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए गोंदा और रातू थानों में आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सोशल मीडिया पेज रांची चौपाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी आवेदन गोंदा थाना में हेमलाल कुमार मेहता और रातू थाना में धर्मेंद्र कुमार सिंह ने दिया है। आवेदन में कहा गया है कि रांची चौपाल विशेष रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और झामुमो के उम्मीदवारों के खिलाफ सामाजिक रूप से अन्याय पूर्ण और विशिष्ट ध्रुवीकरण अभियान चला रहा है। इन अनैतिक अभियानों का उद्देश्य




अशांति फैलाकर समाज और मतदाताओं को गुमराह करना, झामुमो एवं झामुमो के नेताओं की छवि धूमिल करना और चुनावी प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करना है। फिलहाल, पुलिस आरोपों की जांच-पड़ताल कर रही है।

**आवेदन में कहा गया है कि झामुमो के उम्मीदवारों के खिलाफ सामाजिक रूप से अन्याय पूर्ण और विशिष्ट ध्रुवीकरण अभियान चला रहा है।**

## नतीजे आएंगे तो जेएमएम की हार निश्चित है : प्रतुल शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बीजेपी को जेबकतरा कहने पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पलटवार किया है। प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा, आने वाले चुनावों की तारीख़ जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है, मुख्यमंत्री की भाषा नये-नये स्तर पर गिरती जा रही है और यह सिर्फ़ उनकी हताशा और पीड़ा को दर्शाता है क्योंकि उन्हें पता है कि 23 नवंबर को जब नतीजे आएंगे तो उनकी हार निश्चित है। मुख्यमंत्री ने भाषा की बाधा को तोड़ते हुए नए-नए स्तर पर जाने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देखिए, अगर वे हमें जेबकतरे कह रहे हैं, तो मुख्यमंत्री महोदय, आपके शासन के पाँच सालों को हम क्या कहें?



डकैतों का शासन? वे वास्तव में सभी तरह की चीज़ों में लिप्त रहे हैं, सभी तरह के सांप्रदायिक तुष्टिकरण में, वे फूट डालो और राज करो की नीति में लिप्त रहे हैं और अब वे हम पर इसका आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री को वोट से बाहर किया जा रहा है, जेएमएम को वोट से बाहर किया जा रहा है और वे फिर कभी सत्ता में नहीं आयेंगे। क्योंकि झारखंड के लोग तंग आ चुके हैं। उन्होंने 2019 में एक युवा मुख्यमंत्री को मौका दिया। उनके सपने थे लेकिन वे सपने पूरी तरह से चकनाचूर हो गए। उन्होंने झारखंड के इतिहास में सबसे भ्रष्ट शासन दिया। अब उन्हें वोट से बाहर किया जाएगा। और जिस तरह से बहादुर शाह जफर मुगल वंश के आखिरी सुल्तान थे, उसी तरह हमारे मुख्यमंत्री साहब भी सोरेन वंश के आखिरी मुख्यमंत्री बनेंगे।

# महुआ माजी ने छठ घाट पहुंच कर छठ व्रतियों से किया मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आस्था का महापर्व छठ के शुभ अवसर पर रांची में छठ को लेकर काफी उत्साह देखा गया। सभी तालाबों और नदियों के किनारे बनाये गये छठ घाटों पर भीड़ थी। वहीं रांची विधानसभा क्षेत्र के मेन रोड के नजदीक चडरी तालाब जो सरना समिति के द्वारा सजाया गया था ।

हर साल की तरह इस साल भी रांची विधानसभा इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डा महुआ माजी छठ घाट पहुंची। और छठव्रतियों से मुलाकात कर और साथ में ही पूजा की।

इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमो पार्टी के नेता डॉक्टर जीत गुप्ता , अजीत नायक, अकबर कुरैशी, आयुष राज वर्मा और अनेक लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने एक आदिवासी सीएम की छवि बिगाड़ने के लिए विज्ञापन पर फुके करोड़ों रुपये : विनोद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि देश के कई शोध संस्थानों के द्वारा 6 नवम्बर को जारी रिपोर्ट में राजनीति का हैरान करने वाले चेहरे को बेनकाब किया है। जांच रिपोर्ट में तथ्यों के माध्यम से बताया गया है कि झारखंड चुनाव से पहले नफरत की राजनीति को हवा देने के लिए सोशल मीडिया पर झूठ व साम्प्रदायिकता फैलाने और आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अमानवीय जैसा दर्शाने के लिए भाजपा छाया अकाउंट (शैडो एकाउंट्स) बनाकर करोड़ों खर्च कर रही है। सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि संसाधनों से लैस दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव आयोग खामोश है। जबकि सर्वोच्च न्यायलय का आदेश है कि सोशल मीडिया के प्रचार पर भी अचार संहिता और चुनावी नियम लागू होते हैं। छाया अकाउंट के माध्यम से हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ सांप्रदायिक व विभाजनकारी सामग्री (कंटेंट) का युद्ध स्तर पर प्रसार और आदिवासी मुख्यमंत्री को अपमानित करने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं। भाजपा के ऊपर से नीचे तक के नेताओं के भाषणों पर भी गौर करें तो यह समाज को तोड़ने के लिए सांप्रदायिक जहर से भरा हुआ होता है। सार्वजनिक मंच पर बड़ी संख्या में लोगों के बीच भाजपा नेताओं के नफरतें बोल और अब सोशल मीडिया पर भी यही घिनौनी हरकतों का सच



सामने आने के बावजूद चुनाव आयोग की ओर से कोई भी कदम नहीं उठाया जाना गंभीर चिंता का विषय बन गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चुनाव आयोग ने भाजपा को सोशल मीडिया पर शैडो पेज का दुरुपयोग कर साम्प्रदायिकता और नफरत फैलाकर धार्मिक ध्रुवीकरण की खुली छूट दे रखी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा भारत निर्वाचन आयोग से उसकी संवैधानिक जिम्मेदारियों और गरिमा को याद दिलाते हुए भाजपा के इस षडयंत्र को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग करता है।प्रमुख नागरिक अधिकार संगठनों के द्वारा की गई जांच में खुलासा हुआ है कि कैसे मेटा प्लेटफॉर्म भारत में राजनीतिक दुष्प्रचार का अड्डा बन गया है, जहां भाजपा ने झारखंड में सिर्फ तीन महीनों में राजनीतिक विज्ञापनों पर 2.25 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए।

हाल ही में जारी इस रिपोर्ट ने छाया विज्ञापनदाताओं के एक जटिल नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो चुनावी कानूनों और प्लेटफॉर्म की नीतियों का उल्लंघन करते हुए आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को निशाना बना रहा है। रिपोर्ट में यह तथ्य सामने लाया गया है कि कैसे मेटा छाया राजनीतिक विज्ञापनों की अनुमति देता है, इससे मुनाफा कमाता है और इसका प्रचार करता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भाजपा के आधिकारिक पेज के अलावा, कई छाया पेजों ने लाखों रुपये खर्च कर भाजपा के नफरती नरेटिव को फैलाया, जिससे मेटा को भारी मुनाफा हुआ। यह रिपोर्ट दलित सॉलिडेरिटी फोरम, हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडिया सिविल वॉच इंटरनेशनल, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और टेक जस्टिस लॉ प्रोजेक्ट द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है।

# कांग्रेस धारा 370 को बहाल करके आतंकवाद और अलगाववाद का दौर लाना चाहती है : प्रो गौरव वल्लभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रोफेसर वल्लभ ने 8 नवंबर को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन और कांग्रेस के लोग जो यहां घूम रहे हैं, उन्हें इस बात का सीधा जवाब देना होगा कि वे धारा 370 और 35ए हटाने के पक्ष में हैं या विरोध में हैं। 5 अगस्त, 2019 को इसे जम्मू कश्मीर से हटाया गया। उसके बाद 5 सालों में जम्मू कश्मीर में विकास की यात्रा देखी है। वहां आतंकवाद की घटनाओं में 70 फ़ीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मृत्यु में 80त्न की कमी आई। पर्यटकों में 300त्न की वृद्धि हुई। जम्मू कश्मीर का बजट 17 फ़ीसदी बढ़ गया। पत्थरबाजी की घटना बिल्कुल बंद हो गई।प्रो वल्लभ ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में आरक्षण को समाप्त करने की बात कही थी और कांग्रेस ने उसका समर्थन किया था। राहुल गांधी अमेरिका में बोल ही चुके हैं कि वे आरक्षण को खत्म करने का प्लेन बनाना चाहते हैं। हेमंत सोरेन को इस बात का जवाब देना होगा कि उनकी पार्टी के बैनर में जिस नेता की तस्वीर लगी हुई है, वह आरक्षण को क्यों खत्म करना चाहते हैं। धारा 370 की बहाल क्यों करना चाहते हैं। जम्मू कश्मीर की शांति की यात्रा में क्यों अवरोध बनाना चाहती हैं। इस मामले में हेमंत सोरेन को भी जवाब देना होगा, क्योंकि कांग्रेस उनकी महत्वपूर्ण सहयोगी है। क्या हेमंत सोरेन भी आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं, इसका जवाब उन्हें देना होगा।उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले 5 साल से घुसपैठिया स्वागत योजना चल रही है, जिसमें



घुसपतियों का रेड कारपेट स्वागत होता है। यह योजना 23 नवंबर को बंद हो जाएगी। इसे योजना के जो लाभार्थी अंदर घुस गए हैं, उन्हें चुन चुन कर चिन्हित करके वापस झारखंड के बाहर भेजा जाएगा। यह जल, जंगल, जमीन झारखंड के लोगों की है, घुसपैठियों की नहीं है। वोट बैंक की खातिर हेमंत सोरेन और उनके प्रशासन ने उन्हें बसाने का काम किया है। गांव के गांव बसाए हैं। उस योजना को अब समाप्त करने का समय आ गया है। जिस तरह से पूरे झारखंड सूचना आ रही है भारतीय जनता पार्टी अब तक के सबसे बेहतर प्रदर्शन के साथ 23 नवंबर को सरकार बनाने जा रही है। वल्लभ ने कहा कि हेमंत सोरेन कांग्रेस के भ्रष्टाचार के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि धारा 370 के हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है। नागरिकों की मृत्यु में भी लगभग 80त्न की कमी आई है। विदेशी नागरिकों के पर्यटन में 300 प्रतिशत का उछाल आया है। जम्मू-कश्मीर का बजट 17 प्रतिशत बढ़ा है। पत्थरबाजी की घटना बिलकुल बंद हो गई। आतंकवादी घटनाएं दो-तीन जिलों में ही सिमट कर रह गई। जहां पहले 5-7 प्रतिशत मतदान होता था, वहां भी 50 प्रतिशत मतदान होने लगा। जो पहले अलगाववाद और आतंकवाद की वकालत कर रहे थे, वे भी अब हिंदुस्तान के संविधान के आईन में लोकतंत्र को मजबूती देते हुए वोट मांगते दिखाई दिए। जी-20 की बैठक जम्मू-कश्मीर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जम्मू-कश्मीर को 80 हजार करोड़ रुपये का विशेष पैकेज मिला। 56,000 करोड़ रुपये का निवेश आया। आजादी से लेकर धारा 370 के हटने तक जम्मू-कश्मीर में जितना निवेश आया, उसकी तुलना में तीन गुना निवेश पिछले 4 सालों में जम्मू-कश्मीर में हुआ।इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक और तारिक इमरान भी मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, शनिवार, 09 नवंबर 2024 | पेज 4

# पिपरवार के बचरा बस्ती तालाब मे डुबने से सीसीएल कर्मचारी की हुई मौत

## गोताखोर के सहारे दस घंटे बाद तालाब से मिला शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती तालाब मे डुबने से सीसीएल कर्मचारी की मौत हो गई।मृतक व्यक्ति की पहचान पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बस्ती निवासी 55 वर्षीय कौलेश्वर महतो पिता स्वर्गीय लाली महतो के रूप मे की गई है।मृतम कोलेश्वर महतो पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में सीसीएल कर्मचारी के पद पर कार्यरत था।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोलेश्वर महतो गुरुवार की सुबह बचरा मंडाटांड़ स्थित तालाब मे नहाने गया था, इसी बीच गहरे पानी मे जाने के कारण वह डुब गया।वहां मौजुद कुछ लोगो ने उसे डुबते हुए देखा और शोर मचाया।जिसके बाद वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।वही स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना पिपरवार पुलिस को दी गई,जिसके बाद सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव ढुढंने की शुरूआत की गई।पिपरवार पुलिस एवं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव ढूंढने के लिए स्थानीय गोताखोर को तालाब में उतारा गया,लेकिन शव का पता नही चल सका।इस दौरान लोगो की भीड़ वहां दिन भर लगी रही।काफी मशक्कत के बाद संध्या सात बजे शव को बरामद किया गया।पिपरवार पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।इधर घटना के बाद मृतक के परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।छठ महापर्व के दिन इस तरह की हुई घटना के बाद मृतक कोलेश्वर महतो के घर मातम छाया हुआ है। वहीं घटना की सूचना पाकर टंडवा अंचलाधिकारी विजय कुमार दास,पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अंजनी कुमार सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।



# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही आस्था का महापर्व संपन्न

◆ अर्घ्य देते खलारी सीओ व इंस्पेक्टर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड क्षेत्र में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिनों से चल रहे सूर्य उपासना का महापर्व शुक्रवार को संपन्न हो गया। इससे पहले गुरुवार की शाम छठव्रतियों ने क्षेत्र के विभिन्न नदी, तालाबों तथा नदियों के किनारे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर सभी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्र हुई। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने घाट पर पूजन हवन किया। जल और दूध से भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया गया। कई छठ व्रतियां नदी, तालाबों व अन्य जलाशयों के घाट तक दंडवत करते हुए पहुंची। क्षेत्र के खलारी एसीसी छठ घाट, जेहलीटांड़ सोनाडुबी नदी घाट, मानकी-चूरी सपही नदी घाट, धमधमियां व केडीएच का दामोदर नदी घाट, मोहननगर तालाब, करकट्टा, धमधमियां, खलारी बाजारटांड़ स्थित घाट में छठ व्रतियों द्वारा भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। लंबाधौड़ा सहित कई घरों में अर्घ्य देने के लिए अस्थाई तालाब बनाया गया था। छठ घाटो पर पूजा समितियों द्वारा साफ-सफाई, आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी। एसीसी छठ घाट में गंगा जल छिड़कर शुद्ध किया गया। कई छठ घाट पर भगवान भाष्कर की प्रतिमा स्थापित की गई थी। पर्व के दौरान पूरा क्षेत्र छठी मइया के गीतों से गूंजता रहा।खलारी थाना पुलिस छठ घाटों पर तैनात थी।



## कर्रा, कच्चा बारी व बिरदा में इंडिया गठबंधन का चुनावी कार्यालय खोला गया

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कर्रा, कच्चा बारी, बिरदा बाजार टांड़ शुक्रवार को इंडिया गठबंधन का विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी राम सूर्या मुंडा, केन्द्रीय सदस्य सुशील पाहन, मकसूद अंसारी, मिडिया प्रभारी तौकीर आलम व शेख फिरोज ने फीता काटकर किया गया. बिरदा बाजार टांड़ में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन समारोह के दौरान इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी राम सूर्या मुंडा ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट देने की अपील किया. वही मइया सम्मान योजना, सावित्रि बाई फुले योजना, अबुआ आवास, बिरसा हरित योजना, हरा राशन कार्ड, खूंटी के लोगों में पत्थरगढ़ी केस को बंद करने कि काम , अलावे अन्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कल्याण कारी योजनाओं कि उपलब्धि गिनाते हुए खूंटी विधानसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी राम सूर्या मुंडा को वोट व आशीर्वाद देकर हेमंत सोरेन को सरकार बनाने कि अपील किया गया और झारखंड मुक्ति मोर्चा जिन्दाबाद, शिबू सोरेन जिन्दाबाद, हेमंत सोरेन जिन्दाबाद, दूसरी बार फिर से हेमंत सरकार का नारा लगाया गयाइस मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद, केन्द्रीय सदस्य सुशील पाहन, मकसूद अंसारी, हेमंत तोपनो, शिबू होरो, सुनील होरो, शेख फिरोज, प्रेम प्रकाश होरो, फागू होरो, रोहित मुंडा, जोसेफ होरो, हबिल कच्छप, डॉ. सईद अहमद, नित्यानंद सिंह के अलावे सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर गठित कोषांगों की बैठक कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर गठित कोषांगों के कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर ए0एम0एफ सुविधा, कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, पोस्टल बैलट कोषांग, होम वोटिंग, सामग्री कोषांग, मतदाता सूची कोषांग, ईवीएम कोषांग, वाहन कोषांग के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर खूँटी एवं तोरपा विधानसभा में आने वाले सीआरपीएफ, आईटीबीपी, झारखंड पुलिस एवं मतदान कर्मी के लिए मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर ठहरने को लेकर ए0एम0एफ सुविधा दुरुस्त रखने की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी को आपस में समन्वय बनाकर मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर पेयजल, शौचालय, साफ सफाई समेत व्यवस्था को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। जिससे पुलिस के जवानों को ठहरने में समस्या न हो और सफलता पूर्वक ससमय निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण कोषांग द्वारा महिला मतदान कर्मियों एवं पुरूष मतदान कर्मियों को दिए गए प्रशिक्षण की जानकारी ली गई। वहीं अनिवार्य सेवा के सभी नोडल पदाधिकारी से पोस्टल बैलट के विषय पर चर्चा करते हुए पोस्टल बैलट से चल रहे मतदान को लेकर भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। हेल्पलाइन, ष्ड्ढद्धत्नढ्ढ्य पर आने वाले शिकायतों का त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। वहीं सुविधा एप्प के माध्यम से राजनीतिक कार्यक्रम के लिए प्राप्त होने वाले अनुमति की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी खूँटी, डीएसपी मुख्यालय, डीसीएलआर समेत सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।



## तोरपा में मतदाता महोत्सव का होगा आयोजन

**खूँटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से ब्लॉक मैदान तोरपा में 9 नवम्बर को पूर्वाह्न 11.30 बजे से ब्लॉक मैदान में मतदाता महोत्सव का आयोजन स्वीप कोषांग के द्वारा किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा जिलावसियों को मतदाता महोत्सव कार्यक्रम को लेकर आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले के अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे 13 नवम्बर को शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराया जा सके।

## कार के धक्के से तीन बाइक सवार घायल

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र के करांजी पुल के समीप शुक्रवार के लगभग पौन चार बजे अपराह्न बेड़ो लोहरदगा पथ पर अज्ञात कार ने बाइक सवार को मारी धक्का बाईक सवार तीन घायल। सड़क से गुजर रहे गुड्डू टंडन ने सभी घायलों को अपनी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों में कर्रा निवासी शिव शंकर महतो 21 वर्ष और घायल की मामी राजकुमारी देवी 35 वर्ष,व भगिना सोनू महतो 7 वर्ष दोनों आकाशी लोहरदगा निवासी है। घायल राजकुमारी ने बताया कि वे लोग अपनी बाइक से कर्रा खूंटी जा रहे थे तभी करांजी पुल के पास एक कार उन्हें सामने आकर धक्का मारते हुए भाग निकला और वे लोग सड़क पर गिर गए। इधर सभी घायलों का इलाज डॉ काजोल ने किया।

## दो सीमा के ग्रामीण सामुहिक रूप से आजसू पार्टी में हुए शामिल, केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह ने सभी का किया स्वागत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत के दोसीमा गांव में गुरुवार को में आजसू पार्टी मिलन समारोह का आयोजन किया गया समारोह में सुभाष महतो गोड़ाडीह ग्राम प्रधान सुखराम बेदिया, आजसू पंचायत प्रभारी श्रीधर महतो, त्रिलोचन महतो, डबलु महली व शिवशंकर प्रसाद , के पहल पर दोसीमा के ग्रामीण सामुहिक रुप से आजसू पार्टी में शामिल हुए। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह ने सभी सदस्यों को आजसू पार्टी का अंग वस्त्र व माला पहनाकर कर स्वागत किया। मौके पर जयपाल सिंह ने कहा कि पुरे गांव के लोग आज एक मत होकर आजसू पार्टी में शामिल हुए मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। वहीं उन्होंने कहा ग्रामीणों का इस तरह से संगठित होकर कर सुदेश कुमार महतो पर भरोसा करना निश्चित तौर पर सिल्ली के लिए एक मिसाल है। इससे क्षेत्र में एक अच्छा संदेश जाएगा। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में पृथ्वीराज महतो, विरेन्द्र महतो, विरेन महतो, कृष्णा महतो, ब्रजोमोहन महतो, अमरलाल महतो,डहरु महतो, लखिराम महतो, अजित कुमार महतो, अजित कुमार महतो, माकाय महतो, आनंद, मंगल, लाल मोहन, धनंजय, देवेन्द्र, दल गोविंद, वुकुआ, शिशुपाल, बुद्धीमान, लक्ष्मी नारायण, जयराम , विनती देवी, सवनी देवी, शुसमा, नुनिबाला, सोनाली, ललीता, भवानी, पुष्पा, रेणु, रोहिणी, श्रीबाला, तरु देवी , उमा देवी समेत ग्रामीण शामिल हैं। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हुकुम नाथ महतो, दिलीप महतो, मुरलीधर महतो, सुनील गोस्वामी, संजय महतो, शिवशंकर महतो, दलों, संतोष नायक समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# सुख समृद्धि एवं शांति की कामना के साथ पिपरवार कोयलांचल मे संपन्न हुआ छठ महापर्व

◆ भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए छठ घाटो पर उमड़ी श्रद्धालु की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा उदयगामी सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही संपन्न हो गया।पूरे वातावरण मे केवल छठी मैया के गीतों की गुँज सुनाई पड़ रही थी।गुरूवार को जैसे ही भगवान सूर्य अस्ताचलगामी हुए व्रतियों ने हाथों में सूप लेकर भगवान सूर्य को दूध और जल का अर्घ्य प्रदान कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।दुसरे दिन शुक्रवार को दुसरे अर्घ्य के दिन वही जन सैलाब प्रातः चार बजे से ही उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पुनः छठ घाटों की ओर चल पड़ा।व्रती नदी एवं सरोवरों के जल मे खड़े होकर भगवान सुर्य के अरुणोदय होने का इंतजार करने लगे।सुर्योदय का समय होते ही भगवान भाष्कर की लालिमा की झलक मिलते ही हाथो मे सूप लिए हुए व्रतियों को अर्घ्य देने का सिलसिला शुरु हो गया।श्रद्धालुओं द्वारा व्रतियों के पैर छूने,व्रती महिलाओं के वस्त्र धोने एवं महिलाओं को एक दुसरे को सिंदुर लगाते हुए देखा गया।कोयलांचल के बचरा, राय, पुरनीराय, बेंती, कल्याणपुर, न्यु बिजैन, हेन्देगीर, बुण्डु के तालाबों व स्थानीय नदियों सपही,एवं दामोदर नदी के घाट के अलावा अन्य सरोवरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।विभिन्न स्वयंसेवी और धार्मिक संस्थाओं द्वारा व्रतियों के बीच फल और दूध का वितरण किया गया। कोयलांचल क्षेत्र के अलावा आसपास के और अन्य कस्बाई इलाकों में भी सूर्योपासना का महापर्व पूरी श्रद्धा,भक्ति और पवित्रता से मनाया गया।शुक्रवार को उदयाचल सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने एवं सुख समृद्धि की कामना के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो गया।

**सुरक्षा का रहा पुख्ता इंतेजाम**

छठ पूजा को लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी घाटो पर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया।स्थानीय पिपरवार पुलिस की टीम सभी छठ घाटो पर सुरक्षा की कमान संभाले देखे गये।दंडाधिकारी के रूप मे टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव,सीओ बिजय दास के साथ पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार व अंजनी कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी सभी घाटो का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ले रहे थे।वहीं सीसीएल प्रबंधन द्वारा बचरा छठ घाट मे महिला होमगार्ड व सिक्युरीटी विभाग के जवानो को सुरक्षा मे तैनात किया गया था।



# बिजली करंट से जांच घर के संचालक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** जामटोली रोड बेड़ो में शिवानी जांच घर के संचालक कृष्णा तिवारी को शुक्रवार की दोपहार में 11 हजार वोल्ट की बिजली के जद में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने बिजली के करंट से छुड़ाया। घायल को डॉ सम्पत तिवारी व डॉ रमेश ने गंभीरावस्था में बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ काजोल ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। कृष्णा तिवारी रांची के बूटी निवासी बताए जाते हैं। वहीं घायल ने कहा कि यह घटना कैसे घटी उन्हें कुछ याद नहीं। तिवारी का दाहिने हाथ की अंगुली सिकुड़ गई वहीं पेट में बिजली के तार से जल कर गहरे जख्म हो गए है।

## व्यय प्रेक्षक ने टुंडी विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न स्थैतिक सर्विलांस टीम का किया निरीक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 08 नवंबर 2024 को व्यय प्रेक्षक कुमार आदित्य ने 42-टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत स्थैतिक सर्विलांस टीम (स्स्ञ्ज) एवं चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त स्थैतिक सर्विलांस टीम के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे - बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की वीडियोग्राफी करते हुए कार्रवाई करें एवं अविलंब सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। मौके पर लाइजनिंग ऑफिसर किशोर कुमार गोप मौजूद रहें।

# उदयमान भगवान भास्कर को अर्घय देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। जहां ऐतिहासिक डुकु तालाब के घाट पर छठ व्रतियां और श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान मांडर विधायक सह कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की, भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो, जिपस बेरोनिका उरांव, हिंदू जागरण मंच के वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, प्रो करमा उरांव, राजीव रंजन, बलराम सिंह, मुखिया सुशांति भगत सहित कई लोगो ने अर्घ्य दिया। वहीं मौके पर विधायक ने कहा कि छठ महापर्व पर सभी के लिए सुख- समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि लोक आस्था और विश्वास का यह महापर्व राज्य के लिए कल्याणकारी हो। वहीं छठ घाट मे पीएससी द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया था, सुरक्षा को लेकर बेड़ो पुलिस के जवान भी तैनात थे। इधर प्रखंड के तुको, खुखरा, केशा, पाकलमेड़ी, खत्रीखटंगा, महुगांव, जहाना, जमनी, पुरियो, जरिया, हुटार ताबेर, कुदारखो, बारीडीह समेत ग्रामीण इलाके में भी छठ पर अस्तचल व उदयमान भगवान भास्कर को छ्ठ व्रतियो ने अर्ध्य दिया।



# छठ पूजा के अवसर पर बचरा छठ घाट में भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा सपही नदी स्थित छठ घाट में छठ पूजा समिति बचरा के द्वारा छठ पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार उपस्थित थे।मौके पर छठ पूजा समिति बचरा के द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया,जिसके बाद मुख्य अतिथि सहित छठ पूजा समिति के सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कलाकारों के भक्ति गीत एवं झांकी को उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। कलाकारों के द्वारा छठी मैया पर आधारित गीत प्रस्तुत किया गया,जिसे लोगों ने खूब पसंद किया।छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि छठ पूजा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष समिति के द्वारा बचरा छठ घाट में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। छठ घाट में पहुंचे सभी श्रद्धालु भक्त अर्ध्य देने के बाद भक्ति जागरण कार्यक्रम में शामिल होते हैं।इस अवसर पर बचरा छठ पूजा समिति के सभी लोगों के अलावा काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।




# झटेसजुरिया मंडल टोला के दर्जनों ने भाजपा छोड़कर थामा जेएमएम का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** विधानसभा क्षेत्र में झामुमो का लगातार सदस्यता अभियान चलाई जारहे है। इसी के तहत शुक्रवार को नाला प्रखंड क्षेत्र टेसजुरिया मंडल टोला मे सदस्यता अभियान में दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा छोड़कर झामुमो का दामन थामा लिया। झामुमो प्रत्यशी रवींद्रनाथ महतो ने सभी को झामुमो का पट्टा पहना कर सदस्यता दिलाई। मौके पर विधायक रविंद्र नाथ महतो ने ग्रामीणों को सोच समझ कर वोट डालने की अपील की। कहा जिन्होंने आपके लिए कुछ काम किया है उन्हे जरूर वोट डालें। विधायक रबिन्द्र नाथ महतो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के योगदान के बारे में लोगों को अवगत कराया। कहा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आधी आबादी के लिए मईया सम्मान योजना चलाया। 18 वर्ष से 49 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए से बढ़ा कर दिसंबर से ढाई हजार मिलने की जानकारी दी। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, कृषि त्रेष्टा माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना,दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त योजना की जानकारी लोगों को दी। शामिल होते हुई मिलन मंडल दीपक मंडल भरत मंडल तपन मंडल सुनीति मंडल सूखेन मंडल शेख फिरोज शेख कालू शेख नूरसलीम और सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# बचरा छठ घाट मे भगवान भाष्कर के दर्शन के लिये उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा छठ घाट में छठ पूजा समिति बचरा के द्वारा भगवान भास्कर की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई थी।बचरा छ्ठ घाट मे पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया था,जिसमे भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की गई थी।इस दौरान पूजा पंडाल में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।श्रद्धालु भक्त और छठ व्रती पंडाल पहुंचकर भगवान भास्कर के दर्शन किए और विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कोयलांचल क्षेत्र की सुख शांति और खुशहाली की कामना की।बचरा छठ पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक साल छठ घाट में भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की जाती है।शुक्रवार की सुबह उदयगामी सूर्य को अर्ध्य देने के बाद बचरा सपही नदी में भगवान भास्कर की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया।वहीं छठ पूजा के अवसर पर बचरा छठ पूजा समिति के द्वारा सभी श्रद्धालु भक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।


# चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन भगवान भास्कर को दिया गया अर्घय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी एवं आस पास के क्षेत्रों में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। पुरा क्षेत्र छठी मईया के गानों से गुंज उठा। पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। छठ पर्व को लेकर नदी, तालाब, पोखर की साफ सफाई की व्यवस्था साथ ही पार्किंग की व्यवस्था मेडिकल की भी व्यवस्था की गई थी।छठ पर्व को लेकर मुरी स्वर्ण रेखा नदी में हिंडालको के तरफ से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। लोक आस्था का महापर्व छठ के तिसरे दिन व्रती महिलाएं एवं पुरुष छठ घाट पहुंच कर पानी में खड़े होकर डुबते हुए सुर्य की पूजा अर्चना कर अस्ताचलगामी सूर्य (डुबते हुए सुर्य) को अर्घ्य दिया साथ ही अपने परिवार एवं क्षेत्र की शांति को लेकर प्रार्थना किया। छठ घाट को पुरे रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था।लोक आस्था का महापर्व छठ आज पुरे भारतवर्ष में धुमधाम से मनाया जाता है।छठ पूजा में लोग पुरी श्रध्दा एवं आस्था के साथ शामिल हुए थे। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ का पहला दिन नहाय खाय के साथ आरंभ हुआ दुसरे दिन खरना पूजा,तिसरे दिन डुबते हुए सुर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उगते हुए भगवान भास्कर को अर्ध्य देकर समापन हुआ। व्रती महिलाएं छठ घाटों में डुबकी लगाए और हाथ जोड़कर खड़े होकर छठी माई की अराधना किया। व्रती महिलाएं पुरी विधिवत छठी माई की पूजा कर मंत्र जाप किए। शुक्रवार को चौथे दिन उगते हुए सुर्य देव को अर्ध्य देकर हवन किया गया, साथ ही चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास भी पुर्ण हो गया। सभी श्रद्धालुओं के बीच नदी घाटों में छठी मईया का प्रसाद वितरण किया गया। छठ घाटों पर श्रद्धालुओं ने फल और दूध का वितरण भी किया। छठ पर्व में किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर मुरी सिल्ली की पुलिस 24 घंटे मुस्तैद देखी गई।



## मिराज सिनेमाज़ का जमशेदपुर में पहला मल्टीप्लेक्स लॉन्च



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत की तीसरी सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती राष्ट्रीय मल्टीप्लेक्स चेन्स में से एक, मिराज सिनेमाज़ ने जमशेदपुर, झारखंड में अपना पहला मल्टीप्लेक्स लॉन्च किया है। गोलमुरी रोड पर स्थित चंद्रा पैसिफिक मॉल की 5वीं मंजिल पर बना यह तीन-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स शहर में मनोरंजन के स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। इस खास मौके पर प्रारंभिक टिकट दरें मात्र 149/- से शुरू हो रही हैं, ताकि सभी को उच्च गुणवत्ता वाले मनोरंजन का अनुभव मिल सके। इस नए मल्टीप्लेक्स में कुल मिलाकर 657 सीटों की क्षमता है, जिनमें से 28 लग्ज़री रिक्लाइनर्स सीटें हैं। सिनेमा प्रेमी यहाँ बारको 2के प्रोजेक्शन सिस्टम और डॉल्बी 7.1 सराउंड साउंड का आनंद ले सकते हैं, जो हर सीन को जीवंत बना देते हैं। साथ ही, मिराज सिनेमा में हार्कनेस के कैलारस एक्ससी स्क्रीन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो किसी भी कोण से शानदार दृश्यता और स्पष्टता प्रदान करती है।

## मुखी समाज ने डॉ. अजय पर समाज के खिलाफ षड़यंत्र रचने का लगाया आरोप

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मुखी समाज के मुजिम मुखी, सुरेख मुखी, त्रिनाथ मुखी, नितीन मुखी, मनोज मुखी, संदीप मुखी ने संयुक्त बयान जारी कर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार पर मुखी समाज को बदनाम करने और समाज के खिलाफ षड़यंत्र रचने का आरोप लगाया है। मुखी समाज की तरफ से हरिजन बस्ती, भालूबासा निवासी मुजिम मुखी ने कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार के खिलाफ एस.सी.-एस.टी. थाना में लिखित आवेदन दिया है। मुखी समाज के नेताओं ने कहा है कि डा. अजय कुमार ने मुखी समाज को लेकर अपने सोशल मीडिया एकाउंट से फर्जी और गलत जानकारी शेयर की है, जिससे समाज की छवि को नुकसान पहुंचा है। ऐसे में डा. अजय कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। मुखी समाज के नेताओं ने कहा है कि किसी शरारती तत्व द्वारा भाजपा के नाम से फेसबुक में फेक(फर्जी) एकाउंट बनाया गया। उस फर्जी एकाउंट से मुखी समाज के बारे में गलत टिप्पणी की गई है। यह एकाउंट भाजपा का प्रमाणिक एकाउंट नहीं है। डा.अजय कुमार ने तथ्यों की जांच किये बिना अपने आधिकारिक और प्रमाणित फेसबुक एकाउंट से उसे प्रसारित किया और भारतीय जनता पार्टी के बारे में टिप्पणी की।

## पूर्णिमा ने सूर्य को अर्घ देकर मांगी क्षेत्र की खुशहाली का आशीर्वाद



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने शुक्रवार को सूर्य मंदिर छठ घाट में सूर्य देव को अर्घ्य देकर अपनी दिनचर्या शुरू की। उन्होंने घाट पर व्रतियों की सेवा कर पूर्वी क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद वह प्रचार अभियान पर निकल गई। पूर्णिमा ने गोलमुरी के टुइलाडूंगरी, सरस्वती नगर, गाढ़ाबासा, मथुरा बगान, खान बगान, बजरंग नगर, केबुल बस्ती, केबुल टाउन, सीतारामडेरा के किशोरीनगर, छाया नगर, आदि क्षेत्रों में मतदाताओं संपर्क साधा और भाजपा को जिताने की अपील की। जमशेदपुर की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू जेम्को महानंद बस्ती में कुशवाहा समाज, बागुन नगर में बंगभाषी समाज,बारीडीह लोहिया पथ में कुशवाहा समाज की लिट्टी पार्टी,बिरसानगर बी.एड.कालेज के पास अन्ना हजारे फैंस क्लब द्वारा आयोजित भजन संध्या सहित कई कार्यक्रमों में शामिल हुईं। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए अपने घर की बहू-बेटी को आशीर्वाद दीजिये। वह हमेशा आपके बीच रह कर सेवा करेगी। यदि नरीमन और नीतीश भारद्वाज की तरह ग्लैमर और वादों की भूल-भुलइया में पड़ कर बाहरी को चुना तो धोखा के सिवा कुछ नहीं मिलेगा।

## 23 को चुनाव जीते तो 24 को बुल्डोजर से कदमा की सड़क खुलवायेंगे : सरयू राय



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने शुक्रवार को दो टूक घोषणा की कि अगर 23 नवंबर को वह चुनाव में विजयी होते हैं तो 24 नवंबर को वह बुल्डोजर से कदमा की बंद सड़क को खुलवा देंगे. उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रसासन निष्पक्ष चुनाव नहीं कराएगा तो चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे. यहां झूला मैदान में आयोजित रैली में सरयू राय ने कहा कि कदमा, सोनारी, मानगो, बिष्टुपुर और साकची से अगर हम लोग ज्यादा से ज्यादा वोटों की बढ़त बना लेते हैं तो विजयश्री हमारी होगी. ऐसा पहले भी होता रहा है. श्री राय ने कहा कि आज सुबह जब गणेश पूजा मैदान में स्टेज बनाने के लिए हमारे लोग आये तो पता चला कि यह मैदान कांग्रेस ने बुक करा रखी है. दूसरा, तीसरा, चौथा....हर मैदान कांग्रेस ने बुक करा रखी थी. यह बदमाशी है. उन्होंने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से फोन पर बात की और उनसे कहा कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने का निर्देश दिया है. क्या इसे ही निष्पक्ष चुनाव करवाना कहते हैं?

## जमशेदपुर के बांग्ला साहित्यकार अनूप जीवनानन्द स्मृति सम्मान से पुरस्कृत



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोलकाता के सियालदह स्थित कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित जीवनानन्द स्मृति सम्मान से पुरस्कृत किए गए जमशेदपुर निवासी साहित्यकार अनूप कुमार दास। इस संबंध में अनूप कुमार दास ने बताया कि अक्षरस्त्रोत साहित्य पत्रिका (आलोकचित्र व अंतवेव अंगना) की ओर से जीवनानन्द स्मृति सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया था। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से आए बांग्ला भाषा से जुड़े कवि और साहित्यकारों ने भाग लिया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।

### ईचागढ़ की धरती पर फिर गरजी कल्पना सोरेन, विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

# झारखंडियों का पैसा मोदी सरकार दें, झारखंडियों को आता है राज्य चलाना

**- केंद्र सरकार में हिम्मत है, तो सरना धर्म कोड करे पारित**





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर/ईचागढ़ :** अभी झारखंड में चुनाव चल रहा है। बाहर से कई लोग झारखंड के लोगों को ठगने के लिए आएंगे, परंतु केंद्र सरकार पर झारखंड का जो पैसा बकाया है, उसे वापस दिलवाने के लिए वह कुछ भी नहीं बोलेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की भेदभाव नीति के कारण आज झारखंड के लोगों का पैसा केंद्र सरकार अपने पास फंसा कर रखा है। चुनाव प्रचार के लिए राज्य में गृह मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक आएंगे। बस उनसे एक ही अपील है कि झारखंडियों का पैसा वापस कर दें, राज्य चलाने झारखंडियों को आता है। उक्त बातें एनडीए पर हमला करते हुए इंडिया गठबंधन की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा। स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ईचागढ़ प्रखंड के हाईस्कूल मैदान टिकर में इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विधायक सविता महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंची थी।

कल्पना सोरेन ने कहा कि पिछले 5 वर्षों के कार्यकाल में हेमंत सोरेन ने सिर्फ झारखंड की आवाज उठाई. झारखंडियों के लिए उन्होंने अपनी आवाज बुलंद की है। हेमंत सोरेन ने सर्वजन पेंशन योजना लागू किया जिसके तहत झारखंड के 27 लाख लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। राज्य में मंईयां सम्मान योजना चलाकर महिलाओं को सम्मान दिया। गठबंधन सरकार ने बिजली बिल माफ और कृषि ऋृण माफ कर ग्रामीणों को बहुत बड़ा लाभ पहुंचाया । उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार ने हर कदम पर हेमंत सोरेन को परेशान करने का एक भी मौका नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में फिर से हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में बनेगी और हमारा झारखंड राज्य विकास की बुलंदी को छूएगा। सरना धर्म कोड कैबिनेट से पास हुआ लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर ब्रेक लगा दिया।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार में हिम्मत है, तो सरना धर्म कोड पारित करें. अगर उनमें हिम्मत है, तो 1932 का खतियान पारित करें।

## बन्ना गुप्ता ने सपत्नी अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ





**- राहुल गांधी आज मानगो गांधी मैदान में जनसभा को करेंगे संबोधित**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी सुधा गुप्ता के साथ छठ के पावन अवसर पर सोनारी दोमुहानी संगम घाट पर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य अर्ध्य दिया. उन्होंने छठी मईया से झारखंडवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की. बन्ना गुप्ता कदमा, सोनारी और मानगो के विभिन्न घाटों पर गए और छठ व्रतधारियों से मिल कर उन्हें पर्व की बधाईयां दी.

**सिलिंडर की आग से कमल को जलाने वाले आज कहते हैं - सिलिंडर ही कमल**

मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने कहा कि इस चुनाव में बड़ी हास्यास्पद स्थिति है. जो लोग पिछले चुनाव में सिलिंडर की आग से कमल को जलाने में लगे थे, वे लोग ही आज कहते हैं कि सिलिंडर ही कमल है. पर अब मतदाता जागरूक हो चुके हैं, वे दिग्भ्रमित नहीं होने वाले हैं. उन्हें सोनारी में भव्य छठ भी दिख रहा है. साथ ही जनता को मानगो में बनता हुआ फ्लाइ ओवर भी दिख रहा है. जमशेदपुर पश्चिमी की समझदार जनता इवीएम के क्रमांक एक पर इतनी जोर से बटन दबाएगी कि उसकी गूंज दिल्ली दरबार तक जाएगी. इस बार मतों का अंतर ही यह बात साबित कर देगा कि जमशेदपुर की जनता विकास करने वाले बन्ना गुप्ता के साथ है.

**नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का होगा आज गांधी मैदान, मानगो में संबोधन**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और जन जन के नेता राहुल गांधी का जमशेदपुर आगमन हो रहा है. वे आज नौ नवंबर को दोपहर एक बजे सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेगे. जहां से मानगो बड़ा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे. उसके बाद मानगो गांधी मैदान में पहुंचेगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे. बन्ना गुप्ता ने गांधी मैदान पहुंच कर टेंट झंडा इत्यादि का जायजा लिया.

**गुजराती समाज को दी जलाराम जयंती की शुभकामनाएं**

जलाराम जयंती के अवसर पर बन्ना गुप्ता अपनी पत्नी के साथ गुजराती सनातन समाज, बिस्टुपुर पहुंचे. जहां गुजराती समाज को भक्त जलाराम बापा की जयंती की शुभकामनाएं दी और प्रसाद ग्रहण किया. वे कदमा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, बिस्टुपुर में सत्यनारायण मंदिर और मानगो राजस्थान भवन भी गए. जहां अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया और ईश्वर से कामना की. बन्ना गुप्ता ने सोनारी में जनसंपर्क किया और घर घर जाकर लोगों से समर्थन की अपील की।

## 5 किलो चावल और हजार रुपए उपलब्धि नहीं, बदलाव के लिये वोट करें : जयराम महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** शुक्रवार को जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम हाटतोला मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो खूब गरजे। उन्होंने भाजपा, झामुमो, कांग्रेस और आजसू के नेताओं और वर्तमान व पूर्व की सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए झारखंड की बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया। जयराम महतो ने कहा कि आवाज से पता चल रहा है कि हालत खराब है। आज हम 3 साल से ऐसे ही लगातार भाषण दे रहे हैं। भाषण का आवाज दबा हुआ हो सकता है लेकिन इससे पूरे झारखंड में हड़कंप मचा हुआ है। इस मौसम में अभी तक अभी तक लोग उपस्थित हैं यह साफ संकेत है कि जुगसलाई बदलाव की ओर है। उन्होंने कहा हमने जुगसलाई के लिए शिक्षित, कर्मठ, होनहार, जुझारू, ऊर्जावान सज्जन पुरुष को प्रत्याशी बनाया है आपलोग इन्हें जिताएं, रांची विधानसभा में हम मजबूती से दहाड़ेंगे। इस दौरान उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्रियों द्वारा अपने रिश्तेदारों को टिकट देने पर कहा कि उन्हें हराना बहुत जरूरी है अन्यथा गरीबी कभी भी खत्म नहीं होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना व 5 किलो चावल की योजना को गुलामी का प्रतीक बताया। जुगसलाई के प्रत्याशी विनोद स्वांसी ने कहा कि 24 वर्ष हो गए हैं, स्थानीयता परिभाषित नहीं हुआ। झारखंड की रखवाली करने के लिए कोई बाउंड्री नहीं हुआ। इसके कारण छोटे से छोटे पदों पर भी पूरे देश के लोग नौकरी पाते हैं और हमारे लोगों को शिक्षित युवा बेरोजगार रह जाते हैं। इसी व्यवस्था को खत्म करने व नई व्यवस्था लाने के लिए टाइगर जयराम महतो की टीम द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है उसमें आपका सहयोग चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेएलकेएम नेता बहादुर सहिस, गणपति करूआ,अनिल बास्के, सुभाष महतो, देवब्रत महतो, शैलेंद्र महतो, हाराधन महतो, डॉ. तरुण कुमार महतो, फनी भूषण महतो, हिमांशु महतो, रंजन गोप, गोपेन महतो, संदीप महतो, सुब्रत महतो, भैरव महतो, अशोक महतो, मृत्युंजय महतो व सागर महतो आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## फेनेस्टा ने बिंदल मॉल में खोला अपना एक्सक्लूसिव शोरूम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में मरीन ड्राइव के बिंदल मॉल में भारत के सबसे बड़े विंडोज और डोर ब्रांड फेनेस्टा ने एक एक्सक्लूसिव शोरूम खोलकर अपने खुदरा विस्तार को मजबूत किया है. यह अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एल्युमीनियम विंडो और डोर, यूपीवीसी विंडो और डोर और सॉलिड पैनल डोर पेश करता है. फेनेस्टा के बिजनेस हेड, साकेत जैन ने कहा, हमारा विकास ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई उत्पाद रेंज और उत्कृष्ट सेवा के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित है. जमशेदपुर के खुदरा बाजार में विस्तार करना हमारे मूल्यों और हमारे भागीदारों के साथ हमारे भरोसे को दर्शाता है. इस लॉन्च के साथ, फेनेस्टा ने अपने मौजूदा और संभावित ग्राहकों के लिए एक इंटरैक्टिव और जानकारीपूर्ण खरीदारी अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एक और मील का पत्थर स्थापित किया है. फेनेस्टा शोरूम ग्राहकों तक महत्वपूर्ण पहुंच बनाने और बाजार में अग्रणी स्थिति बनाने में सफलतापूर्वक योगदान दे रहे हैं. इस लॉन्च के साथ, फेनेस्टा अब 900 स्थानों पर सेवा दे रहा है।

## एनआईटी जमशेदपुर का 14वां दीक्षांत समारोह आज

**- दो छात्रों को स्वर्ण पदक और 17 छात्रों को मिलेगा रजत पदक**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआई टी) जमशेदपुर ने शनिवार को अपने 14वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन कर रहा, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध में अभूतपूर्व उपलब्धियों का जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मीडानी हैदराबाद के सीएमडी डॉ. संजय कुमार झा जबकि सम्मानित अतिथि एनआई टी पटना के निदेशक प्रोफेसर टी.एन. सिंह और आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा होंगे। समारोह में दो छात्रों को स्वर्ण पदक और 17 छात्रों को रजत पदक प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष एनआईटी जमशेदपुर ने कुल 1,109 डिग्रियाँ प्रदान करेगी, जिनमें 721 स्नातक, 285 स्नातकोत्तर और 03 पीएचडी डिग्रियाँ शामिल हैं। संस्थान ने 98 प्रतिशत बी.टेक और 60 प्रतिशत एम.टेक सीटों के सफलतापूर्वक भरने का रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही, 13 नए स्नातकोत्तर कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं, जिसमें एम.डेस और विभिन्न एम.टेक कोर्स शामिल हैं। पाठ्यक्रमों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन ई पी) 2020 के अनुरूप अद्यतन किया गया है, जिसमें मल्टी-एंट्री और मल्टी-एग्जिट (एमई-एम ई) जैसे विकल्प भी दिए गए हैं।

एन आई टी जमशेदपुर के प्लेसमेंट सेल ने शानदार प्रदर्शन किया है। 93.76 प्रतिशत बी.टेक छात्रों का प्लेसमेंट हुआ, जिसमें 725 नौकरी प्रस्ताव दिए गए। खास बात यह है कि श्रृष्टि चिरानिया ने रुब्रिक में 1.23 करोड़ रुपये का पैकेज हासिल कर एक मील का पत्थर स्थापित किया। वहीं, 6 छात्रों को एटलासियन से 82 लाख रुपये तक के पैकेज के प्रस्ताव मिले।

# जमशेदपुर पूर्वी में डॉ. अजय की लहर, लोगों ने लगाये जिंदाबाद के नारे



**- मोहरदा एवं बारीडीह बस्ती में चलाया गया जनसम्पर्क अभियान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डा.अजय ने शुक्रवार को मोहरदा के रमनी फ्लैट, विजया गार्डेन, वास्तु विहार, मुराकाटी बस्ती, संताल बस्ती के साथ ही बारीडीह बस्ती में हरि मंदिर, निराला पथ,दिनकर पथ,मीरा पथ, गांधी रोड एवं नागा डुंगरी सहित अन्य क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान चलाया. इस दौरान लोगों ने डा. अजय कुमार का स्वागत किया. बस्तियों में नागरिक सुविधा की भारी कमी के संबंध में उनका ध्यान आकृष्ट कराया. लोगों ने कहा कि इस बार उनका वोट सिर्फ डा. अजय को ही जाएगा. अजय कुमार एक शिक्षित एवं ईमानदार व्यक्ति है. उन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान बेहतर काम किया है. वहीं मौके पर डा. अजय ने कहा कि अगर लोंगों ने मुझे समर्थन किया तो मैं उनके विश्वास पर खरा उतरने की हरसंभव प्रयास करुंगा. बस्तियों में उच्च स्तरीय नागरिक सुविधा उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है. शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. मोहरदा, बारीडीह बस्ती एवं बिरसानगर के लोगों को 25 वर्षों में शुद्ध पेयजल नहीं उपलब्ध कराने वाले दोबारा किस मुंह से वोट मांगने आ रहे है. मालिकाना तो छोड़िए 25 वर्षों में इन बस्तियों में शुद्ध पेयजल नहीं उपलब्ध करा पाए यह है बीजेपी की विकास की गाथा.

## छठ व्रतियों ने डॉ. अजय को दिया विजय भवः का आशीर्वाद, किया प्रसाद का वितरण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय ने छठ के दूसरे दिन उद्दीयमान भगवान भास्कर को अर्ध्य दिया. इस दौरान छठ व्रतियों ने अजय कुमार को विजय भवः का आशीर्वाद दिया. वहीं छठ व्रतियों के सेवा के लिए लगाए गए शिविर में अजय कुमार ने लोगों के बीच प्रसाद किया. मौके पर डा. अजय ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ आपसी प्रेम एवं भाईचारा का प्रतिक है. यह पर्व सभी समुदाय एवं वर्ग के लोग आपसी भेदभाव मिटाकर एक साथ मिलकर मनाते है. उद्दीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने का अर्थ नई ऊर्जा एवं उम्मीद के प्रति आस्था एवं विश्वास का होना. डा. अजय ने कहा कि छठी मईया सभी जमशेदपुर वासियों का कल्याण करे उन्हें सुख समृद्धि एवं सद्बुद्धि प्रदान करें.

## भाजपा के बिगड़े बोल मुखी समाज को बताया गद्दार, डॉ. अजय ने कहा दर्ज करायेगें एफआइआर

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा अपनी हार की डर से घबरा गई है. उनके नेताओं के दिमाग खराब हो गए हैं इसलिए विभिन्न समाज के प्रति अपशब्दों का प्रयोग कर रहे है. उन्होंने बीजेपी के अधिकृत फेसबुक आइडी से मुखी समाज के संबंध किए गए पोस्ट को शर्मनाक बताते हुए इनके खिलाफ मामला दर्ज कराने की बात कही. डा.अजय ने कहा कि बीजेपी को किसी समाज और गरीब लोगों से कोई मतलब नहीं, उन्हें हर कीमत पर केवल सत्ता चाहिए. बीजेपी के फेसबुक पर किया गया पोस्ट उनके दोहरे चरित्र को उजागर करता है. मुखी समाज हमारे समाज के अभिन्न अंग है उनके खिलाफ इस प्रकार के पोस्ट करना कहीं ना कहीं उनके घृणित मानसिकता को दर्शाता है. कोई यदि बीजेपी को वोट नहीं देगा तो क्या वो राष्ट्र विरोधी हो जाएगा यह कैसी सोच है. उल्लेखनीय है कि बीजेपी के अधिकृत फेसबुक आइडी 'भाजपा पूर्वी विधानसभा' से एक पोस्ट किया गया है. जिसमें जमशेदपुर मुखी समाज को गद्दार और राष्ट्र विरोधी शक्ति को बढ़ावा देने वाला कहा गया है. यह भी लिखा गया है कि बीजेपी को मुखी समाज की वोट की जरुरत नहीं. डा. अजय कुमार ने कहा कि सरकार एवं चुनाव आयोग को पत्र लिख कर इस प्रकार सामाजिक संरचना को तोड़ने वाले विचारों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग करेंगे. ताकि समाज में विभेद पैदा करने वाले विचार एवं पोस्ट पर अविलंब रोक लग सकें, एवं पोस्ट करने वालों को जेल भेजा जाए.

विचार प्रवाह

संपादकीय

# कश्मीर में 'आतंक' पर सवाल

**जम्मू** कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में लगातार दूसरे दिन आतंकी हमला किया गया। रविवार को जहां ग्रेनेड फटा, उससे मात्र 600 मीटर दूर मुख्यमंत्री आवास और ऐतिहासिक 'लाल चौक' हैं। यह उच्चतम सुरक्षा का क्षेत्र है। फिर ऐसे क्षेत्र में आतंकी और उनके हथियार कैसे पहुंच गए? यह बेहद गंभीर सवाल है। हमारी सुरक्षा-व्यवस्था पर भी सवाल उठते हैं। आतंकियों के निशाने पर सीआरपीएफ के बंकर थे, लेकिन ग्रेनेड भीड़-भाड़ वाले साप्ताहिक बाजार में फटा, नतीजतन 12 नागरिक घायल हो गए। घायलों में 6 की उम्र 20 साल से कम बताई गई है। जहां आतंकी हमला किया गया, उसके पास ही पर्यटक स्वागत केंद्र, आकाशवाणी, दूरदर्शन केंद्र, कई बस्तियां और बाजार हैं, लिहाजा यह बेहद भीड़वाला इलाका है। कश्मीर घाटी में इधर जितने भी हमले हुए हैं, वे सभी बाहरी आतंकियों ने किए हैं। श्रीनगर के हमले स्पष्ट करते हैं कि आतंकी सरहद से घनी आबादी के बीच आसानी से पहुंच रहे हैं, लिहाजा सुरक्षा बलों और सेना को घुसपैठ रोकने के लिए कड़ी प्रहारात्मक कार्रवाई करनी होगी। बाहरी आतंकियों की पहचान पुख्ता कर उन्हें ढेर करना होगा। अनुच्छेद 370 और 35-ए निरस्त करने के बाद से श्रीनगर शांत था। कोई आंदोलन नहीं, कोई बहिष्कार नहीं था। यहां आखिरी आतंकी हमला अप्रैल, 2022 में हुआ था। तब 2 आतंकी मारे गए थे। इधर चुनाव होने और लोकतांत्रिक सरकार बनने के बाद आतंकी हमलों की निरंतरता बढ़ी है। बीती 18 अक्तूबर को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के चुनाव क्षेत्र गांदरबल जिले में जो आतंकी हमला किया गया था, उसके बाद 9 आतंकी हमले किए जा चुके हैं। हमारे जांबाज जवान 'शहीद' हुए हैं और घायल भी हुए हैं, लेकिन 9-10 आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया है। हमलों की निरंतरता पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सवाल किए हैं कि ये आतंकी हमले बढ़ क्यों रहे हैं? सरकार बनने से पहले हमलों में तेजी क्यों नहीं आई? इसकी स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फल-फूल रहा था, लेकिन यह सबसे निचले स्तर पर था, लिहाजा मैं जांच की मांग कर रहा हूं। श्रीनगर के खानयार में आतंकी को मारा नहीं जाना चाहिए था। आतंकियों को जिंदा पकड़ें, ताकि पता चल सके कि क्या उमर सरकार को अस्थिर करने का काम किसी एजेंसी को सौंपा गया है? फारूक किस एजेंसी की बात कर रहे हैं? यदि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई पर संदेह है, तो कश्मीर के आतंकवाद में उसकी भूमिका तय है। हम महसूस कर चुके हैं। यदि भारत की किसी एजेंसी पर फारूक को शक है, तो उसके नाम का खुलासा करें। ऐसे आरोप बेमानी हैं। जब गांदरबल जिले में आतंकी हमला किया गया था, तब फारूक ने पाकिस्तान के खिलाफ बेहद तल्ख टिप्पणियां की थीं और कहा था-कश्मीर पाकिस्तान नहीं बनेगा, नहीं बनेगा। लेकिन अब फारूक अब्दुल्ला का स्वर बदला हुआ है। उमर सरकार के खिलाफ साजिश कौन करेगा? नेशनल कॉन्फ्रेंस सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है, लिहाजा सरकार उसी के नेतृत्व में बननी थी। दरअसल कश्मीर में आतंकवाद कहां समाप्त हुआ है? बेशक आतंकियों की संख्या मु_ी भर है, लेकिन पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद सक्रिय रहा है। बेशक नया कश्मीर उभर रहा है। कई हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है। स्कूल-कॉलेज, स्टेडियम, बाजार, डल लेक आदि सभी आकर्षक स्थल खुले हैं। सर्दियां आरंभ हो गई हैं, लिहाजा औसतन हर सप्ताह करीब 1200 वेंडर्स श्रीनगर के साप्ताहिक बाजार में आते हैं और अपने गर्म कपड़े बेचते हैं। उसी भीड़ पर वह ग्रेनेड फटा था। सैलानियों की अच्छी-खासी संख्या भी कश्मीर में दस्तक दे रही है। राजस्व की आमद शुरू हो चुकी है, लेकिन अभी भारत सरकार या मुख्यमंत्री किसी भी तरह का दावा नहीं कर सकते कि आतंकवाद मृतप्राय हो गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी कहा है कि नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं है। सुरक्षा तंत्र को जल्द ही इन हमलों को नेस्तनाबूद करने की कोशिश करनी चाहिए।

> हमारी सुरक्षा-व्यवस्था पर भी सवाल उठते हैं। आतंकियों के निशाने पर सीआरपीएफ के बंकर थे, लेकिन ग्रेनेड भीड़-भाड़ वाले साप्ताहिक बाजार में फटा, नतीजतन 12 नागरिक घायल हो गए। घायलों में 6 की उम्र 20 साल से कम बताई गई है। जहां आतंकी हमला किया गया, उसके पास ही पर्यटक स्वागत केंद्र, आकाशवाणी, दूरदर्शन केंद्र, कई बस्तियां और बाजार हैं, लिहाजा यह बेहद भीड़वाला इलाका है। कश्मीर घाटी में इधर जितने भी हमले हुए हैं, वे सभी बाहरी आतंकियों ने किए हैं। श्रीनगर के हमले स्पष्ट करते हैं कि आतंकी सरहद से घनी आबादी के बीच आसानी से पहुंच रहे हैं, लिहाजा सुरक्षा बलों और सेना को घुसपैठ रोकने के लिए कड़ी प्रहारात्मक कार्रवाई करनी होगी।

### ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी

# भारत विरोधी खालिस्तानियों को ट्रूडो सरकार की शह

ललित गर्ग

> खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं।

**कनाडा** भारत विरोधी गतिविधियों एवं खालिस्तानी अलगाववाद को पोषण एवं पल्लवन देने का बड़ा केन्द्र बनता जा रहा है। खालिस्तानी झंडे लिये प्रदर्शनकारियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हमला बोला, हिन्दुओं के साथ हिंसक झड़प की, जिन्हें लेकर ट्रूडो सरकार मूक दर्शक बन कर भारत विरोधी तत्वों को शह देती रही है। इसके अलावा कनाडा के प्रमुख शहरों, टोरंटों, वैंकूवर और सरे से मंदिरों पर भी हमले खबरें परेशान करने वाली हैं। सभी जगहों पर हमला खालिस्तान समर्थक अतिवादियों ने किया। इन हमलों ने कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, वीडियो में मारपीट के दृश्य भी दिखाई दे रहे हैं। जानबूझकर मन्दिर पर किये इन हमलों की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि कायराना एवं शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन घटनाओं की निन्दा करते हुए ट्रूडो सरकार को चेता कर हिंसा को असहनीय बताया एवं कहा कि ऐसी घटनाएं भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर पायेंगी। निश्चित ही खालिस्तानी पृथकतावादियों को खुली छूट देकर ट्रूडो सरकार दोनों देशों के आपसी संबंधों में कडवाहट घोल रहे हैं। यह विडंबना ही है कि कानून का पालन करने वाले प्रवासी भारतीय सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा दांव पर है। दरअसल, अल्पमत में आई ट्रूडो सरकार राजनीतिक स्वार्थों के लिये निचले स्तर का खेल खेल रही है। वह अगले साल होने वाले आम चुनाव में फिर सरकार बनाने के लिये ऐसे संकीर्ण, विघटनकारी एवं स्वार्थी राजनीतिक हथकंडों को अपनाकर अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी चला रही है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, भारत-कनाडा संबंधों को बचाने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। अब तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे भारत-कनाडा संबंधों को सामान्य बनाने के लिये यह अपरिहार्य अनिवार्य शर्त भी है। निश्चित रूप से जस्टिन ट्रूडो सरकार को वहां सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादियों को भारत के खिलाफ जहर उगलने के लिये कनाडाई क्षेत्र के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देनी चाहिए, क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर ट्रूडो सरकार द्वारा उपद्रवियों को संरक्षण देना उसकी राजनयिक और लोकतांत्रिक साख को कमजोर करने वाला कदम ही है। राजनीतिक स्वार्थों के लिये प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थकों का



सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खण्डित करने पर तूले हैं, वे खालिस्तानी अतिवादियों को बेलगाम करके खूद के लिये भी खतरा मोल ले रहे हैं, वे यह समझने को तैयार नहीं कि खालिस्तान समर्थक भारत के साथ-साथ कनाडा के लिए भी खतरा बन सकते हैं। वे पहले से ही ड्रग्स और हथियारों के साथ मानव तस्करी में लिप्त हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह समझना होगा कि कनाडा की नागरिकता लिए खालिस्तानी अतिवादी खालिस्तान का कितना ही शोर मचाएं, भारत में उसका कहीं कोई समर्थन नहीं और भारत की एकता पर उसका तनिक भी असर नहीं होने वाला है। गौर करने वाली बात यह है कि ट्रूडो के मुकाबले इस घटना की ज्यादा कड़ी निंदा कनाडा के ओंटारियो सिख ऐंड गुरुद्वारा कौंसिल ने की है। वैसे यह भी ध्यान रखना होगा कि मंदिरों में जिन पर हमला हुआ, वे भी कनाडा के ही नागरिक हैं। जस्टिन ट्रूडो ने जितनी सक्रियता खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले में दिखाई, उतनी इस मामले में भी दिखाते, तो शायद चीजें बदल सकती थीं, जो उनके लिये ज्यादा राजनीतिक लाभकारी होती। यह एक विडंबना ही है कि कुछ दशक पहले तक खालिस्तान के जिस पागलपन ने भारत को काफी परेशान किया था, पंजाब एवं समूचा देश लम्बे समय तक खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा और अब जब भारत से उसका नामो-निशान तक मिट चुका है, तो कनाडा में उसे जोर-शोर से पाला-पोसा जा रहा है। मामला सिर्फ इतना नहीं है, कनाडा अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी दूसरे देश के खिलाफ होने दे रहा है, तो इस पर पूरी विश्व बिरादरी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। हम सीमा पार आतंकवाद फैलाने के पाकिस्तानी दंश को लंबे अरसे से भोगते रहे हैं और अब कनाडा में जो हो रहा है, वह भी एक तरह से सीमा पार अलगाववाद फैलाना ही है। भारत को कनाडा के साथ अमेरिका के रवैये पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि वह गुरपतवंत सिंह पन्नू को खुले तौर पर संरक्षण दे रहा है। भारत के खिलाफ विदेश की धरती से हो रहे इन षड़यंत्रों एवं साजिशों को गंभीरता से लेना होगा। पिछले साल खालिस्तान समर्थक कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद ट्रूडो सरकार लगातार, भारत के साथ लापरवाही से रिश्ते खराब कर रही है। इस नतीजे पर पहुंचने का एक कारण यह भी है कि कनाडा के साथ अमेरिका की भी नागरिकता लिए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कुछ दिनों पहले यह धमकी दी थी कि कनाडा के हिंदुओं को दीवाली नहीं मनाने दी जाएगी। इस धमकी के बाद भी यदि खालिस्तानी चरमपंथी हिंदू मंदिर में धावा बोलने आ गए तो इसका यही मतलब निकलता है कि कनाडा सरकार का उन पर लगाम लगाने का कोई इरादा नहीं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और वहां के प्रमुख विपक्षी दल के नेता ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाए जाने की निंदा की, लेकिन इनमें से किसी ने भी खालिस्तान समर्थकों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं समझा, इससे स्पष्ट है कि कनाडा सरकार खालिस्तानियों को खुला समर्थन कर रही है। बहरहाल, यह तय है कि रह-रह कर सामने आ रही यह हिंदू-सिख संबंधों में तल्खी, भारत तथा कनाडा सरकारों के संबंधों में आ रही गिरावट से गहरे तक जुड़ती है। हाल के दिनों में कनाडा सरकार के मंत्रियों ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए भारत सरकार पर अनेक आक्षेप किये हैं। यहां तक कि कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मॉरिसन ने भारतीय गृह मंत्री पर आरोप लगाये कि उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये हिंसा व खुफिया जानकारी जुटाने के आदेश दिए। जैसा कि स्वाभाविक ही था इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप का भारत सरकार ने भी कड़ा प्रतिवाद किया है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नई दिल्ली ने इन आरोपों को बेतुका और निराधार बताकर नकार दिया है। कनाडा सरकार इसके कोई ठोस प्रमाण न देकर खुद को ही हंसी का पात्र बनाया।

दृष्टि कोण

# भारतीय क्रिकेट में बदलाव की मांग उचित

**घटनाओं** के एक उल्लेखनीय और अप्रत्याशित मोड़ में, न्यूजीलैंड ने भारतीय धरती पर भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसने प्रशंसकों और विशेषज्ञों को चौंका दिया। यह उपलब्धि कोई छोटी उपलब्धि नहीं है, क्योंकि भारत की घरेलू पिचें, जो अपने स्पिन-अनुकूल स्वभाव के लिए जानी जाती हैं, लंबे समय से राष्ट्रीय टीम के लिए एक किला रही हैं, जिससे किसी भी मेहमान टीम द्वारा श्रृंखला जीतना दुर्लभ हो गया है। यह 3.0 की जीत न्यूजीलैंड के लिए एक अभूतपूर्व सफलता है और भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण झटका है। इसने खेल के सभी निकायों के भीतर चिंतन की लहर और बदलाव की मांग को बढ़ावा दिया है। भारत में टेस्ट सीरीज जीतना क्रिकेट में सबसे कठिन चुनौतियों में से एक माना जाता है। ऐतिहासिक रूप से, भारत ने घरेलू मैदानों पर दबदबा बनाया है, जिसमें स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों का लाभ उठाया गया है और विरोधियों से उच्च स्तर की अनुकूलनशीलता और कौशल की आवश्यकता होती है। न्यूजीलैंड का क्लीन स्वीप न केवल उनकी अनुकूलनशीलता को दर्शाता है, बल्कि तैयारी और रणनीति के असाधारण स्तर को भी दर्शाता है जिसने उन्हें भारत की ताकत को खत्म करने की अनुमति दी। यह जीत निस्संदेह विश्व क्रिकेट में शीर्ष दावेदार के रूप में न्यूजीलैंड की प्रतिष्ठा को बढ़ाएगी। श्रृंखला में आश्चर्यजनक हार के बाद, भारत का क्रिकेट समुदाय निराशा से भरा हुआ है, जिससे टीम की दिशा और नेतृत्व पर सवाल उठ रहे हैं। प्रशंसकों और विश्लेषकों ने भारत के असंगत प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त की है और कोचिंग तथा चयन रैंक के भीतर आत्मनिरीक्षण की मांग की है। आलोचकों का तर्क है कि कोचिंग स्टाफ ने देश की प्रतिभा के विशाल पूल का अधिकतम उपयोग नहीं किया है, खासकर बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के प्रमुख क्षेत्रों में। टीम प्रबंधन के लिए एक नए दृष्टिकोण की मांग की जा रही है, जिसमें कुछ लोग टीम में नए दृष्टिकोण और रणनीतियों को शामिल करने के लिए पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तानों को विभिन्न कोचों के रूप में शामिल करने की वकालत कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसने टीम चयन प्रक्रियाओं की बारीकी से जांच करने का आग्रह किया है। कई लोगों का मानना है कि उभरते हुए खिलाडियों को अधिक अवसर दिए जाने चाहिएं, ताकि स्पॉट के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो और एक नया जोश भरा टीम लाइनअप हो जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव को संभाल सके। इस झटके के बावजूद, विदेशी धरती पर भारत की हाया सफलताएं, जैसे कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में उल्लेखनीय जीत, चुनौतीपूर्ण वातावरण में टीम की लचीलापन और क्षमता की याद दिलाती हैं। इन जीतों ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत किया है, जो घर से बाहर उनकी अनुकूलन क्षमता को दर्शाता है। हालांकि, न्यूजीलैंड की मौजूदा जीत, साथ ही 2021 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की जीत, कीवी टीम के एक दुर्जेय क्रिकेट पक्ष के रूप में खुद के विकास को रेखांकित करती है। उनकी अनुकूलन क्षमता, सामरिक प्रतिभा और अनुशासित दृष्टिकोण ने उन्हें एक ऐसी टीम बना दिया है जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। जैसा कि यह श्रृंखला समाप्त हो गई है, यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, पुनर्मूल्यांकन, पुनर्संतुलन और सुधार की दिशा में निर्णायक कदम उठाने का समय है। आगे की राह में नेतृत्व में रणनीतिक बदलाव, चयन मानदंडों का पुनर्मूल्यांकन और नई प्रतिभाओं को पोषित करने की प्रतिबद्धता शामिल होगी। न्यूजीलैंड के लिए, यह कठिन संघर्ष वाली जीत उनके धैर्य और रणनीतिक कौशल का प्रमाण है। यह याद दिलाता है कि दृढ़ता और अनुकूलनशीलता सबसे चुनौतीपूर्ण वातावरण पर भी विजय प्राप्त कर सकती है। न्यूजीलैंड की जीत को दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में मनाया जाएगा, जो क्रिकेट की दुनिया में एक प्रेरणादायक उपलब्धि है। जबकि भारतीय प्रशंसक तेजी से पुनरुत्थान की उम्मीद कर रहे हैं और न्यूजीलैंड की तर्ज पर भारत की ऑस्ट्रेलिया की धरती पर जीत की उम्मीद कर रहे हैं। साथ ही यह भी सच है कि वल्ड कप और अन्य सीरीज तथा मैचों में हमारे देश की क्रिकेट टीम का प्रदर्शन अब तक बहुत अच्छा भी रहा है। हमारे देश की क्रिकेट टीम दुनिया की नंबर वन टीम भी है। हमारे देश के हर खिलाड़ी का सपना और विश्वास होता है कि वो जीत हासिल करे, लेकिन खेल में हर बार हर खिलाड़ी को सफलता ही मिले, यह भी संभव नहीं। हमें अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन को याद रखना चाहिए। अगर किसी मैच में हार भी मिलती है तो हमें अपने खिलाडियों का विरोध नहीं करना चाहिए और न ही हमारी टीम को निराश होना चाहिए, बल्कि टीम को अपनी हार पर मंथन करते हुए अपनी त्रुटियों को दूर करते हुए पूरे जोश के साथ अगले मैच खेलने चाहिएं।

कुछ अलग

# बढ़ता दवा निर्यात

**प्रोडक्शन** लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना का सबसे ज्यादा असर ड्रग्स और फार्मास्युटिकल्स (दवा उद्योग) के निर्यात में देखने को मिला है। अब भारतीय दवाओं का निर्यात पश्चिमी देशों में लगातार बढ़ रहा है। इन देशों में अमेरिका के अलावा ब्रिटेन, फ्रांस, नीदरलैंड, बेल्जियम, जर्मनी, रूस और यूक्रेन शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका में भी दवाओं का निर्यात बढ़ा है। यूरोप, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीकाई देशों में बड़ी मात्रा में दवाओं का निर्यात होने से इस क्षेत्र में भारत की साख वैश्विक स्तर पर स्थापित हो रही है। 2019-20 में दवाओं का निर्यात 20.68 अरब डॉलर होता था, जो 2023-24 में बढकर 28 अरब डॉलर हो गया है। इस निर्यात में रेखांकित करने वाली बात है कि चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से सितंबर माह के बीच जहां कुल वस्तुओं के निर्यात में सिर्फ एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं दवाओं के निर्यात में 7.99 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। अप्रैल से सितंबर के बीच 14.45 अरब डॉलर की दवाएं निर्यात की जा चुकी हैं। दवा निर्माण करने वाले उद्योगों के पास जो अग्रिम आदेश आ चुके हैं, उनके अनुसार इस वित्तीय वर्ष के अंत तक दवा निर्यात का आंकड़ा 30 अरब डॉलर पार करने की उम्मीद की जा रही है। कोरोना महामारी तक दवा के कच्चे माल और अन्य कई प्रकार की दवाओं की उपलब्धता के लिए भारत एक हद तक आयात पर निर्भर था। इसे भारत सरकार ने एक चुनौती के रूप में लिया और दवा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के नजरिए से पीएलआई योजना लाई गई। इस योजना के अंतर्गत दर्जनों कंपनियां प्रोत्साहित हुईं और गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन करने लग गईं। उत्पादन बढ़ा तो निर्यात की संभावनाएं भी बढने लगीं, जिसका परिणाम अब प्रत्यक्ष देखने को मिल रहा है। तरल नीति बनी तो इन औषधि उद्योगों ने उत्तम गुणवत्ता की दवाएं बनाने के साथ दरें भी अपेक्षाकृत कम रखीं। इस कारण महंगी दवाओं के चलते इलाज न करा पाने वाले दुनिया के करोड़ों गरीब मरीजों के लिए भारत हमदर्द बन गया। भारत ने ब्रांडेड दवाओं के साथ सस्ती जेनेरिक दवाओं का निर्माण करने के साथ पूरी दुनिया में इनका निर्यात भी किया। फार्मा विशेषज्ञ पदोन्नति परिषद के मुताबिक वर्ष 2021-22 में भारत ने 24.47 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया था, जिसके 2030 तक 70 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। वर्तमान में दुनिया के 206 से अधिक देशों में भारत दवाओं का निर्यात करता है। इनमें जेनेरिक दवाएं तो कम हैं, किंतु ब्रांडेड दवाओं का निर्यात ज्यादा होता है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया से जो द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया था, उसके तहत भी भारत से दवाओं का निर्यात बढ़ा है। आस्ट्रेलिया को भारत अभी एक वर्ष में 34 करोड़ डॉलर की दवाएं निर्यात करता है, जो एक अरब डॉलर तक पहुंच जाएंगी। यूएई के बाजार से भारतीय दवाएं अफ्रीका के देशों में जाएंगी। दक्षिण अमेरिका के देश भी भारत की सस्ती दवाओं के लिए अपने द्वार खोल रहे हैं। यूक्रेन से लड़ाई के चलते पश्चिमी व नाटो देशों ने रूस को अनेक प्रकार की दवाएं देने पर रोक लगा दी है। इसलिए रूस ने भारत से दवाएं मांगी और भारत ने दवाएं रूस को देने का द्वार खोल दिया। यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और कनाडा के साथ भी ऐसे कारोबारी समझौते हुए हैं, जो भारत की जेनेरिक दवाएं खरीदने लगे हैं। इन दवाओं के निर्यात में कोई कमी न आए, इस दृष्टि से 35 एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रिडिएंट्स इकाइयों को उत्पादन बढ़ाने की अनुमति दी गई है।

देश दुनीया से

# दिवाली उत्सव का स्याह पक्ष

**दिवाली** का त्योहार संपन्न हो चुका है। अब जगह-जगह से प्रदूषण के कारण दम घुटने जैसी स्थिति की खबरें आनी शुरू हो चुकी हैं। दिवाली के बाद दिल्ली के साथ-साथ देश के अन्य इलाकों में भी प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है। यह दिवाली का स्याह पक्ष है। दिवाली के इस पावन पर्व पर अक्सर विभिन्न विवाद भी सामने आते हैं, खासकर पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को लेकर। इस दिन लोग आतिशबाजी करते हैं और पटाखे जलाते हैं, जिससे प्रदूषण की समस्या खड़ी होती है। पर्यावरणविदों और समाज के कुछ वर्गों का मानना है कि पटाखों से वायु और ध्वनि प्रदूषण होता है, जो मानव और पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इस विचार को लेकर कई बार विवाद उत्पन्न होते हैं और दिवाली के इस पवित्र पर्व को पर्यावरण की दृष्टि से नकारात्मक रूप में देखा जाने लगता है। हालांकि यह सत्य है कि पटाखों से कुछ हद तक प्रदूषण होता है, लेकिन इसके बावजूद इस विवाद को लेकर एक पक्ष यह भी कहता है कि प्रदूषण केवल पटाखों से नहीं होता, बल्कि अन्य गतिविधियों से भी होता है। वाहनों का धुआं, कारखानों से निकलने वाला प्रदूषण, औद्योगिक विकास के कारण पेड़ों की कटाई और अन्य मानव जनित क्रियाओं के कारण भी पर्यावरण को हानि पहुंचती है। लेकिन कुछ लोग दीपावली के अवसर पर ही पर्यावरण की चिंता प्रकट करते हैं, जबकि अन्य समय में यह मुद्दा उतनी गंभीरता से नहीं उठाया जाता है। दिवाली का पर्व जब नजदीक आता है, तब अक्सर प्रदूषण को लेकर विशेष रूप से पटाखों पर बहस छिड़ जाती है। कुछ लोग इसे हिंदू धर्म पर आघात के रूप में देखते हैं, क्योंकि अन्य धर्मों के पर्वों या अन्य उत्सवों पर इस प्रकार की बहस नहीं होती है। उदाहरण के लिए, भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट मैचों में भी आतिशबाजी की जाती है और जब अन्य समुदाय अपने त्योहार मनाते हैं, तब इस प्रकार के मुद्दे उतनी गंभीरता से नहीं उठाए जाते। प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित करना हम सभी का दायित्व है और इसके लिए हर समुदाय और हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। परंतु किसी विशेष धार्मिक पर्व पर प्रदूषण के नाम पर केवल उसी समुदाय को निशाना बनाना उचित नहीं है। सभी समुदायों को समान रूप से पर्यावरण की रक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए और एक-दूसरे के पर्वों का सम्मान करना चाहिए। औद्योगिकरण और शहरीकरण के कारण प्रदूषण में लगातार वृद्धि हो रही है। गाडियों से निकलने वाला धुआं, कारखानों से निकलने वाले विषैले पदार्थ, पेड़ों की कटाई और आधुनिक जीवनशैली ने पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है, लेकिन इसके लिए केवल दिवाली के समय ही जागरूकता की बात करना उचित नहीं है। यदि समाज को वास्तव में प्रदूषण की समस्या से बचाना है तो हर दिन, हर गतिविधि में यह ध्यान देना होगा कि हम कैसे पर्यावरण की सुरक्षा कर सकते हैं। विकास और पर्यावरण की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए संपूर्ण समाज को मिलकर प्रयास करना चाहिए। वर्तमान समय में जब पर्यावरण की स्थिति को लेकर चिंता बढ़ रही है, तो हमें भी इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से देखना चाहिए और कुछ ऐसे उपाय करने चाहिएं जिससे प्रदूषण कम हो सके। दीपावली पर हम ईको-फ्रेंडली पटाखों का उपयोग कर सकते हैं, जो कम प्रदूषण करते हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक दीयों और मोमबत्तियों के स्थान पर तेल के दीयों का अधिक उपयोग किया जा सकता है, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं होते। इससे दिवाली के पारंपरिक स्वरूप को भी कायम रखा जा सकता है और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। दिवाली का पर्व हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व न केवल परिवार और दोस्तों के साथ खुशियां बांटने का है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करने का भी है। हम इस पर्व पर जरूरतमंदों की सहायता कर सकते हैं और समाज में एकता और प्रेम का संदेश फैला सकते हैं। इसके अलावा दिवाली के अवसर पर पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को माफ कर देना भी इस पर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें सिखाता है कि सच्ची खुशी अपने प्रियजनों के साथ समय बिताने में और एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहने में है। दिवाली का पर्व अब केवल भारत तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसे विदेशों में भी बड़ी श्रद्धा और आदर के साथ मनाया जाता है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और कई अन्य देशों में भारतीय समुदाय इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं और वहां के समाज में भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हैं। इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रसार भी होता है और विदेशी समाजों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान बढ़ता है। इस प्रकार दिवाली न केवल भारत की संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि यह एक ऐसा पर्व बन गया है जो विश्वभर में भारतीय संस्कृति की महत्ता को दर्शाता है। दिवाली केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों का प्रतीक है। यह पर्व अच्छाई की जीत, एकता, प्रेम और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक है। हमें इस पर्व के महत्व को समझना चाहिए और इसे मनाने के दौरान पर्यावरण की भी रक्षा करनी चाहिए। साथ ही समाज में इस पर्व के प्रति किसी प्रकार की नकारात्मकता को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। दिवाली का पर्व हमें सिखाता है कि प्रेम, भाईचारा और सकारात्मकता के साथ हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। पर्यावरण की रक्षा हर व्यक्ति और समुदाय का दायित्व है, लेकिन यह पर्व हमें यह सिखाता है कि इस जिम्मेदारी का निर्वहन हम सभी को मिल-जुलकर करना चाहिए, न कि किसी विशेष समुदाय को इसके लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए। दिवाली के इस पवित्र अवसर पर हमें समाज में सकारात्मकता और एकता को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए ताकि यह पर्व सभी के लिए आनंद और खुशी का प्रतीक बन सके। सीमा के भीतर रहकर पटाखे जलाए जाने चाहिएं।



आप का नजरीया

# चुनावी गारंटियां बेनकाब

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी ने कहा था कि वह चोरी की इजाजत दे सकते हैं, लेकिन मुफ्तखोरी की नहीं।' मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार चेता चुके हैं कि मुफ्त की रेवडियां देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत घातक हैं। इन कथनों के बावजूद आज देश में मुफ्तखोरी और गारंटियों की ही राजनीति चल रही है। चुनावों में गारंटियों की खैरात घोषित की जाती है, लेकिन सरकार बनने के बाद बहाने बनाए जाते हैं, कन्नी काट ली जाती है, समीक्षाओं की आड़ ली जाती है, लिहाजा बहुधा गारंटियां लागू नहीं हो पातीं। मुफ्तखोरी या रेवडियों का ही नतीजा है कि देश पर करीब 176 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। यह कर्ज पूंजीगत व्यय और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी लेना पड़ा होगा! जितना हम पर कर्ज है, उतनी कई देशों की अर्थव्यवस्था भी नहीं होती। देश के सभी राज्य कर्ज में डूबे हैं। यदि कोई 'सरप्लस' में होने का दावा करता है, तो झूठ बोल रहा है। देश की जनता को बेवकूफ बना रहा है। दो मुख्य उदाहरणों के जरिए मुद्दे को समझने की कोशिश करते हैं। भारत सरकार की ओर से 81 करोड़ से अधिक लोगों में 5 किलो मुफ्त अनाज प्रति माह बांटा जा रहा है। यह योजना 2028 के अंत तक चलेगी। कोरोना महामारी के कारण यह योजना शुरू करनी पड़ी थी, लेकिन अब तो कोरोना के प्रभाव समाप्त हो चुके हैं। बाजार खुले हैं। आर्थिक गतिविधियां खूब चल रही हैं। फिर भी इतनी आबादी को सरकार ने मोहताज बनाकर क्यों रखा हुआ है? मुफ्त अनाज पर पांच साल में 11.80 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। दूसरी प्रमुख योजना है-पीएम किसान सम्मान निधि। इसके तहत किसानों को, हर चार माह में, 2000 रुपए दिए जाते हैं। सालाना 6000 रुपए उनके बैंक खातों में डाल दिए जाते हैं। करीब 8-9 करोड़ किसानों में यह राशि बांटी जाती है। इस पर कुल 60,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की बात कही जाती है। बहरहाल केंद्र सरकार की ऐसी 100 से अधिक योजनाएं हैं, जिनमें राशि बैंक खातों में जाती है अथवा सबसिडी के तौर पर दी जाती है। ये योजनाएं रेवडियां हैं या मुफ्तखोरी है अथवा जन-कल्याण की श्रेणी में आती हैं, सरकार को इन्हें अलग-अलग परिभाषित करना चाहिए। एक संदर्भ में लाभार्थी और दूसरे में रेवड़ी कैसे हो सकता है? बिजली, पानी, बस यात्रा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कर्जमाफी आदि सभी कुछ मुफ्त कैसे मुहैया कराया जा सकता है? आखिर पैसा तो देश के औसत करदाता का है। ताजा संदर्भ के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के नैतिक साहस की सराहना करनी चाहिए, जिन्होंने अपनी ही पार्टी की कर्नाटक सरकार को, गारंटियों के मद्देनजर, खरी-खोटी सुनाई और आईना दिखा दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वायदा वह करें, जो बजट के अनुरूप हो और पूरा किया जा सके। यदि गारंटियां 'खटाखट, फटाफट' घोषित की जाती हैं, तो राज्य दिवालिया हो सकता है। सरकार नाकाम हो सकती है। वायदे पूरे नहीं किए गए, तो लोग 10 साल तक कांग्रेस की सरकार नहीं चुनेंगे। मल्लिकार्जुन खडग़े ने परोक्ष रूप से राहुल-प्रियंका गांधी की गारंटियों को खारिज किया है, जो लोकसभा चुनाव के बाद 'खटाखट खटाखट' मिलनी थी। यदि एक परिवार को एक लाख रुपए सालाना 'मुफ्त' में ही मिलना है, तो देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी।

# सराढू छठ घाट में भव्य गंगा आरती का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के सराढू में छठ पूजा के अवसर पर गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सद्भावना छठ पूजा समिति के बैनर तले आयोजित किया गया। सद्भावना छठ पूजा समिति के संस्थापक एवं कार्यक्रम के संयोजक सुजीत कुमार सिंह पिछले 25 वर्षों से लगातार छठ व्रतियों के सेवा में दूध वितरण से लेकर छठ घाट के साफ सफाई सुंदरीकरण तथा विद्युतीकरण का कार्य एवम गंगा आरती का आयोजन करते आ रहे हैं। पूरे टंडवा क्षेत्र से गंगा आरती का आयोजन देखने के लिए हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु सराढू छठ घाट पहुंच कर गंगा आरती में शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह समेत मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरबिंद सिंह ईश्वर दयाल पांडे गोबिंद तिवारी आरती में शामिल हुए। स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह छठ घाट में गंगा आरती देख मंत्रमुग्ध हुए। छठ घाट विकास के लिए पार्क बनाने का उन्होंने आज घोषणा किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम का आयोजन काबिले तारीफ है इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी। सद्भावना छठ पूजा समिति के सभी पदाधिकारी इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। सद्भावना छठ पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह के द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया गया।आगे उन्होंने बताया कि इस तरह का आयोजन नियमित जारी रहेगा इसे और भी भव्य तरीके से करने का प्रयास सद्भावना छठ पूजा समिति के द्वारा किया जाएगा।

## अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने आम के पेड़ में मारी टक्कर, दो युवकों की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा चौपारण रोड स्थित बरहमपुर मोड़ के पास बीते बुधवार को मोटरसाइकिल सवार दो युवक आम के पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। बता दें की युवक मायाडिह से पांडे महुआ छठ पूजा का सामग्री लाने के लिए जा रहा था।जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से धायल हो गया। धायलो को ग्रामीणों के तत्परता से सदर अस्पताल चतरा ले जाया जा रहा।इसी दौरान उनकी मौत बीच रास्ते में ही हो गई। मृतक राजेंद्र रविदास के पुत्र बबलू रविदास बारीसाखी पंचायत गांव मायाडीह का है। जबकि दूसरा युवक रामदेव रविदास का पुत्र मुकेश रविदास टिकर पंचायत के ओबरा गांव का बताया जा रहा है। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा गिद्धौर थाना को दिया गया।और तत्परता दिखाते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने घटनास्थल पर पहुंचे।तथा शव को अपने कब्जे में लिया।एवं अंतरिक्ष परीक्षण के लिए चतरा सदर भेज दिया गया।उसके बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## विस चुनाव को लेकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च



**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आसन्न विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है।राज्य चुनाव आयोग के आदेश व लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 में शान्ति व्यवस्था को लेकर बारियातु थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में बारियातु बाजारटांड़ से फुलसु मोड चारमुहान होते हुए प्रखंड कार्यालय तक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने मतदाताओं को स्वतंत्र व निष्पक्ष रुप से मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि आगामी मतदान दिवस 13 नवंबर को मतदाता निडर होकर मतदान का प्रयोग करें।सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुस्ता प्रबंध किए जाएंगे। थाना प्रभारी ने अनैतिक तत्वों को आगाह करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन अनैतिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों और सोसल मीडिया पर कड़ी निगरानी रख रही है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह से सक्रिय अनैतिक तत्वों व गड़बडी फैलाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान आम जन से अपील की गई कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें ,तो इसकी सुचना तुरंत पुलिस को दे. ताकि उसपर कारवाई की जा सके। मौके पर थाना परिवार के पुअनि जितेंद्र कुमार पुअनि निर्मल कुमार मंडल पुअनि रितेश तिग्गा, सीआईएसएफ पदाधिकारी पी के सैनी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा का तूफानी दौरा लगातार जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** सिमरिया विधानसभा अ ज 26 के मयूरहंड प्रखण्ड में महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा का तूफानी दौरा जारी है। तूफानी दौरा में प्रत्याशी मनोज चंद्रा का गांव गांव एवं डोर टु डोर मतदाता मिलन आशीर्वाद में काफी स्नेह और प्यार मिलता जा रहा है। वहीं मतदाताओं में भी काफी खुशी है। मतदाताओं का कहना है कि सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के नजदीकी प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजयी बनवाएंगे। इसके पीछे कई कारण बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि मनोज चंद्रा कर्मठ व जुझारू उम्मीदवारी है।इनको विधानसभा में कुछ अच्छा करने का इरादा झलक रहा है। चुकी बहुत दिनों से चुनावी संघर्षशील है। सभी के सुखदुख में हमेशा शामिल रहना इनका रोजमर्रा की आदत है। वहीं भाजपा प्रत्याशी उज्वल दास हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र के रहने वाले है। वहीं भाजपा से पूर्व विधायक किसुन दास सिमरिया विधान सभा का विधायक रह चुके हैं किंतु उन्होंने विधान सभा क्षेत्र के लिए क्या किया है वो सभी को मालूम है। शराब वही है केवल भाजपा बोतल चेंज कर दिया है। अब जाती पाती धर्म समुदाय करने से भाजपा को कुछ हासिल नहीं होने वाला है । सिमरिया विधान सभा के हम सभी मतदाता एक होकर मनोज चंद्रा को बहुमत देकर विजयी बनवाएंगे। इस तरह पूरे विधान सभा के मतदाताओं का उमड़ा जनसैलाब से परिणाम सामने है। वहीं शनिवार को कल्पना सोरेन का दौरा मयूरहंड में होना है। जिसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

# बीडीओ ने स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली के जरिये किया मतदाताओं को जागरुक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा/हंटरगंज :** इन दिनों स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड क्षेत्र के सभी गांवों में मतदाता जागरुक करने का सिलसिला आरंभ हैं। बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने गुरुवार शाम को बिहिया गांव में पहुंचे और स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली बनाकर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान बीडीओ ने मतदाताओं से आगामी विधानसभा आम - चुनाव 2024 को देखते हुवे 13 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया की मतदान हम सभी का अधिकार और कर्तव्य है। यह भी देश की एक तरह की सेवा है। इसलिए लोकतंत्र में हर एक नागरिक को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदान करना चाहिए। हर वोट से सशक्त सरकार का निर्माण होता है इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलती हैं बीडीओ ने आगे कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वंचित ना रह जाए इसका विशेष रुप से ध्यान रखा जा रहा है निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार बीएलओ घर - घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहें हैं। वही ग्रामीण महिलाओं ने पहले मतदान फिर जलपान, जाती पे ना धर्म पे बटन दबेगी कर्म पे का स्लोगन लगाते हुवे ग्रामीणों ने शपथ लिया कि सब कार्य छोड़कर पहले मतदान करेंगे। इस मौके बीएलओ मीणा देवी, पंचायतीराज पदाधिकारी योगेश शर्मा, चंदन विश्वकर्मा, बीएलओ रेणु देवी, राजेश शर्मा, पिंटू यादव, नीरज सिन्हा, रविंद्र पासवान आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थें।

## बरवाडीह में भाजपा को बड़ा झटका, जिप सदस्य संतोषी ने दिया त्यागपत्र, कांग्रेस को समर्थन



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के प्रखर भाजपा नेत्री सह पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सह अपना अधिकार अपना सम्मान मंच के सचिव संतोषी कुमारी अपने सोशल मीडिया पर निजी कारणों का हवाला देते हुए भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य पद से त्यागपत्र देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह का समर्थन करने की बात कही है। बताया जा रहा है कि जिप सदस्य संतोषी कुमारी ने शुक्रवार को अपना त्यागपत्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह को दिया है। बताते चलें कि छिपादोहर में महागठबंधन के चुनावी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए संतोषी कुमारी ने बिना शर्त कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह क़ो निजी तौर पर समर्थन करने की घोषणा की है। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने संतोषी कुमारी को माला पहनाकर कर व तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व विधायक ने महागठबंधन व कांग्रेस का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही विधायक ने छिपादोहर में चुनावी दौरा कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील किया है। मौके पर राजू प्रसाद, डॉक्टर सुशील प्रसाद, कृष्ण गुप्ता, श्रवण सिंह, नंदू प्रसाद,प्रेम कुमार समेत काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिंदुस्तानी अवाम मंच हम पार्टी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के मनिका व लातेहार प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर क्षेत्र के हिंदुस्तानी अवाम मंच (से0) हम पार्टी प्रत्याशी अतुल कुमार सिंह ने क्षेत्र के लोगों से विजयी होने का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने आगामी 13 नवंबर को हम पार्टी क्रमांक संख्या कड़ाही छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से विजय बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान हम पार्टी के प्रत्याशी अतुल कुमार सिंह ने कहा कि मैं संघर्षशील शिक्षित युवा प्रत्याशी हूं मुझे एक बार मनिका विधानसभा का मौका दें हम जनता के बीच हमेशा ग्रामीण जनता के बीच खड़ा रहने का काम करेंगे। मनिका विधानसभा विकास को लेकर कोसों दूर है अतुल सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि यदि उन्हें एक बार अवसर दिया गया वे क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देंगे, चारमुखी विकास करूंगा जो अभी तक अधूरे हैं ।कई ग्रामीणों से मिले और कहा की मूलभूत सुविधाओं को क्षेत्र में लाना है। पहले नंबर शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सड़क पानी उनकी आकांक्षाओं का पूरा करना हमारा लक्ष्य है। मौके पर उनके साथ रंजीत भूईयां, संतोष सिंह, मुन्ना भूईयां, संजय भूईयां, राजेश भूईयां, मनोज भूईयां सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# छठ महापर्व हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में चार दिनों से चलने वाले आस्था के महापर्व छठ हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सेरेगड़ा, मासियातू, मुरपा, आरा, चमातु, झाबर, भैसादोंन, बसिया समेत विभिन्न गांवों में सुर्योदय का अर्ग देने के साथ छठ महापर्व हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। बालूमाथ मुख्यालय स्तिथ मुख्य छठ घाट में हिन्द भारती स्वयंसेवी संस्था द्वारा छठ व्रतियो की सुविधा के लिए छठ घाट की सफाई ,लाइट साउंड की व्यवस्था की गई थी ।वही संस्था के सदस्यों ने सफाई अभियान चलाकर छठ घाट की सफाई व लागत मूल्य पर दूध का बितरण किया। बालूमाथ छठ तलाब में पंडित अमरनाथ मिश्रा,झारिवा तालाब में दीनानाथ बैध एवं जोगियाडीह में जय शंकर पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराकर सूर्य भगवान की कथा को सुनाया ।इस दौरान बालूमाथ पुलिस प्रशासन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के नेतृत्व में छठ व्रतियो की सुविधा के लिए चौकस नजर आई। वही बालूमाथ में छठ पर्व को संपन्न कराने में हिन्द भारती के अध्यक्ष रवि सिंह, कैलाश यादव, प्रमोद कुमार गुड्डू, हिमांशु गुप्ता, रवि रजक, संजय ओझा, समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वही बालूमाथ योग समिति द्वारा छठ व्रतियो को निशुल्क आम के लकड़ी का वितरण किया।

## चुनावी जनसभा में खूब बरसे सीएम मोहन यादव, महागठबंधन को लिया आड़े हाथों



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुन्दा के जनता उच्च विद्यालय के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुवे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सीएम हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सीएम सोरेन के हर मंत्री के पास अवैध करोड़ों रुपये हैं। मोहन यादव ने कहा कि महागठबंधन वाले एक खानदान से बाहर निकल ही नहीं पा रहे हैं इन्होंने झूठ और बेईमानी से सरकार बनायी है,यह चुनाव पुराने पापों का हिसाब चुकता करने का मौका है और जनता इस बार ईमानदारी की ओर बढ़ेगी। वही उन्होंने यह भी कहा की बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार, इनसे सचेत रहने की जरूरत है इनके एक एक मंत्री के यहां से 300 करोड़ मिलते हैं भ्रष्टाचार व लुट के साम्राज्य के सरदार हैं वही उन्होंने कहा की चतरा विधानसभा के एनडीए गठबंधन लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान को भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त है उन्होंने कहा कि जनार्दन पासवान सौभाग्यशाली हैं उनके समर्थन में वोट मांगने के लिए भगवान श्री कृष्ण के वंशज खड़ा है जनता उनके पक्ष में मतदान कर उन्हें हेलीकॉप्टर की गति से जिताएगी।मोहन यादव ने वादा किया कि उनकी सरकार चतरा के लोगों के लिए काम करेगी और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, जमुई सांसद अरुण भारती, एलजेपी राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुश महोदय, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, विद्यासागर आर्य, मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, महामंत्री मनोज यादव, जितेंद्र यादव, अनिता देवी, बसंत यादव, दिव्या भोक्ता समेत एनडीए के हजारों हजार कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बरवाडीह व छिपादोहर में भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण का चुनावी दौरा

## मनिका विस क्षेत्र में विकास की नई राह बनाएंगे: हरिकृष्ण सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड बरवाडीह में दो दिनों से लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है।गुरुवार को बरवाडीह व शुक्रवार को छिपादोहर में भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह अपने लाव लस्कर के साथ चुनावी दौरा किया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने कुटमु जोन के सरईडीह मंदिर में माथा टेक कर उक्त इलाके के मतदाताओं के डोर टू डोर पहुंच कर आशिर्वाद लिया। वहीं बरवाडीह नगर में एक एक व्यवसायियों से मिलकर अपने पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को उठाकर वर्तमान विधायक के खिलाफ जमकर निशाना साधा और कहा कि जाति धर्म में बांटकर वर्षो से राजनीतिक लाभ उठाने वाले को अब जनता भली-भांति समझ चुकी है । उन्होंने जनता से अपील करते हुए ऐसे प्रतिनिधि से सावधान रहने की बात कही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सिर्फ सड़क ही विकास का पैमाना नहीं है इसके साथ स्वास्थ्य, चिकित्सा,शिक्षा के बुनियादी ढांचा को दुरुस्त करना है। कहा कि क्षेत्र का विकास जिस तरह होना चाहिए वैसा नहीं हुआ है, मौजूदा विधायक के खिलाफ लोगों में खुलकर नाराजगी है। वहीं उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से एकजुटता दिखाने और भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने की अपील किया है।इस दौरान उन्होंने प्रखंड के कई छठ घाटों का दौरा कर छठी मां का आशिर्वाद लिया। वहीं शुक्रवार को छिपादोहर नगर के कई गांवों में चुनावी दौरा कर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील किया है।मौके पर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, ईश्वरी सिंह, विकास कुमार सिंह, कन्हाई प्रसाद, महामंत्री मनोज प्रसाद अशोक प्रसाद, बीरेंद्र जयसवाल, सुनिल कुमार सिंह, नन्दलाल प्रसाद, जाकिर अंसारी इमामुद्दीन खां श्रवण सिंह,अमर प्रसाद, विष्णु राम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वीप के तहत सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता संबंधित पोस्टर लहरा कर मतदान तिथि की दी गई जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** लोकतंत्र के महाउत्सव में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्वाचन के प्रयासों के लिए जिला स्तर पर स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की पहल की जा रही है। इसी के तहत शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों के गांव , टोले मोहल्ले में ड्रोन के माध्यम से मतदान तिथि के संदेश से भरे पोस्टर को प्रदर्शित कर मतदान का आमंत्रण दिया गया। विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता हेतु एक अनोखी पहल के तहत ड्रोन के माध्यम से मतदान तिथि के संदेश से भरे पोस्टर को मतदाताओं के बीच प्रदर्शित कर मतदान हेतु जागरूक किया गया तथा मतदान का आमंत्रण दिया गया। स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बरवाडीह, मनिका प्रखंड अंतर्गत विभिन्न चौक चौराहों, हाट बाजारों, सुदूरवर्ती क्षेत्रों के गांव, टोले मोहल्ले में ड्रोन के माध्यम से मतदान तिथि के संदेश से भरे पोस्टर को उड़ाकर सभी मतदाताओं के बीच प्रदर्शित कर नैतिक मतदान हेतु जागरूक किया गया तथा मतदान का आमंत्रण दिया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता संबंधित स्टीकर, बैनर, पोस्टर के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान की महत्ता के प्रति जागरूक करते हुए मतदान तिथि 13 नवंबर को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया।

**प्रभात मंत्र**
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

**हजारीबाग** **8**

रांची, शनिवार, 09 नवंबर 2024| पेज

# 2.5 करोड़ की अफीम और 29 लाख कैश के साथ तस्कर गिरफ्तार

## झारखंड से पंजाब-हरियाणा तक फैला नेटवर्क उजागर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पुलिस ने एक फॉर्च्यूनर कार से 2.5 करोड़ रुपए की अफीम और 29 लाख रुपए कैश के साथ एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया है. पकड़ा गया तस्कर चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के लमटा गांव का विजय कुमार (पिता जगरनाथ साव) है. इसकी निशानदेही पर रांची में छापेमारी की गयी. गिरफ्तार तस्कर ने पुलिस को बताया कि वह खूंटी से अफीम उठाता था और पंजाब एवं हरियाणा में उसकी सप्लाई करता था. ये जानकारी एसपी अरविंद कुमार सिंह ने दी.पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार से भारी मात्रा में अफीम लेकर तस्कर दिल्ली-कोलकाता हाइवे से बिहार की ओर जा रहा है. इसके आधार पर बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृतव में चौपारण थाना क्षेत्र के केंदुआ मोड़ के समीप सभी वाहनों की सघन जांच की जाने लगी. इसी क्रम में कार (पीबी-11 डीसी-8302) को पुलिस ने रुकने का इशारा किया. पुलिस को देखते ही चालक तेजी से वाहन भगाने लगा. पुलिस ने पीछा कर वाहन को रुकवाया. इसके बाद पुलिस ने कार की जांच की.कार की सीट के नीचे पांच पैकेट, चेचिस की दोनों ओर बनाए गए स्पेशल बॉक्स से 16 पैकेट अफीम जब्त की गयी. वाहन चला रहे चालक को पुलिस ने पकड़ लिया. जब्त अफीम की पुलिस ने डीडी कीट से जांच करायी. गिरफ्तार तस्कर की निशानदेही पर रांची में छापेमारी की गयी. सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के जानकी नगर रोड नंबर-06 स्थित आवास में छापामारी के दौरान 29 लाख तीन हजार एक सौ 80 रुपए, एक क्रेटा कार और एक बुलेट मोटरसाइकल जब्त की गयी है.एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ने जानकारी दी कि उसने अफीम का उठाव खूंटी जिले से किया था. अफीम को हरियाणा और पंजाब में सप्लाई करना था. तस्कर की निशानदेही पर पंजाब, हरियाणा और झारखंड के खूंटी और रांची में छापेमारी की गयी. इसमें 48.184 किग्रा अफीम (अनुमानित मूल्य दो करोड़ 40 लाख दो हजार), कैश 29 लाख तीन हजार एक सौ अस्सी रुपए, एक फॉर्च्यूनर कार, एक क्रेटा कार, एक बुलेट मोटरसाइकिल , एक आईफोन और एक रियल मी का मोबाइल बरामद हुआ है.




# एनटीपीसी का 50वां स्थापना दिवस उत्सव और उमंग के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी की 50वां स्थापना दिवस उत्सव और उमंग के साथ एनएमएल पकरी बरवाडीह में मनाया गया। इस समारोह में विभागों के विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और सहायक कर्मी और बतौर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख फ़ैज तैय्यब शामिल हुए। समारोह की शुरुआत एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, गुरदीप सिंह के संबोधन की लाइव टेलिकास्ट से हुई। जिसके बाद एनटीपीसी ध्वज का प्रतीकात्मक रूप से अनावरण परियोजना प्रमुख पीबी-सीएमपी, फैज़ तैयब के द्वारा किया गया। अपने भाषण में, एचओपी ने कर्मचारियों की समर्पण और निरंतर प्रयासों को उजागर किया जिन्होंने कंपनी की अद्वितीय यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने एनएमएल पीबी-सीएमपी के विभिन्न विभागों की उपलब्धियों की सराहना की, जो कंपनी के रणनीतिक लक्ष्यों जैसे संचालन उत्कृष्टता, सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परियोजना प्रमुख ने नवाचार और कुशल कार्यप्रवृत्तियों के महत्व पर और जोर देते हुए सभी से प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। इस मौक़े पर केक भी काटे गए और एनटीपीसी के ध्वज में मौजूद गुब्बारे खुले आसमान में छोड़े गए। एनएमएल पाकरी बारवाडीह में 50वां रेजिंग डे उत्सव एनटीपीसी के संघर्ष, नवाचार और दूरदृष्टि नेतृत्व की यात्रा का एक सशक्त प्रतीक है। इस अवसर के परियोजना प्रमुख फैज़ तैय्यब, जीएम इन्फ्रा एसके दुबे और एजीएम एलए, आरआर और सीएसआर प्रशांत सिंह ने परियोजना प्रभावित गांवों के दिव्यांग छात्रों को इलेक्ट्रिक ई-ट्रायसाइकिल वितरित की, जो एनटीपीसी की सामाजिक जिम्मेदारी और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रकट करता है।



# उदयीमान सूर्य को अर्घ के देने के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चरही कोयलांचल क्षेत्र में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ लोगों ने जन कल्याण की कामना की साथ ही इस महापर्व का समापन किया। सुबह के अर्घ्य को देने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ छठ पूजा घाटों पर दिखी। आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर चरही कोयलांचल क्षेत्र में भी हर्षोल्लास दिखा। चार दिनों के महापर्व में पहले दिन नहाय खाय से शुरूआत हुई और शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व का भव्य समापन हुआ। महापर्व के अंतिम दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा होती है। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना की गई थी और शुक्रवार को उदीयमान सूर्य की उपासना की गई। चरही कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों के अलावे कई तालाबो में भी सुबह 3 बजे से ही लोगों का पहुंचना जारी रहा। लोग पहुंचते रहे और छठ घाटों पर प्रसाद के सूप और डालों को सजाकर लोग रखते गए। छठ व्रत करने वाली महिलाएं तालाबो में उतर कर सूर्य के उगने का इंतजार करती दिखी और इस दौरान छठव्रती सूर्य की उपासना करती नजर आयीं। तालाबो में भी काफी भीड़ पहुंची थी। इस दौरान छठ घाटों पर पूजा समितियों ने तालाबो को बेहतर ढंग से सजाया था रंगीन बल्बों और झालरों से सजा तालाबो का छठ घाट आकर्षक नजर आ रहा था।

# टाटीझरिया में आस्था का महापर्व सूर्य षष्ठी व्रत धूम धाम से हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो भराजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ श्रद्धापूर्वक क्षेत्रीय नदी तालाबों में भगवान सूर्य नारायण और माता षष्ठी को संध्या एवं प्रातःकाल में विभिन्न प्रकार के सूप में भरे फलों,दूध ,जल से अर्घ्य देकर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारन कर पूजा को शांतिपूर्ण मनाया गया। क्षेत्र के चारों ओर छठ घाट नदी तालाबों में भक्तों का हुजूम देखा जा रहा था वहीं बता दे कि खैरा पंचायत के नारायणपुर में गांव में छठ पूजा समिति के ओर से छठ घाट में लाइट साउंड की व्यवस्था किया गया। तथा झरपो मे आजाद हिंद संस्था के ओर से नारियल ,फल का वितरण ,लाइट साउंड की व्यवस्था,सरजू प्रसाद साहू के ओर से सूप से भरा फल,निगरानी समिति झरपों के ओर से लाइट साउंड की व्यवस्था अन्य कई भक्तों द्वारा दूध समेत अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। छठ घाटों में पूजा को संपन्न करवाने के लिए झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी,समाज सेवी प्रबिल प्रसाद कुशवाहा, सुरेश प्रसाद, दीपक, बरुण, पप्पू, कार्तिक, मिनेश्वर, दीपक, सचिन, शंकर, मिथलेश, मंटू, सिकंदर, रामचंद्र ,सोबरन महतो, महेश प्रसाद, डॉ.दयाल प्रसाद समेत अन्य कई लोग जुटे थे।

**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**
**(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)**

Name and address of candidate:**Krishna Nand Tripathi**, Redma Daltonganj, Palamu, Jharkhand
Name of political party : Indian national Congress
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election : **Jharkhand Assembly Election 2024**
*Name of Constituency : **76- Daltonganj**
I **Krishna Nand Tripathi** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A)** Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Spl (JMFC) MP/ MLA Daltonganj | GR-2675/21 06/12/2021 | Evidence | 188, 171H, Violation of Code of Conduct |
| 2. | Spl (JMFC) MP/ MLA Daltonganj | GR-2682/21 07/12/2021 | Evidence | 188, 288, 30 Violation of Code of Conduct |
| 3. | Spl (JMFC) MP/MLA Daltonganj, Palamu | GR-2659/21 06/12/2021 | Appearence | 342, 143, 138 Violation of Code of Conduct |

**(B)** Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of orders(s) | Description of offence(s) & Punishment Imposed | Not Applicable |
|---|---|---|---|

**Not Applicable**

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# गुरुकुल के विद्यार्थियों ने सूप, नारियल, फल, अगरबत्ती, पूजन सामग्री, नींबू चीनी के पैकेट का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आदिनाथ गुरुकुल फाउंडेशन के बैनर तले गुरुकुल के विद्यार्थियों ने छठपूजा के शुभ अवसर पर स्थानीय झील परिसर में स्थित त्रिमूर्ति चौक में स्टाल लगाकर छठ व्रतधारी महिलाओं के बीच सूप, फल, नारियल, अगरबत्ती, पूजन सामग्री एवं नींबू चीनी के पैकेट के वितरण का कार्य किया गया। लगातार तीन दिनों तक गुरुकुल के विद्यार्थियों ने छठ पर्व के शुभ अवसर पर सेवा और समर्पण की भावना से युक्त होकर झील के विभिन्न घाटों में स्वच्छता अभियान चलाया, प्रथम अर्घ्य के दिन सूप, फल, नारियल, पूजन सामग्री का वितरण तथा दूसरे अर्घ्य के दिन नींबू चीनी के पैकेट का वितरण कर आत्म संतुष्टि की प्राप्ति की। निदेशक जेपी जैन एवं प्रबंध निदेशिका शिप्रा जैन ने कहा कि विगत 21 वर्षो से संस्थान छठ पूजा के शुभ अवसर पर निरंतर व्रतधारी महिलाओं की सेवा का पावन कार्य करते आ रही है जिससे विद्यार्थियों में सामाजिकता की भावना का समावेशन होता है। इस अवसर पर गुरुकुल के संस्थापक वरिष्ठ अधिवक्ता स्वरूपचंद जैन ने कहा कि प्रत्येक पर्व में संस्थान के विद्यार्थी अपनी सहभागिता निभाते है, जिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निखार आता है तथा उन्हें एक संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में अक्षय भारद्वाज, अनिल दांगी, सागर कुमार, कुंदन कुमार, रंजीत कुमार, अनिल कुमार, विशाल कुमार, विराट यादव, शिव शंकर कुमार, राजेश कुमार, निर्मल राणा, अनुज कुमार, दीपक कुमार, परमेश्वर सोनी, नेहा जैन, कविता जैन, रेखा जैन, प्रवीण सेठी, नेहा सेठी, अमर विनायका विजय लुहाड़िया, नवीन जैन विनायका, मनोज जैन, वरदा जैन शालिनी जैन, संजू जैन, कल्लू छाबड़ा, फ़ंटी छाबड़ा, विकास पाटनी तथा गुरुकुल के स्टाल में हजारीबाग विधानसभा के विभिन्न प्रत्याशियों ने भी आकर अपनी सेवा प्रदान की।




# सांसद मनीष जायसवाल व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद नें घोषणा संकल्प पत्र किया जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद मनीष जायसवाल व सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने चुनावी घोषणा संकल्प पत्र जारी किया है। मौके पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जन कल्याण योजना चलाने की घोषणा की है। उन्होंने घोषणा पत्र जारी करते मतदाताओं से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वह बरसों से सदर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का सपना देखते रहे हैं। मतदाताओं ने आशीर्वाद दिया तो सदर विधानसभा को झारखंड का सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। मीडिया से मुखातिब होते भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र में पंचायत स्तर पर जन कल्याण केंद्र की स्थापना की जाएगी। ताकि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को एक ही स्थान पर मिल सके। मासिक जन कल्याण शिविर के साथ 24*7 घंटे हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने की पहल की जाएगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल को राज्य का उत्कृष्ट मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। सदर और प्रखंड स्तर के अस्पताल के आधुनिकीकरण करते हुए सुपर स्पेशलिटी मेडिकल सेंटर में तब्दील किया जाएगा। गरीब तबके के लोगों के लिए मोबाइल क्लीनिक सेवा प्रारंभ की जाएंगी। जीवनरक्षक दवाओं की 24म7 घंटे उपलब्धता रहेगी। जिला से लेकर प्रखंड अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्र मे स्वास्थ्य सेवा के लिए उनकी टीम जनता के लिए काम करेगी। नगर निगम के सहयोग से मशीनीकृत सफाई प्रणाली और वैज्ञानिक कूड़ा प्रबंधन के माध्यम से नगर की नियमित सफाई की जाएगी। इसके अलावा शहर के बाजारों और मुख्य चौराहों पर सार्वजनिक शौचालयों की स्थापना की जाएगी। शहर से लेकर गांव की नालियों का सुदृढ़ीकरण करने का काम चलेगा।मच्छरों के नियंत्रण के लिए नियमित रसायन का छिड़काव किया जाएगा। कोनार डेम परियोजना को पूर्ण करके शहर में हर घर में नल के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।



**Format C-2**

(for Political party to publish in Website, Newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents
of candates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political party : **Independent**
Name of Election : **Jharkhand legislative assembly election 2024**
Name of State/UT : **Jharkhand**

| SL No. | Name of Constituency | Name of Candidate |
|---|---|---|
| 15 | 23, Ramgarh | Pankaj Kumar |

| क्र0 सं0 | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं0 | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं. | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा ...) | अपराध का संक्षिप्त विवरण | क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हाँ या नहीं का उल्लेख करें) | यदि उपर्युक्त मद (ङ) के सामने उत्तर हाँ है, तो वह तारीख दें, जिसको आरोप विरचित किए गए थे | क्या कार्यवाहियों के विरुद्ध कोई अपील/पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाईल किया गया है (हाँ या नहीं का उल्लेख करें) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामगढ़ थाना कांड सं0– 109/2014 | मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 3 बिहार सम्पति विरूपण अधिनियम /427 भा0द0वि0 | आचार संहिता का उल्लंघन | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | रामगढ़ थाना कांड सं0– 110/2014 | श्री आलोक सिंह, न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 188/427 भा0द0वि0/3/4 बिहार सम्पति विरूपण अधिनियम | आचार संहिता का उल्लंघन | हाँ | 18.01.2023 | लागू नहीं |
| 3 | रामगढ़ थाना कांड सं0– 103/2018 | अनुमण्डलीय न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 341/323/504 भा0द0वि0 | मारपीट करना | हाँ | 18.04.2024 | लागू नहीं |
| 4 | रामगढ़ थाना कांड सं0– 152/2019 | श्री शिवेन्दु द्विवेदी न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 353/504 भा0द0वि0 | सरकारी काम में बाधा | हाँ | 01.09.2022 | लागू नहीं |
| 5 | रामगढ़ थाना कांड सं0– 108/2022 | अनुमण्डलीय न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 153ए/295ए/294 भा0द0वि0 | पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाना | हाँ | 15.02.2023 | लागू नहीं |
| 6 | रामगढ़ थाना कांड सं0– 121/2023 | मुख्य न्यायायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 294/323/353/332/504/506 भा0द0वि0 | धार्मिक उन्नमाद फैलाना (आई0टी0 एक्ट) | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7 | रामगढ़ थाना कांड सं0– 244/2018 | श्री रोहित कुमार न्या0द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 341/323/385/504 भा0द0वि0 | जबरन वसुली एवं मारपीट करना | हाँ | 06.02.2024 | लागू नहीं |
| 8 | रजरप्पा थाना कांड सं0– 52/2018 | श्रीमती प्रतिमा उरांव न्या0द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 147/148/149/323/427/353/341/504/506 भा0द0वि0 | मारपीट एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाना | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 9 | रजरप्पा थाना कांड सं0– 74/2023 | अनुमण्डलीय न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 341/504/506/427/34 भा0द0वि0 | मारपीट करना | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 10 | रजरप्पा थाना कांड सं0– 75/2023 | अनुमण्डलीय न्या0 द0 प्रथम श्रेणी रामगढ़ | 420/467/468/504/506 भा0द0वि0 | ठगी एवं छल करना | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 11 | धुर्वा थाना कांड सं0– 305/23 | ............ | 504/506/387 भा0द0वि | रंगदारी | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 12 | बड़कागाँव थाना कांड सं0– 133/21 | श्री अभिनव कुमार न्या0 द0 प्रथम श्रेणी, हजारीबाग | 147/148/149/307/341/342/337/338/435/333/353/427/269/270/296/511 भा0द0वि0 एवं झारखण्ड राज्य संक्रमित रोग अधिनियम 2/3/4 | सरकारी काम में बाधा एवं झारखण्ड राज्य संक्रमित रोग अधिनियम का उल्लंघन करना | नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## पतरातू डैम में भव्य तरीके से मनाया गया छठ महापर्व, पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी ने किया आयोजन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीटीपीएस यूथ वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में पतरातू डैम में स्थित कटुवा कोचा घाट पर हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष भी भव्य तरीके से महापर्व मनाया गया । समिति संयोजक सुजीत कुमार पटेल ने बताया कि इस वर्ष छठ घाट का मुख्य आकर्षण पानी के अंदर बनाया गया तैरता हुआ पंडाल एवं उस पर स्थापित सूर्य देव की प्रतिमा तथा पूरे घाट पर फूलों से कि गई साज सज्जा एवं समिति द्वारा आयोजित हलवा का महा भंडारा , सोसाइटी द्वारा घाट पर छठव्रत्तियों के लिए फल फूल पान कसेली दूध प्रसाद की व्यवस्था भरपूर की गई थी। वहीं पहली अरघ की रात्रि घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था की गई थी । इस आयोजन को सफल बनाने मेंग्रुप से संयोजक सुजीत कुमार पटेल ,डॉ मनोज कुमार गुप्तामनीष गोयल ,प्रिंस कुमार प्रवीण कुमार पप्पू वारिस खान नीरज झा दिलीप सिंह शक्ति सिंह संजीव सिंह अनिल कुमार अरिंदम नायक ,राकेश कुमार , महावीर अग्रवाल धनेश्वर महतो अखिलेश महतो मो . तारीक सहित दर्जनों नाविक संघ के सदस्य शामिल थे।



## विप्र फाउंडेशन एवं विश्व ब्राह्मण संघ के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया स्टॉल

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लगभग पिछले 14 वर्षो से स्टॉल लगाया जाता आ रहा है, प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी, भगवान भाष्कर की असीम कृपा से लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ महापर्व के पावन अवसर पर दिनांक 07.11.2024 एवं 08.11.2024 दिन बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को सुध गाय का दूध एवं फल जैसे नारियल, सेव, संतरा, केला, गाजर इत्यादि अनेकों सामाग्री नि- शुल्क छठ व्रतियों के विच वितरण किया गया , दिनांक 07.11.2024 को समय- संध्या 3-30 बजे से 5-30 बजे तक एवं 08.11.2024 को सुबह 4-00 बजे से 7-00 बजे तक वितरण किया गया, स्थान- दामोदर नदी, गांधी घाट रामगढ़ झारखंड,के बाहर स्टॉल लगाया गया स्टॉल का उद्घाटन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा विश्व ब्राह्मण संघ सह झारखंड प्रदेश महासचिव विप्र फाउंडेशन एवं जय प्रकाश शर्मा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं स्वस्तिक वाचन के साथ शुभारम्भ किया गया ।



## मांडू गोविंदपुर में आजसू पार्टी के सक्रिय सदस्य छोटेलाल भुइया के अध्यक्षता में हुई बैठक

**मांडु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू गोविंदपुर में आजसू पार्टी के सक्रिय सदस्य छोटेलाल भुइया के अध्यक्षता में एक बैठक किया गया जिसका संचालक सीतान भुइया ने किया एनडीए के प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के के पक्ष में वोट देने के सभी से अपील किया गया आजसू पार्टी के योगेश्वर महतो जाली भुइया गणेश भुइया उलेंद्र भुइया रावण भुइया राहुल कुमार। गोलू कुमार संजय रविदास छोटन रविदास श्याम भुइया भोला भुइया दीपक भुइया अजय भुइया गणेश भुइया कुन्दन भुइया बाली भुइया जगदीश भईया रिंकू भुईया रवि कुमार बबलू भुइया भूखन भुइया सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।



## गोपाष्टमी में होगी 125 गायों की पूजन एवं मेला का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री रामगढ़ गौशाला कमेटी द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गौशाला परिसर रामगढ़ में 66 व गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें गौशाला परिसर में स्थित 125 गाईयों के पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा साथ ही गोपाष्टमी महोत्सव के अवसर पर तुलादान महादान का भी आयोजन किया गया है जिसके तहत कोई भी व्यक्ति अपने वजन के बराबर गायों के लिए चारा दाना कर सकते हैं इस अवसर पर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल ने बताया कि गोपाष्टमी महोत्सव के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी श्री कृष्ण विद्या मंदिर एवं श्री राम प्रताप रानी लिया स्कूल के बच्चों के द्वारा आयोजित किया गया है जिसके मुख्य अतिथि महेश पोद्दार पूर्व राज्यसभा सदस्य, चंद्रशेखर अग्रवाल पूर्व मेयर धनबाद एवं गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया समाजसेवी रांची होंगे। इस अवसर पर गौशाला कमेटी की महिला सदस्यों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आयोजन किया गया है साथ ही खेलकूद के लिए तंबोला वगैरा की भी व्यवस्था की गई है उन्होंने बताया कि सुबह 11-00 से गौ पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा मेला की तैयारी में गौशाला कमेटी के मेला संयोजक नंदलाल अग्रवाल महेश अग्रवाल महावीर बोदिया विमल जाजू अशोक अग्रवाल इंदर अग्रवाल महेंद्र अग्रवाल बालकृष्ण जालान आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) अनीता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, पिंकी रानीलिया एवं अन्य महिला सदस्य सहयोग कर रहे है।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया प्रसाद वितरण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक कार्यों में सेवारत संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा ने छठ महापर्व के शुभ अवसर पर स्थानीय चौपाटी रेस्टोरेंट के सम्मुख फल रूपी प्रसाद का वितरण किया, इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा जैन ने कहा कि यह महापर्व हमारे लिए लोक आस्था का पर्व है। हम समिति की बहुत सी बहनें इस कठिन व्रत का अनुपालन नहीं कर पाती है, इस कारण हम प्रत्येक वर्ष अपने पारस्परिक सहयोग से छठ व्रतियों के बीच फलों का वितरण कर अपनी सहभागिता प्रदान करती है । साथ ही, उन्होंने आशा व्यक्त की हमारी समिति आने वाले वर्षों में भी अपने सामाजिक दायित्वों का इसी प्रकार निर्वहन करती रहेगी ।समिति के उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्षा के अलावा अरुणा जैन ,पुष्पा अग्रवाल, सरिता जैन, अनिता बंसल, रेनू मित्तल, निर्मल अग्रवाल, पूनम गर्ग ने सराहनीय योगदान प्रदान किया।




## रजरप्पा में दस नवंबर को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेस जनों की होगी एक समीक्षात्मक बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 10 नवंबर दिन रविवार को रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित आर के रिसोर्ट के प्रांगण में समय अपराह्न 1-00 बजे दिन से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेस जनों की एक समीक्षात्मक बैठक रखी गई है।जिसमें रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी, जिला कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी तथा प्रखंड एवं पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव व झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर,विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर, रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक ममता देवी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान,आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत सभी पंचायत में पार्टी की गतिविधि पर विस्तार पूर्वक समीक्षा की जाएगी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाएगा। इस आशय की जानकारी रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता व चुनाव अभिकर्ता मुकेश यादव ने दी।

# भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इंडी गठबंधन पर लगाया बड़ा आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के पटेल चौक स्थित भाजपा के मुख्य चुनावी कार्यालय में भाजपा और आजसू ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर इंडि गटबंधन पर पड़ा आरोप लगाया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि पहले तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी कई संपत्तियां और आयु के बारे में शपथ पत्र में गलत जानकारी दी। उनके देखा देखी अनेक मंत्री और विधायकों का शपथ पत्र भी जांच के दायरे में आ गया है।नवीनतम उदाहरण बड़कागांव की विधायक अम्बा प्रसाद का है।अपने चुनावी शपथ पत्र में उन पर झूठा हलफनामा दाखिल करने का आरोप लग रहा है।विधायक अम्बा प्रसाद अंबा प्रसाद वेलफेयर फाउंडेशन चला रही है जिसको अपने हलफनामा में छुपाया है। विधायक महोदया के द्वारा इसे छुपाना कई प्रश्नों को जन्म देता है। उनको तो स्पष्ट करना चाहिए था कि इस फाउंडेशन में कितने का टर्नओवर है।क्योंकि हमारे पास प्राप्त दस्तावेज के अनुसार एक ट्रस्टी वह भी हैं।

**प्रतुल ने कहा कि इसके अलावे**

विधायक अपने लेटर हेड में हज़ारीबाग़ स्थित हुरहुरू आवास बताती है,लेकिन शपथपत्र में हुरहुरू हज़ारीबाग़ का जिक्र नही की है । विधायक अपना स्थायी पता अपने पैतृक घर ग्राम पहरा, केरेडारी, जिला हज़ारीबाग़ बताई है। लेकिन स्थायी पता में घर,जमीन का विवरण और उसका कीमत नही बताई है। जबकि ये उनका पैतृक घर है। जानकारी के मुताबिक पैतृक संपत्ति का बंटवारा भी नहीं हुआ है।फिर उन्होंने अपने हिस्से को क्यों छुपाया।एक तरफ वह सेल्फ डिपेंडेंट बताती है वहीं उसका पूरा परिवार चुनाव प्रचार में लगा हुआ है। इसके साथ अम्बा प्रसाद के तीन बैंक खातों में खाता नंबर......4390में 24.00 लाख रुपए, खाता नंबर ........5937 में 0.25 लाख रुपया,खाता नंबर .ज.....4041 में 4.18 लाख रुपया यानी कुल 28 लाख 43 हजार प्रवर्तन निदेशालय ने फ्रिज किया है। लेकिन शपथ पत्र में तीन बैंक खातों में लगभग 32 लाख रुपया बताया है। विधायक महोदया को बताना चाहिए कि जब एक बार किसी एजेंसी ने अकाउंट फ्रीज कर लिया तो फिर वह उसे अपने अकाउंट में किस तरह दिखा रही हैं ।और यह चार लाख का अंतर भी उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। वैसे अम्बा प्रसाद के पास जितना नगदी,बैंक में जमा या अपनी संपत्ति बताती है,उसका उतना वेतन भी नही मिला है।प्रतुल ने कहा कि अपने आप को धरना एक्सपर्ट कहने वाला परिवार धरना का व्यापार करता है। इनके कार्यकाल में विस्थापितों का घर उजाड़ा गया और इनके महल खड़े होते गए।बालू, कोयला जमीन कब्जा का धंधा करने का भी इन पर आरोप लगा। आज की प्रेस वार्ता में आजसू के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता विजय साहू,रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान आदि उपस्थित थे।




## इंडिया गठबन्धन ने अम्बा प्रसाद के पक्ष में बरकाकाना क्षेत्र में किया ग्राम सभायें और जत्था रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** इंडिया गठबंधन के घटक दल भाकपा-माले ने पतरातु प्रखंड के बरकाकाना क्षेत्र के गांवों मसमोहना, पीरी, तैलियतु आदि में गांवों में ने ग्राम सभा की और रैली किया। कार्यकर्ताओं ने सभा के बाद महिला, पुरुष, नौजवानों ने जत्थावार गांव में जोशपूर्ण मार्च करते हुए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अम्बा प्रसाद को जीताने का संकल्प लिया और कॉरपोरेट को चोट दो, अंबा प्रसाद वोट दो के जोरदार नारेबाजी की गई। ग्राम सभा में वकताओं ने कहा कि भाजपा गठबंधन द्वारा झारखंड की खनिज संपदा, किसानों की जमीन एवम जंगल को कॉरपोरेट घरानों को सौंपने की तैयारी चल रही है। बुलडोजर के जरिए यहां के आदिवासियों, किसानों को विस्थापित करने की मंसूबा बना रही है जिसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। माले नेता हीरा गोप, देवकी नंदन बेदिया, देवानंद गोप, प्रोफेसर शहनवाज खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप चक्रवर्ती, परमेश्वर बेदिया, तृतीयाल बेदिया, देवकी बेदिया, शिवशंकर बेदिया आदि उपस्थित थे।

## जेएलकेएम रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी पनेश्वर कुमार का विशाल बाईक रैली आज, शामिल होंगे पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो रामगढ़ की पावन धरती में रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर विशाल बाईक रैली रामगढ़ में 09.11.2024 , दिन शनिवार आयोजित की जाएगी। इस रैली में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी , सक्रिय सदस्य तथा , समर्थित जनता उपस्थित रहेंगे। टाइगर जयराम महतो का विशाल बाइक रैली मुख्य रूप से बंजारी से आरंभ होते हुए सुभाष चौक ,टायर मोड, पटेल चौक, गंडके घाटी, गोडातु , जामसिंह चौक, दुलमी बाजार, प्रियातु चौक, बुध बाजार, बोंगसावरी, वीरहोन्हे, सिकनी मोड, चितरपुर बाजारटांड, बारलोंग, निर्मल महतो चौक कोठार तथा गोबरदरहा चौक में समापन की जाएगी। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी पार्टी के निष्ठावान, ऊर्जावान, क्रांतिकारी व शिक्षित प्रत्याशी पानेश्वर कुमार के पक्ष में विशाल बाईक जुलूस की जाएगी । रामगढ़ विधानसभा की जनता से अपील करेंगे कि इस बार बदलाव निश्चित तौर पर करें। क्योंकि झारखंड में अच्छा नीति नियम नहीं बनने से झारखंड के युवा नौजवान हमेशा ठगा हुआ महसूस करते हैं। सबों में एक उम्मीद जग्गी हुई है की झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। पार्टी के घोषणा पत्र का नाम प्रतिज्ञा पत्र रखा गया है। सहायक शिक्षक, पारा टीचर एवं आंगनबाड़ी सेविका के लिए वेतनमान लागू किया जाएगा। उपायुक्त, जिला विकास पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक के तीन सदस्य कमेटी के द्वारा स्थानीयता के आधार पर और डीएमएफटी के तर्ज पर सम्मानजनक मानदेय पर नियुक्ति होगी तथा चरणबाद तरीके से आउटसोर्सिंग को समाप्त किया जाएगा। बोल रही है तो के हितों को ध्यान में रखते हुए नई विस्थापन नीति बनाई जाएगी तथा सीएनटी और एसपीटी कानून को उसके मूल स्वरूप में शक्ति से लागू किया जाएगा

## कल्पना सोरेन के आगमन पर उरीमारी से हजारों लोग पहुंचेंगे बड़कागांव : राजू यादव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में शुक्रवार को आरसीएमयू इंटक बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में एक बैठक कि गई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सीताराम किस्कू ने किया। वहीं इस बैठक में शनिवार को बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल फुटबॉल मैदान में गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के आयोजित जनसभा में शामिल होने को लेकर व जनसभा कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। वहीं इस मौके पर आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह कांग्रेस पार्टी जिला उपाध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अंबा प्रसाद के समर्थन में झामुमो नेत्री सह गांडेय विधानसभा विधायक कल्पना सोरेन का शनिवार को बड़कागांव प्रखंड में जनसभा कार्यक्रम किया जा रहा है। जिससे यह प्रतित होता है कि फिर इस बार बड़कागांव विधानसभा से बेटी रहेगी बरकरार। वहीं इस बैठक में विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा, पोटंगा मुखिया चरका करमाली, गणेश राम, संजय यादव, चंदू जैसवाल, ओम प्रकाश राम, जतरू मांझी, रघुपति यादव, सिगू मांझी, मन्नू टुडू, दीपक यादव, सिकंदर, बबलू यादव, रविन्द्र यादव, रमेश यादव, राजू, बुधन,मो जलील, मो सेराज, अश्मित करमाली, प्रमीण, त्रिवेणी साव, पुरण मांझी, सिबु ठाकुर, कुल्लू प्रजापति, राधे श्याम रजक, पप्पू यादव, बिनोद प्रजापति, आदि लोग उपस्थित थे।

## सयाल व उरीमारी के घाटो पर उमड़े श्रद्धालु,आकर्षक रही छठ घाटों कि सजावट व लाइट व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** लोक आस्था व सुर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर सयाल व उरीमारी में छठ व्रतियों ने गुरुवार को अस्ताचलगामी व शुक्रवार को सुबह उगते भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। वहीं शुक्रवार को अर्घ्य देकर छठव्रतियों ने महापर्व का पारण किया। वहीं गुरुवार को शाम होते ही छठव्रतियों ने सयाल व उरीमारी के दामोदर नदी पर डुबते भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पहुंचने लगे। वहीं छठ महापर्व को लेकर सयाल व उरीमारी में भगवान भास्कर के लिए तोरण द्वार को लाइट व सजावट समिति के द्वारा किया गया। जो आकर्षक का केंद्र रहा। वहीं छठ व्रतियों के लिए उरीमारी में आयसीएमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में साफ सफाई व छठ पुजन सामग्री में फल दुध का वितरण किया गया। वहीं सयाल में पंचायत समिति सदस्य कंचन कुमारी के द्वारा छठव्रतियों के बीच फल दुध आदि सामग्री का वितरण किया गया। वहीं सयाल व उरीमारी के छठ घाटों पर बड़ी संख्या में छठ व्रति अपने पुरे परिवार के साथ पहुंचे। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने छठ महापर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी। और साथ ही कहा कि सुर्य उपासना का यह पर्व शुद्धता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला महापर्व है। भगवान भास्कर के साथ- साथ छठी मैया कि पुजा का विधान है। इस व्रत में सुर्य व षष्ठी माता दोनों कि उपासना कि जाती है। इसलिए इसे सुर्य षष्ठी भी कहा जाता है। वहीं शुक्रवार को अहले सुबह छठ घाटों पर सुर्योदय से पुर्व ही छठ व्रतियों ने छठ घाट पहुंच भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर 36 घंटे का निर्जला व कठिन व्रत का पारण करने के साथ संपन्न हुआ। वहीं इस मौके पर उरीमारी में सीताराम किस्कू, गणेश राम,दीपक यादव, पप्पू यादव एवं सयाल में पंसस प्रतिनिधि कृष्णा साव, पिंटू सिंह,उदय मेहता,बटइ पासवान, पुटूस,अमित यादव आदि दर्जनों

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर छठे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर छठे दिन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी मैं इस बार अनोखा नजारा देखा गया, त्योहार को लेकर स्कूल में बच्चों की छुट्टियां हैं इस कारण बड़ी संख्या में बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। स्कूल की छुट्टी होने के कारण बच्चों का प्रभात फेरी में शामिल होना काबिले तारीफ है बच्चे ढोलकी छेनै चिमटे बजने में मशगूल हो रहे हैं प्रभात फेरी में बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे से पूरा शहर भक्ति में हो गया। बहुत ही लंबे समय के बाद इस बार ऐसा नजारा देखा गया कि दो घरों में प्रभात फेरी पहुंची है। आज प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर जसकीरत सिंह सैनी और गुरजोत सिंह अगवाई कर रहे थे।÷कल तारण गुरुनानक आया, सतगुरु नानक प्रगतया मिटी धुंध जग चानन होया÷ जैसे शब्दों से संगत निहाल हो रहे थेप्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक पुराना बस स्टैंड होते हुए स्वर्गीय सरदार ज्ञान सिंह छाबड़ा जी के गृह पहुंची। यहां प्रभात फेरी पहुंचने के पूर्व गगनचुंबी आतिशबाजी की गई। पश्चात यहां छाबड़ा परिवार ने साथ संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने परिवार के गृह में अरदास की, पश्चात चाय नाश्ते का लंगर चला। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार भूपेंद्र सिंह चंडोक जी ने सरदार महिपाल सिंह छाबड़ा को सिरोपा देकर सम्मानित किया। उसके पश्चात प्रभात फेरी महाराज शु के गृह में पहुंची। यहां परिवार वालों ने साथ संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार पलविंदर सिंह बल जी ने महाराजा शु के सरदार त्रिलोचन सिंह जी को सिरोपा देखकर सम्मानित किया।


**This may be published in Newspapers und TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

(For candidate to publish in Newspapers. TV)

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr')*

Name and address of candidate: **KAMLESH KUMAR SINGH**

Name of political party: **BHARTIYA JANTA PARTY**

*(Independent **candidates** should **write** "Independent" here)*

Name of Election **VIDHAN SABHA ELECTION 2024**

Name of Constituency: **79- HUSSAINABAD**

I KAMLESH KUMAR SINGH (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl No. | Name of court & date of order | Case no and dated | Status of case Appearance | Sections of acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sri Prabhat Kumar Sharma, AJC XVIII-Com Spcial Judge MIA Ranchi ECIR/02/PAT/ADC(B) | ECIR/02/Pat/09/AD-Directorate of infocement patna Sub-Zonal office Frazer Road Patna | Date of Order Conviction 25-09-2012 | For committing The office of Money Laundring |
| 2. | Sri Prabhat Kumar Sharma, Spcial Judge C.B.I. Ranchi | RC 05(A) 2010-AHD Ranchi CBI AHD Ranchi Kali Babu Street bihind civil court Ranchi | Date of Order Conviction 26-02-2018 | Acquiring Assets Dispropertionate to known source of income |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl No | Name of court & date of orders | Description of. offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | N.A. | N.A. | N.A. |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Note:-**

1. The particulars regarding criminal cases pending against the candidate shall be in bold letters.
2. The matter in newspapers shall be published in font size of at least 12.
3. Details should be given separately for each case in separate rows.
4. If a candidate is contesting an election on the ticket of a particular party, he/she is required to inform the party about the criminal cases pending against him/her.
5. The candidate shall report about publishing of declaration regarding criminal cases immediately after such publication to the Returning Officer. In addition, he shall submit a report about publishing of the declaration regarding cases in Format C-4 along with the account of election expenses within 30 days of declaration of result of election. (a) In case of elections to the Lok Sabha and the Legislative Assemblies, this shall be submitted to District Election Officer concerned, (b) In case of elections to the Rajya Sabha and the State Legislative Council, this shall be submitted to the Returning Officer concerned.

# उदीयमान सूर्य को अर्घ देने के साथ ही लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ हुआ सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा :** अमड़ापाड़ा-चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था व सूर्य उपासना के महापर्व छठ शुक्रवार को उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देने के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।अर्घ्य देते समय सुख-शांति व अमन - चैन की कामना की गई।श्रद्धालुओं ने तालाबों व नदियों के शीतल जलधारा के बीच खड़े होकर जल में दूध डालकर सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य दिया।शुक्रवार को अहले सुबह से ही प्रखंड के मंदिर घाट,कौशिक घाट,पीएचडी घाट,डुमरचीर के इकडी़ नदी स्थित छठ घाट व बासमती के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान छठ परमेश्वरी अपने पूर्वजों का स्मरण करते हुए अपने घर-परिवार,पति,पुत्र,पुत्री के भलाई के लिए भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित की। इससे पूर्व छठ पूजा के तीसरे दिन गुरुवार को छठ व्रतीयों ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया था।सूर्योपासना के महापर्व छठ के पावन मौके पर हर गली-सड़कों पर छठी मैया के गीत गुंज रहे थे7 छठ घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लग गया। छठी मैय्या के जयकारे से छठ घाट गूंजते रहे। उदीयमान सूर्य को उषा अर्घ्य दिया गया।छठ पूजा को लेकर चार दिनों तक प्रखंड भर में भक्ति का माहौल रहा।ज्ञात हो कि छठ पर्व की शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन नहाय खाय से होती है। पंचमी को खरना,षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और उगते सूर्य सप्तमी को अर्घ्य देकर व्रत समाप्त होता है। इस चार दिवसीय त्योहार में सूर्य और छठी मैया की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत करना बहुत कठिन माना जाता है क्योंकि इस व्रत को कठोर नियमों




के अनुसार 36 घंटे तक रखा जाता है। भगवान सूर्य की पूजा मुख्य रूप से तीन समय विशेष लाभकारी होती है - प्रातः मध्यान्ह और सायंकाल। प्रातःकाल सूर्य की आराधना स्वास्थ्य को बेहतर करती है। मध्यान्ह की आराधना नाम-यश देती है। सायंकाल की आराधना सम्पन्नता प्रदान करती है। अस्ताचलगामी सूर्य अपनी दूसरी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं, जिनको अर्घ्य देना तुरंत प्रभावशाली होता है।

**छठ का इतना महत्व क्यों है?**

ज्योतिषों के अनुसार यह लोक आस्था का महापर्व है। आस्था पर न तो सवाल किया जा सकता है और न ही इसका कोई जवाब हो सकता है। जहां तक महत्व का सवाल है तो यह प्रकृति को चलाने वाले सूर्यदेव की उपासना का पर्व है। यह देवी कात्यायनी से आशीर्वाद मांगने का पर्व है। छठ दिखाता है कि जिसका अंत है,उसका उदय भी होगा।

# पुलिस ने बाइक चोरी मामले का किया खुलासा, दोंनों बाइक बरामद, पांच गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** नगर थाना की पुलिस को बाइक चोरी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने थाना में दर्ज कांड संख्या 281/24 का उद्भेदन करते हुए 5 बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चोरी गए दोनों बाइक को भी बरामद कर लिया है। पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी हरदेव प्रसाद ने शुक्रवार को थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत 03 नवंबर को काली भसान तथा माल गोदाम रोड से दो-दो बाइक की चोरी हो गई थी। इस संबंध में थाना कांड संख्या 281/24 दर्ज किया गया था। इनमें से एक बाइक संख्या जेएच 16 सी 0854 नगर थाना क्षेत्र के धनुषपूजा के रहने वाले सुमित सिंह (पिता गोपाल सिंह) की है। वहीं दूसरी बाइक संख्या जेएच 5613 महेशपुर थाना क्षेत्र के बासुकीनाथ गांव के बास्की नाथ दे की थी। उन्होंने बताया कि सुमित सिंह के लिखित बयान के आधार पर कांड दर्ज किया गया था। यह भी बताया कि सुमित और बास्की नाथ दोनों साथी हैं। ये दोनों बाइक एक ही रात को दो अलग-अलग जगहों से चोरी हुई थी। एक बाइक जो सुमित की थी, वह काली भसान के पास से रात्रि में चोरी कर ली गई थी। दूसरी बाइक जो बास्की नाथ की थी, उसे माल गोदाम रोड से चोरी किया गया था। दोनों घटना को लेकर कांड दर्ज करने के बाद पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार को अनुसंधानकर्ता बनाया गया। अनुसंधान के क्रम में शहर के रहने वाले दो युवक का नाम आया। इनमें अरविंद केसरी (पिता संजय केसरी) बैंक कॉलोनी और दूसरा आकाश कुमार उर्फ मोनू (पिता अनिल कुमार सिंह) कूड़ा पाड़ा शामिल है। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद घटना में शामिल तीन और युवक का नाम सामने आया। यह तीनों युवक पश्चिम बंगाल के शमशेरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। तीनों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया है। इनमें शमशेरगंज थाना क्षेत्र के फुलांद्र का रहने वाला सुजीत सरदार (पिता रवि सरदार), हाउस नगर का रहने वाला रिंकी शेख (पिता नौरेश शेख) तथा दोगाछी के रहने वाले प्रोसेनजीत सरकार (पिता संतोष सरकार) को गिरफ्तार किया गया है।

# रामगढ़ में छठ महापर्व का समापन, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उगते सूरज को किया जल अर्पित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** साल का महानतम छठी व्रत शुक्रवार को उगते हुए सूरज का छठ ब्रती सूरज को जल अर्पण करने के साथ ही छठ व्रत समाप्त हो गया। आर सारू बेड़ा स्थित दुर्गा मंदिर के पास विशाल तलाव में सैकड़ो छठ ब्रती छठ की पूजा संपन्न की। सूर्योदय के साथ छठ व्रत के हाथों में सूप के सामने छठ व्रत के श्रद्धालुओं ने दूध और जल लोटा में डालकर उगते हुए सूरज के सामने छठ मैया को जल अर्पित किए। इस संबंध में पूछने पर छठ ब्रती महिला नीलम सिंह ने बताया कि पौराणिक कथाओं एवं मान्यताओं के अनुसार रिग वैदिक काल से ही उसे समय का समाज छठ व्रत पूजा करते चले आ रहे हैं। नीलम सिंह ने बताया कि छठ मैया की महिमा काफी प्रभावशाली है और जो भी छठ ब्रती धारी मन में आस्था और विश्वास रखकर पूजा करती हैं या करते हैं, उनकी इच्छा को छठ मैया अवश्य पूरा करती हैं। वहीं छठ ब्रती सीमा सिंह जानकारी देते हुए बताया कि मेरा अनुभव कहता है की मनोकामना छठ व्रत करने से पूर्ण होती है। छठ मैया सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें यही कामना करती हूं। इस अवसर पर सूरज को जल अर्पित करने वालों में तेज प्रताप सिंह, मनोज श्रीवास्तव, आणविक, अनिल सिंह, अतुल राज, अमित रंजन, ऋतिक कुमार श्रीवास्तव, सूर्यांशी सलोनी,अनिता कुमारी, अंजू देवी अनु सिंह, नेहा भारती,नैना भारती, किरण देवी, पूनम देवी, पूनम कुमारी, गीता कुमारी, सैकड़ो श्रद्धालुओं ने छठ मैया को उगते हुए सूरज के सामने जल अर्पित किए। क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी कुमार महेश सिंह अपने दोनों पुत्र राजीव सिंह एवं राकेश सिंह के साथ छठ व्रत किया। उन्होंने कहा कि छठ मैया सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें, यही मैं कामना करता हूं।

## डीसी और एसपी ने लिट्टीपाड़ा में कर्मियों के साथ किया समीक्षा बैठक

**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के ठहराव एवं एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज की समीक्षा की और सभी सुविधाओं को ससमय दुरूस्त करने का निर्देश दिए.विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से लिट्टीपाड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी के साथ 20 नवम्बर को होने वाले चुनाव की समीक्षात्मक बैठक किया। इस बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के ठहराव एवं एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज की समीक्षा की और सभी सुविधाओं को ससमय दुरूस्त करने का निर्देश दिए। इस बैठक में मतदान केंद्र स्तर पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं (एएमएफ) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों को दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सभी मतदान केंद्रों पर निम्नलिखित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र०सं० 01, ई–निविदा संख्या : ईएल/24/ खुली/ 2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (अ) ओबरा: ओबरा में 8 यूनिट टाईप III क्वार्टर के निर्माण (ब) शक्तिनगर – शक्तिनगर में रिप्लेसमेंट अकाउंट पर 16 यूनिट टाईप–II स्टाफ क्वार्टरों के स्थान पर 16 यूनिट टाइप–III स्टाफ क्वार्टर के रिप्लेसमेंट से संबंधित विद्युतीय कार्य। **(कार्य समापन अवधि: नौ माह), कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 39,25,471.99, बिड सिक्युरिटी – 78,500.00, **क्र०सं० 02, ई–निविदा संख्या : ईएल/25/ खुली/ 2024–25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि** : (अ) धनवाद मंडल: धनवाद मंडल के 13 स्टेशनों पर ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग में सुधार (व) धनवाद :, धनबाद में आरपीएसएफ बैरक के लिए 1 बहुमंजिला आर्मरर भवन, रसोई और डाइनिंग हॉल और चारदीवारी के प्रावधान (स) कोडरमा: पुरुष/ महिला हाजत के साथ आरपीएफ पोस्ट के प्रावधान (द) धनवाद: –धनवाद में आरपीएसएफ की यूनिट कैंटीन बिल्डिंग, बहुमंजिला पुरानी इमारत और मनोरंजन हॉल के नवीनीकरण (इ) चोपन: चोपन में सहायक सुरक्षा आयुक्त कार्यालय के निर्माण से संबंधित विद्युतीय कार्य। (कार्य समापन अवधि: नौ माह) **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 67,10,654.73, बिड सिक्युरिटी – 1,34,200.00, **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 29.11.2024 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 29.11.2024 को 11:30 बजे के बाद **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), धनबाद**

पीआर/1480/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/24–25/60

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

(जिला निर्वाचन शाखा)

**आदेश**

विधानसभा आम चुनाव, 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 30855 दिनांक 16.10.2024 के निदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 C के प्रावधानों के तहत् मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से DRY DAY (शुष्क दिवस) लागू किया जाने का प्रावधान है। राँची जिले में पहले चरण के तहत् दिनांक 13.11.2024 को 58–तमाड़ (अ०ज०जा०), 63–राँची, 64–हटिया, 65–काँके (अ०जा०), एवं 66–माण्डर (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र को पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक मतदान होना है। तथा दूसरे चरण के तहत् दिनांक 20.11.2024 को 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र को पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक मतदान होना है।

उक्त के परिपेक्ष्य में 58–तमाड (अ०ज०जा०), 63–राँची, 64–हटिया, 65–काँके (अ०जा०), एवं 66–माण्डर (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 11.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए DRY DAY (शुष्क दिवस) घोषित किया जाता है। साथ ही 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 18.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए DRY DAY (शुष्क दिवस) घोषित किया जाता है। इसके तहत स्प्रिटयुक्त, नशीला शराब या समान प्रकृति के अन्य पदार्थ किसी होटल, भोजनालय, शराबखाने, दुकान या किसी अन्य स्थानों, निजि या सार्वजनिक पर बेचे, दिए या वितरित नहीं किए जायेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, राँची

PR 339930 Ranchi(24-25)D

# कॅम्पस लेकर आये नया ब्राण्ड कैंपेन मूव यॉर वे विक्की कौशल के साथ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक, कॅम्पस एक्टिववियर लिमिटेड, ने आज ब्राण्ड अम्बेसडर विक्की कौशल के साथ अपनी नई ब्राण्ड कैंपेन फिल्म का अनावरण किया। फिल्म युवाओं की भावनाओं पर रोशनी डालते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है।अभियान फिल्म मूव योर वे की अवधारणा पर केंद्रित है-- एक ऐसा विचार जिसके माध्यम से ब्राण्ड अपने व्यक्तित्व, अपने अंदाज़, और आत्मविश्वास के साथ जीवन की राह पर चलने का संदेश देता है। यह युवाओं को अपने व्यक्तित्व पर भरोसा करने और अपने बनाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम अपनी असली पहचान को अपनाते हैं, ज़िंदगी खुद ही हमें इनाम देने का तरीका ढूंढ लेती है। फिल्म की शुरूआत विक्की कौशल के साथ होती है, जो एक डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के साथ मीटिंग में हैं और अपने अनूठे अंदाज़ में, आत्मविश्वास के साथ फिल्म की भूमिका पर चर्चा करते नज़र आते हैं। जैसे ही डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अपना प्रस्ताव रखते हैं, विक्की अपनी ही दुनिया में खोये हुए नज़र आते हैं। जब उन्हें लगता है कि विक्की कोई रूचि नहीं दिखा रहे, तब वे उन्हें डबल रोल, यहां तक कि ट्रिपल रोल ऑफर करते हैं। इस बीच अचानक, विक्की डांस करने लगते हैं, फिर रुकते हैं और मुस्कराते हुए अपने स्टाइलिश कॅम्पस शूज़ की तरफ़ इशारा करते हुए कहते हैं ''डैम गुड शूज़, यार! डायरेक्टर और प्रोड्यूसर दोनों हैरान रह जाते हैं। फिल्म एक प्रभावशाली संदेश के साथ समाप्त होती है, 'व्हेन यू मूव योर वे, द वर्ल्ड मूव्स विद यू।, कॅम्पस मूव यॉर वे।' कैंपेन के बारे में बात करते हुए प्रेरणा अग्रवाल, चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, कॅम्पस एक्टिववियर, ने कहा, ''हम एक ऐसी युवा पीढ़ी को देख रहे हैं, जो न केवल गतिशील है, बल्कि फैशन के जरिए अपनी अनोखी पहचान को भी बेझिझक तरीके से व्यक्त कर रही है।




**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name of Political Party : Janata Dal (United)**

*** Name of the Election : Assembly Election - 2024**

**Name of State : Jharkhand**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SL. No | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 58, Tamar (S.T.) | Gopal Krishna Patar | *Special Court of N.I.A. Ranchi, Case No.-1/2017 | *Case U/S - 120 (B), 302 (IPC), 16, 18, 20 U.A.P. Act | No | No | No |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**FORMAT C-1**

(for candidate to publish in News papers, TV)

Declaration about Criminals Cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **Gopal Krishna Patar**

Name of Political Party: **Janata Dal (United)**

(Independent candidates should write "independent "here)

**Name of Election : Assembly Election 2024**

***Name of Constituency : 58 Tamar (S.T.)**

I, **Gopal Krishna Patar** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Special Court of N.I.A. Ranchi | Case No.- N.I.A 1/2017 | Pending for final hearing | Case U/S 120(B), 302(IPC), 16, 18, 20 U.A.P. Act. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl.No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | NA | NA | NA |

**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

**Name of Political Party : Janata Dal (United)**

*** Name of the Election : General Election to Legislative Assembly of Jharkhand**

**Name of State : Jharkhand**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SL. No | Name of constituency | Name of candidate | (A) Pending criminal cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 49, Jamshedpur West | Saryu Roy | *9-S.D.J.M. Sadar Cum. Spl. Judge, MP-MLA Court, West Singhbhum At Chaibasa, Complain Case No.- 121/2022. *Sri Sarthak Sharma, J.M.F.C-XXII, Spl. Judge, MP-MLA Court At Ranchi, Doranda PS Case No.-105/2022. * Sri Sarthak Sharma, J.M.F.C-XXII, Spl. Judge, MP-MLA Court At Ranchi, Doranda PS Case No.-253/2023. *Sri Sarthak Sharma, J.M.F.C-XXII, Spl. Judge, MP-MLA Court At Ranchi, Argora PS Case No.-228/2024 | *Case U/S - 499, 500 (IPC). *U/S - 409, 379, 411, 120B, 468, 471 IPC. *U/S - 109, 201, 204, 218, 120(B), 468, 471 IPC. *U/S - 403, 406, 408, 409, 420, 120(B) IPC and sections 7, 11, 12 and 13(2) Prevention of Corruption act 1988 | No | No | No |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

### भाजपा आरक्षण और संविधान को खत्म करना चाहती है : राहुल गांधी

# राहुल गांधी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार बनी तो सरना धर्म कोड करेंगे लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के शुक्रवार को बीएस कॉलेज मैदान में राहुल गांधी के द्वारा चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया।इस दौरान उन्होंने भाजपा को जमकर हमला बोला है इस दौरान राहुल गांधी ने जल जंगल जमीन के मुद्दे पर मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि आज देश में एक तरफ संविधान को बचाने और दूसरी तरफ संविधान को खत्म करने वाले खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी आपकी लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आपकी जमीन लूटना चाहती है,आपका जंगल लूटना चाहती है।राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग की भागीदारी ना के बराबर है। 90 प्रतिशत की इनकी जनसंख्या के बावजूद इनकी भागीदारी सिर्फ 6 प्रतिशत की है। राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि



90 आईएएस अफसर ही देश को चलाते हैं, आपके लिए ये बजट बनाते हैं। इन 90 अफसरों में सिर्फ एक अफसर ही आदिवासी है। उसे भी पीछे बैठा रखा है। राहुल गांधी ने आंकड़े देते हुए कहा कि कि आज देश में आदिवासियों की जनसंख्या 8त्न हैं, लेकिन उनकी 90 अफसरों में भागीदारी सिर्फ 1 की है। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि आज हिंदुस्तान में कोई निर्णय होता है या बजट बनता है, तो 90 में से सिर्फ 1 आदिवासी अफसर होते हैं। मललब 100 रुपये में उनकी भागीदारी सिर्फ 10 पैसे की होती है। दलित अफसरों की बात करें तो दलित की आबादी देश में 15 प्रतिशत है, लेकिन 90 में से सिर्फ 3 अफसर हैं, मतलब 100 रुपये के फैसले में उनके निर्णय का हिस्सा सिर्फ 1 रुपये रुपये का होता है। उसी तरह पिछड़ा वर्ग की बात करें तो पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या 50 प्रतिशत है, 90 में से 3 अफसर पिछड़ा वर्ग के हैं। मतलब 100 रुपये में 5 रुपये का निर्णय सिर्फ उनका होता है।भाजपा पर बड़ा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा की 100 रुपये में आज आदिवासी, दलित व पिछड़ा वर्ग की भागीदारी सिर्फ 6.10 रुपये की रह गई है।इस दौरान उन्होंने कहा की कहीं भी आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और दलित आपको नहीं दिखेंगे। ना कॉरपोरेट, ना मीडिया और ना ही अन्य की बड़ी जगहों पर इन्हें भागीदारी दी जाती है।उन्होंने ये बातें संसद में मोदी जी के सामने भी कही लेकिन वो चुप हो गये। मैंने जातीय जनगणना की बात कही, लेकिन कहा गया कि राहुल गांधी देश को बांटने की बात कहते हैं। उन्होंने कहा कि आज मीडिया में देख लीजिए एक भी आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग का एंकर नहीं है। कमी आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग में नहीं है, बल्कि कमी सरकार की नीयत में है।इस दौरान उन्होने कहा कि आज देश को सिर्फ तीन लोग मिलकर चला रहे हैं जिसमे खुद नरेंद्र मोदी, अमित शाह और आडाणी अंबानी शामिल है।

## लोहरदगा के विकास का रोड मैप तैयार है : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा विधानसभा के किस्को एवं कुडू प्रखंड के विभिन्न गांव के दौरा के क्रम में एनडीए विधानसभा प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कहा की लोहरदगा के विकास का रोड मैप तैयार है। जीतने के साथ ही कार्य शुरू किया जाएगा और लोहरदगा के विकास में चार चांद लगेगी। आजसू लोहरदगा के विकास के लिए वचनबद्ध है। आजसू ने बहुत बलिदान के बाद झारखंड राज पाया है। आज इसकी दुर्दशा देखकर दिल रोता है। इससे हम सबों को मिलकर सुंदर एवं विकसित झारखंड बनाना है। मैं सेवक बनाकर जनता के बीच रहूंगी। जनता के हर सुख दुख में सहभागी बनूंगी आज तक सेवा करते आई हूं। आगे भी सेवा करूंगी आज किस्को प्रखंड के नीनी बंजारा किस्को फटेया टोली दुलहुर सरना टोली तिसिया कुम्बाटोली कुडू प्रखंड के चुंद सलगी चापी कुंदगढा लोहरदगा प्रखंड के मुंदो कैरो आदि गांव के भ्रमण के दौरान यह बातें कहीं। इनके साथ जिला महासचिव विलियम कुजूर जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष विजय उरांव लाल पंचम नाथ शाहदेव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे तथा एनडीए प्रत्याशी नेहरू शांति भगत के लिए वोट मांगते हुए लोरहदगा की समुचित विकास की बात की।

## ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में नीलकंठ सिंह मुंडा के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा के भाजपाइयों ने खूंटी के भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा के पक्ष में कमल फूल में वोट देने हेतु सघन दौरा किया गया तथा खूंटी के कर्रा, बिनटोली, बिरहु, हसलडीहा, दीरदा आदि ग्रामीण इलाकों में जाकर चुनावी जनसंपर्क गया। मौके पर खूंटी विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता देवाशीष कार, संजय बर्म्मन, ओमप्रकाश गुप्ता ने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव, टोला, कस्बा, खेत-खलियान एवं राजगीरों के बीच जाकर जहां वर्तमान सरकार में लूट, भ्रष्टाचार, अत्याचार, बलात्कार, जल- जंगल -जमीन, बांग्लादेशी घुसपैठी, लैंड जिहाद, लव जिहाद,बगैर पैसे दिए कोई काम नहीं, 5 लाख नौकरी देने का झूठा वादा आदि बातों को बताया, वही भाजपा के सरकार बनने पर स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, कृषि, पर्यावरण, पर्यटन, खेलकूद, संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, महिला सुरक्षा आदि विकास के कार्य होंगे, वहीं डबल इंजन की सरकार बनने पर खूंटी समेत पूरा झारखंड का सर्वांगीण विकास होगा। भाजपाइयों ने खूंटी के कर्रा प्रखंड भाजपा कार्यालय में बिलासपुर के पूर्व सांसद राम लखन साहू तथा अन्य स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ रणनीति भी बनाई।

## जिले भर में छठ वर्तियो ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्ध, छठ घाटों में उमड़ी जन सैलाब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में छठ महापर्व की धूम देखी जा रही है हर ओर छठ पूजा को लेकर आकर्षण सजावट के साथ साथ छठ पूजा के गीत गूंज रहे है।वही गुरुवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया जिसके लिए छठ घाटों पर पूजा पाठ के लिए विशेष ध्यान रखते हुए कई तरह के आकर्षक सजावट की गई थी।जैसे की हम सब जानते है की छठ पूजा में ठेकुआ, सेव, संतरे, गन्ना, डंभा, नारियल, फूल फल इत्यादि का बड़ा ही महत्व माना गया है। बताते चलें कि गुरुवार को कोयल नदी, शंख नदी, ठकुराइन तालाब, बड़ा तालाब, सीठियो कोयल नदी इत्यादि घाटों पर श्रद्धालु भीड़ छठ घाटों पर उमड़ पड़ी।वही पुनः शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ का समापन हुआ। वही शुक्रवार को उगते सूर्य की उपासना के बाद छठव्रतियों ने पारण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ें। इस दौरान लोहरदगा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पर्व को ले श्रध्दालुओं में उत्साह देखने को मिला।शहरी घाटों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों में लोगों ने अर्घ्य दिया। वहीं शहर के घरो मे बनाये गये क्रितिम तालाब मे छठी मैया की अराधना की व अर्घ्य दिया।इस दौरान छठी मैया के गीत गूंजते रहे। मौके पर श्रद्धालुओं और महिला छठ व्रतियों ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर उनके सदा सुहागन होने की कामना की। वहीं शहर के अलावे पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहे।

## नेहा महतो एवं नीरू शांति भगत ने मुस्लिम बहुल क्षेत्र का किया दौरा, मिला समर्थन : मौलाना अशरफी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने बताया कि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो और स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी भावी विधायक नीरू शांति भगत की अगुवाई में ग्राम नारी नवाडीह के धुर्वा मोड से नीचे नारी तक पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान खासकर मुस्लिम महिलाओं से मिलते हुए दोनों नेत्री समाज के सभी वर्गों का दिल जीत रहीं थीं और इस मौके पर कदम से कदम मिलाकर भाजपा आजसू तथा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता आने वाला चुनाव 13 नवंबर को केला छाप पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया गया। दोनों नेत्री श्रीमती नेहा



महतो एवं भावी विधायक नीरू शांति भगत से मुस्लिम समाज के लोग दिल से रूबरू हो रहे थे समाज के सभी वर्गों का दिल जीत रहे थे भाजपा आजसू के नेता कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे और कमल किशोर अमर रहे के नारों से क्षेत्र गूंज रहा था मुस्लिम बहुल क्षेत्र के एलावे पहाड़ी क्षेत्रों जैसे पाखर का भी एनडीए उम्मीदवार के हक में भ्रमण किया गया। मौके पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जिया उल हक अशरफी, आजसू नेता राजू गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार मुंडा, आजसू अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, युसूफ अंसारी, भाजपा अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष टीपू खान इत्यादि उपस्थित थे।

## लोहरदगा पतरा टोली स्थित स्थानीय शंख नदी तट पर छठ महापर्व संपन्न



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री शुभकामना छठ पूजा समिति के तत्वाधान में छठ महापर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। संध्या अर्ध के समय तथा प्रात अरघ के समय हजारों श्रद्धालु एवं छठवर्ती उपस्थित हुए। समिति की ओर से विद्युत की व्यवस्था रोड साफ सफाई की व्यवस्था तथा नदी के बीचो-बीच डैम का रूप बनाने हेतु चार दिन से समिति के पदाधिकारी लगे हुए थे। समिति का प्रत्येक वर्ष यह प्रयास रहता है कि छठवर्तियों एवं दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार के कोई दिक्कत नहीं होना चाहिए। अब लोग शहर से गांव की ओर नदी पर ही विश्वास करते हैं। छठ जैसे महान पर्व को बहता हुआ पानी में ही अर्घ देने की परंपरा है। जिसे सकार करने के लिए समिति के सभी लोग तन मन धन से लगे रहते हैं। समिति के लोगों ने बताया की नदी को बांधने हेतु जेसीबी मशीन का सहारा लिया गया। उपरोक्त जेसीबी की व्यवस्था अमरनाथ जी तथा लोहरदगा के नगर परिषद के द्वारा की गई। समिति ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया तथा पुनः अगले वर्ष इससे भी अच्छा व्यवस्था देने हेतु अभी से ही निर्णय लिया गया। उपरोक्त सभी कार्यक्रम में श्री शुभकामना छठ पूजा समिति के अध्यक्ष कुंदन साहू, सचिव राहुल साहू, कोषाध्यक्ष सोहन साहू, अभिषेक साहू, लाल नितेश नाथ शाहदेव, विशाल ठाकुर, रणधीर साहू उपस्थित रहे। तथा संरक्षक मंडली के विनोद सिंह, सुरेश ठाकुर, कमला देवी, उदय दत्ता, मनोज गुप्ता उर्फ मन्ना, अरविंद यादव, कुमार सुमन साहू, प्रभात भगत,राजेश कुमार साहू, परनीत सहदेव, अजय कुमार माधुर, लाल नवल सहदेव, ओकार सहदेव, गोपाल सिंह, प्रभु गुप्ता, दिलीप सिंह, सुनील छतरी, दिनेश प्रसाद, अनुज कुमार सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने छठवृत्तियों एवं दर्शनार्थियों का तथा साथ ही सभी प्रकार के दानदाताओं का तथा लोहरदगा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### सहारा का एक एक पाई पैसा वापस दिलवाएंगे : हिमंत बिस्वा सरमा

## केंद्र का सारा पैसा धीरज साहू और आलमगीर आलम खा गए : हिमंत बिस्वा सरमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रदेश के चुनाव सह प्रभारी हिमन्ता बिश्वशरमा आज सिमडेगा जिला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा एवं सुजान जोजो के पक्ष में जनसभा कर एकर्ताएं एवं जनता में जोश भरा एवं जीत की हुंकार भरी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा घुसपैठियों के मामले पर हेमंत सोरेन बोलते हैं कि झारखंड में घुसपैठियों नहीं है पता नहीं मुख्यमंत्री कौन सा चश्मा पहनते हैं उन्हें अपना चश्मा बदलना चाहिए संथाल परगना में कुल आबादी का 90त्न आदिवासी हिंदू थे अभी उनकी संख्या कम हो गई है घुसपैठ के जमीन पर कब्जा कर रहे हैं घुसपैठियों पर हाईकोर्ट ने भी चिंता जाहिर की है और सरकार को संज्ञान लेने को कहा है हेमंत सोरेन को आदिवासी का वोट बैंक नहीं चाहिए उन्हें सिर्फ घुसपैठियों के का वोट चाहिए, उन्हें झारखंड के आदिवासी और हिंदू से प्यार नहीं है उन्हें सिर्फ इरफान अंसारी और आलमगीर आलम जैसे लोगों से प्यार है झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकलेंगे हेमंत सोरेन ने गुरु जी का कसम खाकर युवाओं को नौकरी देने की बात कही थी ना तो युवाओं को नौकरी मिली ना उन्हें भत्ता मिला ना तो महिलाओं को चूल्हा खर्च मिला।

# उदीयमान सूर्य के अर्घ के साथ 4 दिनो तक चलने वाले छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

### बाट-से पुछेला बटौहिया, बहन्गी केकर जाये, बह्गी छठ मईया के जाये, गीत की धुन से भक्तिमय हुआ माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 07 नवंबर गुरुवार को भगवान भास्कर एवं छठी मईया की अस्ताचल गामी अर्घ्य, एवं 08 नवंबर शुक्रवार को सूर्य की उदीयमान अर्घ्य के साथ प्रखंड क्षेत्र में छठ त्योहार पर चहूँ और भक्तिमय हो गया है वातावरण। लोक आस्था के महान पर्व छठ पुजा पर प्रखंड क्षेत्र के हनहट, सढ़ाबे, कैरो, गुड़ि, गजनी एवं नरौली के गाँवो में लोकगीत व छठ गीत के प्रसिद्ध गायिका दिवंगत शारदा सिन्हा के द्वारा गायी गई छठ गीत प्रखंड के ग्राम क्षेत्रों में गूँजायमान रहा। त्योहार के इस अवसर पर ब्रतियों ने प्रखंड के विभिन्न जलाशयों नदी, तालाब, डोभा इत्यादि स्थानों मे ब्रतियों ने भगवान भास्कर की



अस्तांचलगामी एवं उदीयमान अर्ग्य प्रदान कर सूर्य देवता से अपने क्षेत्र एवं मानव जीवन की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना किया। मौके पर कैरो थाना प्रभारी के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न छठ-घाटों में सुरक्षा के निमित थाना सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई थी। थाना प्रभारी सपरिवार खुट्टा तालाब पर ब्रतियो के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान कर थाना क्षेत्र में सुख,शांति समृद्धि की कामना भगवान भास्कर से की, थाना प्रभारी नीरज झा एवं कैरो थाना सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार गुप्ता एवं थाना परिवार के तरफ से कैरो खुट्टा तालाब पर छठ ब्रत करने वाले सभी ब्रतियों के सुप मे फल वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रविपदा0 सूश्री छन्दा भट्टाचार्य, सीओ एस0 उराँव, मुखिया वीरेंद्र महली, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, सुरज मोहन साहू, छठ पुजा समिति अध्यक्ष कृष्णा साहू, आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी, उप-मुखिया रवि प्रजापति, बजरंग उराँव, परमेश्वर भगत, विशेश्वर प्रसाद दीन, विवेक प्रजापति, नजीर आलम खान, इत्यादि गणमान्य छठ घाट पर उपस्थित थे।

## 70 सालों तक देश में कांग्रेस ने राज किया, पर आदिवासियों का सरना धर्म कोड कभी लागू नहीं किया : जहांगीर आलम

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरना धर्म कोड लागू करेंगे जब 70 सालों तक देश में कांग्रेस राज किया पर आदिवासियों का सरना धर्म कोड कभी लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का शोषण एनडीए सरकार कर रही है। उनको वनवासी बुलाती है। जबकि आदिवासियों का शोषण आज तक कांग्रेस करते आई है । आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों को अपना वोट बैंक समझती है। अगर आदिवासियों की कांग्रेस इतनी ही शुभचिंतक होती तो, इतने संघर्ष करने की आवश्यकता नहीं होती। झारखंड राज्य कब की अलग हो जाती। लेकिन बीजेपी के सत्ता में आने के बाद स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंड के आदिवासी और मूल वासियों के दर्द को समझा और झारखंड राज्य अलग दिया। अगर यह आदिवासियों की हितैषी होते तो आदिवासी मंत्रालय बनाते। लेकिन 70 सालों में इन्होंने सिर्फ आदिवासियों को ठगने का काम किया आदिवासी मंत्रालय भी माननीय अटल बिहारी वाजपेई ने ही बनाया ।अगर यह सच्चे आदिवासियों के हितैषी होते तो आदिवासियों को बड़े पदों में देखना पसंद करते लेकिन आज तक किसी आदिवासी को अपने आसपास भी,बराबर के दर्जे तक नहीं आने दिया। बीजेपी की सरकार आई तो देश की पहली आदिवासी महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को बनाया। जो लोग आदिवासियों को सिर्फ ठगने का काम किया आज वह आदिवासियों की हित की बात करते हैं। यह हास्यास्पद है। इन्हें अगर थोड़ी सी भी आदिवासियों के हितों का ख्याल होता तो अपने 5 साल के कार्यकाल में आदिवासियों के लिए कुछ करते। आज राहुल गांधी हेमंत सरकार की एक भी उपलब्धि नहीं गिना पाए। अपनी घिसी पिटी और पुरानी रिकॉर्डिंग ही सुना कर लोहरदगा की जनता को गए ।इनके पास कहने को कुछ था ही नहीं।

## आजसू जन जन की आवाज बनकर पांच वर्ष तक कार्य करेगी : कंवलजीत सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज लोहरदगा प्रखंड के विभिन्न पंचायतो एवं गांवों में आजसू पार्टी लोहरदगा के जिला मुख्य संयोजक सह लोहरदगा प्रखंड प्रभारी कंवलजीत सिंह के नेतृत्व में आजसू पार्टी एवं एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत के पक्ष में वोट की अपील की गई। इस दौरान कंवलजीत सिंह ने कहा कि लोहरदगा जिला को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बाईपास सड़क की सख्त आवश्यकता है। केंद्र इसके लिए राशि आवंटित कर चुकी है। परंतु राज्य सरकार और स्थानीय विधायक जमीन अधिग्रहण भी नहीं कर पाए। बाईपास उनकी विफलता की निशानी है। नहीं तो आज तक लोहरदगा को बाईपास मिल गई होती ।इन अधूरे कार्यो को हम आते के साथ पूरा करेंगे। हम लोहरदगा में बड़े और आधुनिक अस्पताल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे जिससे लोहरदगा के लोगो को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके ।यहां की बिडंबना है की एक सदर अस्पताल है जो रेफरल अस्पताल बन कर रह गया है। उससे जनता को मुक्ति मिले और अच्छी




चिकित्सा सुविधा मिल पाए ये हम करके दिखलाएंगे। लोहरदगा में एक अच्छे महाविद्यालय की अति आवश्यकता है। जो हम पूरा करेंगे तथा बॉक्साइट आधारित कारखाना हम यहां स्थापित करवाएंगे जिससे बेरोजगारी और पलायन की समस्या को दूर किया जा सके ।आज के लोहरदगा प्रखंड के विभिन्न पंचायतो के भ्रमण में तीन टीम विभिन्न पंचायतो का दौरा किया ।एक टीम का नेतृत्व कवलजीत सिंह कर रहे थे। दूसरे का प्रखंड सचिव आनंदराम इस भ्रमण के दौरान आनंद राम ने कहा की लोहरदगा की जनता इस सरकार और इस विधायक से ऊब चुकी है ,अब परिवर्तन निश्चित है। एनडीए प्रत्याशी ने नीरू शांति भगत भारी मतों से जीतेंगी और लोहरदगा की व्यवस्था परिवर्तन करेगी ।गांव से जो पलायन हो रहा है। वह बंद होगा रोजगार की व्यवस्था लोहरदगा में ही की जाएगी और आदिवासियों का शोषण बंद होगा। सनाउल्लाह अंसारी ने कहा की लोहरदगा में आज तक जो भी विधायक हुए वह सिर्फ अपने जेब भरे एक स्वर्गीय कमल किशोर भगत ही ऐसे थे जो विकास के बारे में सोचते थे।और उसके लिए पहल भी किये थे। उनका सोच सभी समुदाय के विकास के लिए था। वह लोहरदगा का समुचित विकास करना चाहते थे। उनके कार्यकाल में चौड़ी सड़कों का जाल बिछा। वह लोहरदगा के सच्चे सपूत थे वह चाहते थे लोहरदगा विकास की ओर अग्रसर हो।इसी पथ पर नीरू शांति भगत भी आगे बढ़ना चाहती है। इसलिए लोहरदगा की जनता इस बार नीरू शांति भगत को जीताकर भारी बहुमत से विधानसभा भेजेगी। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव आनंद राम, प्रखंड सचिव सनाउल्लाह अंसारी, रामचंद्र उरांव, बसंत उरांव, शिवदयाल उरांव, बंधु राम, प्रसाद उरांव, संदीप टोप्पो, राजकिशोर उरांव, प्रमोद कुजूर, राजेश मुंडा, हरिनाथ साहू, हिमांशु साहू, परमानंद साहू, लाल कुमार साहू, नरेंद्र दसोंधी, धरमू उरांव, उज्जवल उरांव, लक्ष्मण उरांव, विनय उरांव, अंगद महतो, किशोर साहू, हेमंती देवी, मालती टोप्पो आदि मुख्य रूप से नीरू शांति भगत के लिए बुथ कमेटी बनाते हुए वोट मांगे। आज पंचायत भ्रमण में बाघा पंचायत के नदी नगडा बाघा। हरमू पंचायत के नदिया रघु टोली हरमू। निगनी पंचायत के बमनडीहा कुम्बाटोली निगनी जोरी पंचायत के जोरी सहैदा ओयना आदि गांव में बूथ कमेटी बनाते हुए नीरू शांति भगत के पक्ष में वोट करने की अपील की गई।

### हिन्दुस्तान आदिवासियों का है, जल, जंगल, जमीन का पहला अधिकार आदिवासियों को मिले : राहुल गांधी

# गांधी मैदान में हुआ महागठबंधन का चुनावी सभा, भाजपा पर जमकर बरसे प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा गांधी मैदान में महागठबंधन का चुनावी सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद सह प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी उपस्थित थे। उन्होंने सभा के माध्यम से जमकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि आज देश मे दो विचारधारा के बीच लड़ाई चल रही है। एक तरफ इंडिया गठबंधन दूसरे तरफ बीजेपी और आरएसएस के लोग खड़े हैं। इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा कर रहे हैं और भाजपा के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि समाज मे सम्मानता हो, एकता और भाईचारा हो। देश को संविधान के माध्यम से चलाया जाय। जन नायक बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ाई लड़े थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिरसा



मुंडा, भीम राव अंबेडकर, महात्मा गांधी जी की सोंच को खत्म करना चाहते हैं। भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है। पर हम आदिवासी कहते हैं। अंग्रेज भी आदिवासियों को वनवासी कहते थे। संविधान बनाने वाले ने आदिवासी शब्द का इस्तेमाल किया। संविधान बनाने वालों के अनुसार जल, जंगल, जमीन आदिवासियों की है। आज भाजपा के लोग आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन चाहते हैं, इसलिए वनवासी कहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी देश के पहले मालिक और निवासी थे। हिंदुस्तान के पहले मालिक आदिवासी है। जल, जंगल, जमीन का पहला अधिकार आदिवासियों को मिलना चाहिए। भाजपा के वनवासी के मतलब आदिवासी सिर्फ जंगल मे रहती है। भाजपा के अनुसार आदिवासियों का जल, जंगल, जमीन पर अधिकार नहीं है। भाजपा चाहती है आदिवासी के बच्चे न पढ़े। डॉक्टर, इंजीनियर न बने। राहुल गांधी ने कहा की आदिवासियों को वनवासी कहना आदिवासियों के साथ अपमान है। उन्होंने कहा किपीएम मोदी द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहने के पीछे उनका सोंच है कि जल, जंगल, जमीन आदिवासियों का नहीं है। इसलिए भाजपा के लोग जहां भी जाते हैं आदिवासियों का सब छीन लेते हैं। भाजपा के विकास का मतलब आदिवासियों की जल जंगल जमीन छीन लेना है। इंडिया गठबंधन का सोंच है कि आदिवासियों के जमीन में फैक्ट्री लगी तो, उसमें आपके बच्चे को रोजगार मिले। इसलिए हम आदिवासियों के बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं। देश मे 8 प्रतिशत आदिवासी है। राहुल गांधी ने कहा कि हर साल आम जनता के जेब से जीएसटी निकल रहा है। जनता टैक्स भरते हैं। जो सरकार के खजाने में जाता है। लेकिन आज अडानी भी उतनी ही जीएसटी दे रहा है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत लोगों के पास देश को चलाने की भागदारी नहीं है। बड़े अस्पताल, उद्योग आदि का मालिक आदिवासी, पिछड़े और दलित वर्ग का देश मे एक भी नहीं है। हमारी सोंच है कि देश को 90 प्रतिशत लोग चलाये। लेकिन भाजपा चाहती है इस देश को गिने चुने लोग चलाये।

## चलते चलते एक नजर

### अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा बरकरार : तनवीर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के सर्वोच्च न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा बरकरार रखते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक समुदाय को अपने शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और प्रबंधित करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। इस फैसले से मुस्लिम समुदाय को राहत मिली है, जो लंबे समय से इस अधिकार के लिए लड़ाई लड़ रहा था। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने इस महत्वपूर्ण फैसले में कहा, संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यकों को अपने शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने का अधिकार दिया गया है, और इसी के आधार पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्त्ता व फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद इस फैसले के बाद कहा की संस्थान के ऐतिहासिक महत्व को न्यायालय की मान्यता मिली है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को 1920 में विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। न्यायालय ने यह भी माना कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का इतिहास और योगदान न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक सुधारों में भी महत्वपूर्ण रहा है।

### पीएम के रांची आगमन के मद्देनजर नगर आयुक्त ने किया बैठक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रांची आगमन प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर नगर आयुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में निगम के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उनके द्वारा शहर की साफ़-सफाई एवं सुरक्षा की दृष्टिकोण से निम्न दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा स्वच्छता शाखा की टीम को पूरे निर्धारित रूट यथा ओटीसी ग्राउंड, पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट चौक तक विशेष सफ़ाई अभियान चलाने तथा 24 घंटों के भीतर पूरे रूट पर पूर्ण सफ़ाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उक्त रूट में ड्रेन क्लीनिंग तथा सड़क के दोनों ओर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के साथ-साथ निर्धारित रूट में पानी का छिड़काव करवाने का निर्देश दिया गया।उनके द्वारा अभियंत्रण शाखा को खुले नालियों का आकलन करते हुए उन्हें ढकने का निर्देश दिया गया। साथ ही नगर निवेशक शाखा के पदाधिकारियों को रूट के जर्जर भवनों को चिन्हित करते हुए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बाज़ार शाखा के पदाधिकारियों को सभी असुरक्षित होर्डिंग्स को चिन्हित करते हुए उन्हें हटवाने का निर्देश दिया गया।इनफोर्समेंट शाखा के पदाधिकारियों को नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा इत्यादि को हटवाने तथा सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालो पर कार्रवाई करने के साथ-साथ पथों पर निर्माण सामग्रियों को हटवाने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा विद्युत शाखा के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी पथ बत्ती ठीक प्रकार से कार्य करे, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा सड़क से लगे वृक्षों की सही प्रकार से ट्रिमिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर प्रशासक फिलवियुस बारला, अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, सभी सहायक प्रशासक, सभी नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत होगा तटीय 100 गांवों का विकास

# हर गांव को मिलेंगे 2 करोड़ रूपये



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** मत्स्य पालन विभाग, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)- केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई), कोच्चि (केरल) में मत्स्य पालन और जलीय कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग और प्रदर्शन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मत्स्य पालन विभाग और अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री जार्ज कुरियन के साथ-साथ कई गण्यमान्य व्यक्तियों, वैज्ञानिकों, राज्य के मत्स्य अधिकारियों, मछुआरों और मछुआरिनों की सहभागिता रही।
उद्घाटन सत्र में जॉर्ज कुरियन ने मत्स्य पालन विभाग द्वारा की गई पहलों और पिछले दशक में रणनीतिक निवेश और प्रगतिशील नीतियों द्वारा प्रेरित भारत के मत्स्य पालन क्षेत्र की उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 100 जलवायु-लचीले तटीय मछुआरों के गांवों के विकास की घोषणा की, जिसमें बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के लिए प्रति गांव 2 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इस पहल का उद्देश्य मछली सुखाने के यार्ड, प्रसंस्करण केंद्र और आपातकालीन बचाव सुविधाओं जैसी सुविधाएं प्रदान करके जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लचीलापन में सुधार करना है, साथ ही समुद्री शैवाल की खेती और हरित ईंधन पहल जैसी जलवायु-लचीली प्रथाओं का समर्थन करना है। मंत्री ने विशेष रूप से आपदाओं के दौरान जलीय कृषि फार्मों और मत्स्य पालन बुनियादी ढांचे की निगरानी में ड्रोन प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला और 364 करोड़ रुपये के निवेश से वास्तविक समय की ट्रैकिंग, मौसम की चेतावनी और संचार के लिए एक लाख मछली पकड़ने वाले जहाजों को ट्रांसपोंडर से लैस करने की योजना का खुलासा किया।
संयुक्त सचिव (समुद्री) नीतू कुमारी प्रसाद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभों पर प्रकाश डाला और मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए मत्स्य विभाग की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### राहुल गांधी का रांची एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए शुक्रवार झारखंड के रांची एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां से वह हेलीकॉप्टर से सिमडेगा के लिए रवाना हो गए। वे सिमडेगा के महागठबंधन के प्रत्याशी भूषण बाड़ा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी का लोहरदगा में भी कार्यक्रम तय है। यहां वह मौजूदा वित्त मंत्री और उम्मीदवार रामेश्वर उरांव के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। फिर शनिवार को जमशेदपुर में वे कोल्हान के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो करेंगे। इसके अलावा वह धनबाद में भी एक चुनावी रैली को भी संबोधित करेंगे।

## जमाअत इस्लामी हिन्द ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्विद्यालय पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सादतउल्ला हुसैनी ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक चरित्र को बनाए रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया है। जमाअत का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय दिया है, जो विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक चरित्र को संरक्षित करने के लिए बाध्य है। हमारे देश के संविधान में में सभी धार्मिक, भाषाई और सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण का अधिकार दिया गया है। सैयद सादतउल्ला हुसैनी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि सरकारें और स्थानीय अधिकारी यह समझते हैं कि अल्पसंख्यक, विशेष रूप से मुस्लिम देश का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। शिक्षा, आजीविका, सुरक्षा के मामले में उनके मूल अधिकारों को संरक्षित किया जाना चाहिए। इस देश के नवनिर्माण और विकास में मुसलमानों ने लगातार अपना योगदान दिया है। उनके जरिए स्थापित शिक्षण संस्थान में जाति या धर्म के भेदभाव के बिना छात्रों की सेवा करते हैं। मुसलमानों के प्रति सरकार को अपने दृष्टिकोण को बदलना चाहिए, ताकि अल्पसंख्यकों को हमेशा अपने मुद्दों को हल करने के लिए अदालतों से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं पड़े। सरकार को अपने विकास में अल्पसंख्यकों को सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए पर्याप्त संवेदनशील होना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े। उनके संस्थानों की रक्षा करने, सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए उपायों में शामिल किया जाना चाहिए।

## भाजपा और आजसू पहले तय करे जीतने पर सरकार किसकी बनेगी : सुप्रियो भट्टाचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आजसू के घोषणा पत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली बार जो गांव की सरकार बना रहे थे। वह रोजगार की सरकार बनायेंगे। ये चुनाव तो दस सीट पर लड़ रहे है, और घोषणा पत्र में 30 गारंटी दे रहे है। सुनने में आ रहा है कि 10 में से 9 के मंत्रालय भी बांट दिये गये है। भट्टाचार्य ने कहा कि जहां उनका मुख्य दल भाजपा बोलता है कि स्थानीय नीति 1985 होगा। आजसू बोलता है कि सर्वे सेटलमेंट के स्थानीय नीति लागू होगा। आजसू झामुमो की नकल कर बोलता है कि गोगो दीदी में 2500 रुपये देंगे। भाजपा बोलती है कि 2100 रुपये देंगे। भाजपा बोलती है कि हम पेशा कानून नहीं मानते है। आजसू बोलता है कि पेशा कानून को सख्ती से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि आपस में ही तय कर लो ना। सरकार भाजपा की बनेगी कि आजसू की बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए का अलग संकल्प पत्र है और आजसू का अलग। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू को पहले तय कर लेना चाहिए, जीतने पर सरकार किसकी बनेगी। भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि अब तक लोजपा सामने नहीं आया है, जो एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। उसके घोषणा पत्र ही एनडीए का घोषणा पत्र होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी बोल रहे है, कि एनडीए की सरकार बनेगी। दूसरी ओर आजसू बोल रही है हमारी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन में मुख्यमंत्री बनने के लिए लाइन लगी हुई है। इनमें से एक तो बाबूलाल मरांडी ही हैं।

### त्रिपाठी के दहाड़ से गूंज रहा है डाल्टनगंज-चैनपुर-भंडारिया क्षेत्र

# खूशहाल और विकसित पलामू के लिए योग्य उम्मीदवार का चयन करें : केएन त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के पनेरीबांध चौक, झरिवा, बन्दुआ, काराकाट, बुढिवीर के सभी टोला, खरकटी, जयनगरा तथा रामगढ़ प्रखंड के पिण्डरा, नावां, बाघाटांड़, चोरहट, खैराही, बांसडीह खुर्द, चुनेगा बांसडीह, उतेड़, कोकाडू, आरागाडा, बानालात आदि गांवों का सघन दौरा करते हुए मतदाताओं को जाति-धर्म से उपर उठकर योग्य उम्मीदवार का चयन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग्य विधायक ही पलामू को खुशहाल और विकसित बना सकता है। श्री त्रिपाठी ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए बताया कि पिछले एक दशक से वर्तमान विधायक की निष्क्रियता की वजह से पलामू विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। उन्होंने पलामू के पिछड़ेपन पर दर्द व्यक्त करते हुए कहा झारखंड बने 24 साल हो गए लेकिन आज भी पलामू अकाल से ग्रस्त है। शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार तथा नौकरी के लिए आज भी पलामू के लोग पलायन के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं होता है। जनता की बदहाली का कारण जनता द्वारा लिए हुए गलत निर्णय होते हैं। इसलिए आप सभी देव तुल्य माताएं, बहनें, भाई बंधु बहकावे में न आएं और एक कर्मठ, योग्य एवं जुझारू जो आपके सुख दुख में साथ दे जो शिक्षा स्वास्थ्य चिकित्सा की बेहतर सेवा की बात करता हो इस लड़ाई को लड़कर अपने क्षेत्र में यह सुविधाएं क्षेत्र वासियों को दिला सके ऐसा विधायक चुनें। चुनाव प्रचार के दौरान के एन त्रिपाठी ने छितरा पहुंचकर फूटबॉल मैच का समापन किया और खिलाड़ियों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अगर उन्होंने उन्हें मौका दिया तो खेल के क्षेत्र में पलामू को अग्रणी जिला बनायेंगे। बैरिया देवी मंदिर, हाउसिंग कॉलोनी मंदिर, आबादगंज, भट्ठी मुहल्ला तथा कुण्ड मुहल्ला में मतदाताओं से संपर्क करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि कोयल नदी पर बांध बनाकर डाल्टनगंज शहर में पेयजल की व्यवस्था तथा खासमहाल की जमीन को मालिकाना हक दिलाने के लिए वे कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी तेरह तारीख को क्रम संख्या तीन हाथ छाप पर मुहर लगाएं और मुझे आशीर्वाद देकर मजबूती के साथ विधान सभा में भेजने का कार्य कीजिए। मैं के एन त्रिपाठी निष्ठा पूर्वक जाति- धर्म से ऊपर उठकर आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरुंगा।

### रेखापल्ली-कोमटपल्ली जंगल में मुठभेड़, दो वर्दीधारी नक्सली ढेर

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के रेखापल्ली-कोमटपल्ली के जंगल में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया है। सुरक्षाबलों ने सर्चिंग के बाद दोनों वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। जवानों ने इनके पास से एक एसएलआर राइफल व अन्य हथियार सहित अन्य एम्युनेशन भी बरामद किये हैं। मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। मुठभेड़ में मारे गये दोनों नक्सलियों की शिनाख्तगी करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस के अनुसार उसूर-बासागुड़ा-पामेड़ इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों को संयुक्त अभियान पर रवाना किया गया।

# रातू रोड में पीएम मोदी का होगा ऐतिहासिक स्वागत : संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 10 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रातू रोड में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो करेंगे। इस रोड शो के कार्यक्रम की जानकारी को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत की। बातचीत में रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विशेष स्नेह झारखंड को हमेशा से मिलता रहा है। योजनाओं की सौगात के माध्यम से और झारखंड में विभिन्न अवसरों पर खुद आकर प्रधानमंत्री ने हमेशा स्नेह दिया है। अभी विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रधानमंत्री 10 नवंबर रविवार को रांची में भव्य रोड शो करेंगे। शाम 4:00 बजे से यह रोड शो ओटीसी ग्राउंड से शुरू होगा और पिस्का मोड़, मेट्रो गली, दुर्गा मंदिर होते हुए न्यू मार्केट, रातू रोड चौक पर समाप्त होगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में रांची के आसपास के क्षेत्र से 20 हजार से अधिक बाइक सवार रांची आएंगे। रांची से बाहर से आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेहल, पंडरा और आईटीआई के समीप की गई है। इसके अतिरिक्त पारंपरिक छऊ नृत्य के माध्यम से कलाकार प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। 501 ब्राह्मण शंख घड़ियाल बजाकर प्रधानमंत्री के विजय संकल्प को अपना आशीर्वाद देंगे। वहीं अलग-अलग स्थान पर, विभिन्न मंचों के माध्यम से प्रधानमंत्री का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। सिख समाज भी पीएम के अभूतपूर्व स्वागत को तैयार है। पूर्व में भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का स्वागत रांची की जनता ने ऐतिहासिक रूप से किया है। एक बार फिर रांची की जनता और भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के स्वागत को लेकर उत्सुक और उत्साहित हैं।

## केंद्रीय सरना समिति का मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शमिल हुए कृषि मंत्री शिवराज चौहान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय सरना समिति ने शुक्रवार को हातमा में मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा और मुख्य पहान जगलाल पहान के नेतृत्व में आयोजन हुआ, मंच संचालन संदीप उरांव ने किया। आदिवासी पारंपरिक तरीके से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। मुख्य पहान जगलाल ने सरना स्थल में पूजा अर्चना करायी। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष बबलु मुंडा ने कहा कि झारखंड अलग प्रदेश बने 24 वर्ष हो गये। लेकिन आदिवासियों की झारखंड में स्थिति आज भी नहीं सुधरी है। वर्तमान सरकार ने पांच वर्षो में आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का लगातार धर्मांतरण हो रहा है, आदिवासी महिलाएं सुरक्षित नहीं है। आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। इस दौरान केन्द्रीय सरना समिति ने आदिवासी हित में 9 सूत्री मांग पत्र केंद्रीय कृषि मंत्री को सौंपा।

**ये है नौ सूत्री मांग पत्र**

- ➲झारखंड के आदिवासियों के धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों जैसे देवी स्थल, बूढ़ा महादेव, सरना, मसना,हड़गड़ी, अखरा,गांव देवती, द्ररह देशवाली, डालीकतारी, पाहनाई, गयाडाड़, जतरा स्थलों को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराकर आदिवासी समाज को सौंपा जाये।
- ➲अपने धार्मिक रीति रिवाज को छोड़ चुके आदिवासी समाज के वैसे लोगों को आदिवासी आरक्षण एवं सामाजिक लाभ से वंचित किया जाये।
- ➲आदिवासी महिलाएं गैर आदिवासी से विवाह करने पर वैसी महिलाओं को कानून बनाकर आदिवासी आरक्षण से वंचित किया जाये।
- ➲गैर आदिवासियों द्वारा आदिवासी समाज के लोगों का धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। कानून बनाकर उस पर रोक लगायी जाये।
- ➲झारखंड में आदिवासियों के हित के लिए पांचवी अनुसूची के आधार पर पेशा कानून लागू किया जाये।
- ➲झारखंड प्रदेश के आदिवासियों और मूल वासियो के हित में स्थानीय नीति विस्थापन नीति एवं नियोजन नीति बने।
- ➲सीएनटी और एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू किया जाये।
- ➲आदिवासियों एवं मूलवासियों की अंचल संपत्ति पर बैंकों द्वारा होम ऋण (होम-लोन) शिक्षा ऋण एवं व्यक्तिगत ऋण देने की कानून बनाया जाये।

### उपराष्ट्रपति 14 नवम्बर को पुष्कर में राष्ट्रीय जाट महाधिवेशन में मुख्य अतिथि होंगे

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 14 नवंबर को पुष्कर, अजमेर में आयोजित कार्तिक मेले में 105वें राष्ट्रीय जाट महाधिवेशन में मुख्य अतिथि होंगे। महाधिवेशन की आयोजक संस्था अखिल भारतीय जाट विश्राम स्थली पुष्कर एवं श्री जाट मंदिर समिति ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अजमेर से बेहद पुराना सम्बन्ध है। 1993 -1994 के दौरान जगदीप धनखड़ किशनगढ़ से विधायक भी रह चुके हैं। विज्ञप्ति के अनुसार सितंबर महीने में अखिल भारतीय जाट विश्राम स्थली पुष्कर एवं श्री जाट मंदिर समिति की कार्यकारिणी की बैठक संस्था अध्यक्ष हरसुखराम पूणिआ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई थी, जिसमें सर्वसम्मति से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को मुख्य अतिथि बनाये जाने का निर्णय लिया गया।

# मंत्री मिथिलेश को लगातार मिल रहा है जनता का समर्थन

*** दूसरे दलों को छोड़ कर दो हजार से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री, गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को लगातार जनता का समर्थन मिल रहा है। प्रतिदिन विभिन्न दलों को छोड़कर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में दो हजार से अधिक लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। कई लोगों ने मंत्री के आवास पर पहुंचकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान भी काफी संख्या में लोगों ने झामुमो का दामन थामा। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए झामुमो में शामिल किया। सभी ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से एआईएमआईएम को छोड़कर ग्राम छपरदागा से जसमुदीन अंसारी, नौशाद आलम, जेयारत अंसारी, फखरुद्दीनअंसारी, श्याम कुमार किशोर, दिलशाद अंसारी, गढ़वा शहरी क्षेत्र से आजाद अंसारी का नेतृत्व में एआइएमआइएम छोड़कर रफीक अंसारी, राज अंसारी, मो. लड्डू, सिराज आलम, मनीष कुमार, सुनील कुमार, टुन्नू पंडित, सुशील कुमार, गुड्डू राम, ऐनुल हक, विकास राम, मेराल प्रखंड के ग्राम रेजो से तुलसी कृत रामचरित मानस मंडली से अतुल पांडेय, सनू पांडेय, श्याम पांडेय, राहुल मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, बाबूराम पंडित, अमरेंद्र पंडित, उपेंद्र पंडित, सत्येंद्र मिश्रा, निरहू पंडित, उदित विश्वकर्मा, पीयूष मिश्रा, हूर मध्या से दीनानाथ चौबे, मनोज प्रजापति, गढ़वा प्रखंड के महुलिया, लोटो, पचपड़वा, नवादा, रंका प्रखंड के मानपुर, मेराल प्रखंड के हासनदाग, गेरुआ आदि गांवों के दो हज़ार से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो ही माटी की पार्टी है। इसी पार्टी से राज्य एवं राज्य की जनता का भला हो सकता है। बाकी दूसरे दलों के लोग लोगों ने अब तक सिर्फ राज्य को सिर्फ लूटने का ही काम किया है।
उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जब आम आवाम व महिलाओं के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने लगी तब भाजपाइयों के पेट में दर्द होने लगा। जनता अब भाजपा की करतूतों को अच्छी तरह से समझ चुकी है। आगामी विधानसभा चुनाव में अपना हक़ लूटने वालों को सबक सिखाने के लिए तैयार है।